सूर्योदय 6:17 सूर्यास्त 6:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.5 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,207.17 |
| निफ्टी | 24,894.25 |

सोना 1,16,866 चांदी 1,42,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 4 अक्तूबर 2025 | 19 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 277, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### आज से कुछ घंटों में क्लियर होगा बैंक चेक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया चेक क्लियरेंस सिस्टम में 4 अक्तूबर से बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत चेक का अमाउंट जमा करने के बाद कुछ ही घंटों में प्रोसेस होकर खाते में आ जाएगा। यह नया सिस्टम 'कंटीन्युअस क्लियरिंग एंड सेटलमेंट' है। इसके लागू होने के बाद बैंक चेक को स्कैन करेंगे, प्रेजेंट करेंगे और कुछ ही घंटों में पास कर देंगे। सारा काम बैंक के कामकाजी घंटों में हो जाएगा। बैंकों ने इसका ट्रायल शुरू कर दिया है। अभी चेक क्लियर होने में 2 दिन तक का समय लगता है। (अनंत ज्ञान)

### वांगचुक की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं पत्नी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने अपने पति की रिहाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। गीतांजलि जे अंगमो ने वांगचुक को तुरंत रिहा करने की मांग करते हुए हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका लगाई है। डॉ. अंगमो ने 2 अक्तूबर को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। उन्होंने दावा किया कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है। अंगमो ने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली में हर जगह उनका पीछा किया जा रहा है। उनके एक कर्मचारी को भी हिरासत में रखा गया है। सोनम वांगचुक फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं, उन्हें 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था (अनंत ज्ञान)

### करूर भगदड़: सीबीआई जांच की मांग खारिज

**एजेंसी, मदुरै।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच शुक्रवार को करूर भगदड़ से जुड़े मामले की सुनवाई की। हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। वहीं, अतिरिक्त मुआवजा राशि की मांग वाली याचिका पर स्टालिन सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कोई पीड़ित नहीं, बल्कि एक पार्टी का नेता है। किसी एक व्यक्ति ने गलती की है, इसका मतलब यह नहीं कि पूरी जांच ही खत्म हो जाएगी। उन लोगों के बारे में सोचें, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। अगर कोई पीड़ित हमारे पास आता है, तो हम उसकी मदद के लिए आएंगे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बस्सी-तताहर सड़क निर्माण अधर में 3 घंटे तक किश चक्का जाम -पेज 2
- कोटखाई-पांवटा में खुलेंगे दो नए केंद्रीय विद्यालय: शिक्षा मंत्री -पेज 3
- उपमुख्यमंत्री ने किया जल शक्ति कार्यालय का लोकार्पण -पेज 4
- सड़क धंसने से हवा में लटकी चांजू से चंबा आ रही प्राइवेट बस -पेज 7
- पंचायत चुनावों से पहले प्रिंसिपल पदोन्नति सूची जारी करने की मांग -पेज 10

# लापरवाही पर नपेगी अफसरशाही

## अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय गुप्ता बोले- अनुशासनहीनता नहीं होगी बर्दाश्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की अफसरशाही में अब लेटलतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद मुख्य सचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे एसीएस संजय गुप्ता ने साफ किया है कि अब सचिव और विभागाध्यक्ष अपने कामकाज में अनुशासन लाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को शहर से बाहर जाने से पहले मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्री और मुख्य सचिव को सूचना देनी होगी। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा कि सीएम ने सभी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी खुद नहीं निभाएंगे, तो सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि कामकाज की समीक्षा हर पंद्रह दिन में की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं कि कोई भी फाइल एक-दो दिन से ज्यादा पेंडिंग न रहे। उन्होंने कहा कि अब ऐसा दौर खत्म होगा, जब दफ्तरों में फाइलों के ढेर लगते थे। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन, हाइड्रो, डेटा स्टोरेज और प्राकृतिक खेती प्राथमिकताओं पर केंद्रित होकर काम करेगी।



**कहा- हर 15 दिन में होगी कार्यप्रणाली की समीक्षा**

### अनुशासन ही व्यवस्था को सुधार सकता है

**मुख्य** सचिव ने कहा कि जब वह बिजली बोर्ड में चेयरमैन बने, तो हालात बेहद खराब थे। अधिकारी और कर्मचारी दफ्तरों में बैठते ही नहीं थे, जिसके कारण यह संस्था घाटे में चली गई। उन्होंने कहा कि उसी अनुभव से उन्होंने सीखा है कि अनुशासन ही व्यवस्था को सुधार सकता है, इसलिए अब सचिवालय और विभागों में यही प्राथमिकता होगी।

# विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दें सचिव : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के विकास कार्यों को तीव्र गति देने के लिए सभी प्रशासनिक सचिवों को समयबद्ध लक्ष्य तय करने और अधूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को शिमला में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार सुशासन सुनिश्चित करने के लिए पहले दिन से प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन, ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण तथा डाटा स्टोरेज जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार को गति दी जाए और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाए, ताकि प्रदेश की आर्थिकी को नई दिशा मिल सके।



### आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है सरकार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्ष 2023 की तरह इस बार भी मानसून ने प्रदेश में भारी तबाही मचाई है, लेकिन सरकार अपने सीमित संसाधनों से हर प्रभावित के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि आपदा के दौरान हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट जल्द तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी जाए।

# एम्स बिलासपुर के 3 साल बेमिसाल: नड्डा

## कहा- संस्थान ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं में की उल्लेखनीय प्रगति



एम्स बिलासपुर के तीसरे स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करते केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा।

**अरुण डोगरा रीतू ,अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को एम्स बिलासपुर के तीसरे स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि केवल तीन वर्ष में एम्स बिलासपुर ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नड्डा ने बताया कि अब एम्स बिलासपुर में एडवांस एमआरआई, सीटी स्कैनर, पीईटी-सीटी, एंडोस्कोपी और ब्रॉन्कोस्कोपी सुइट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे न केवल हिमाचल बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां इलाज के लिए आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि अब मरीजों को महंगे इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ता। एम्स बिलासपुर उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर लोगों का खर्च कम कर रहा है। इसने न्यूक्लियर मेडिसिन, कैंसर उपचार और किडनी प्रत्यारोपण जैसी बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। अब तक 8 सफल गुर्दा प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं और जल्द ही कॉर्निया ट्रांसप्लांट यूनिट भी शुरू होगी।

### संस्थान में जल्द भरे जाएंगे 127 पद

**जेपी** नड्डा ने कहा कि हाल ही में 127 पदों (29 फैकल्टी और 98 नॉन-फैकल्टी) को मंजूरी दी गई है, जिन्हें जल्द भरा जाएगा। साथ ही, 500 बेड का विश्राम सदन और छात्रों के लिए हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर तथा इनडोर स्टेडियम भी स्वीकृत किए गए हैं। संस्थान जल्द ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, रोबोटिक सर्जरी, नया ट्रॉमा सेंटर, ड्रोन-आधारित मेडिकल लॉजिस्टिक्स सिस्टम और मल्टी-लेवल पार्किंग जैसी परियोजनाएं शुरू करने जा रहा है।

# हिमाचल में आज से 3 दिन तक आंधी-बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में शनिवार यानी आज से अगले तीन दिन तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव रहेगा। पहाड़ों पर इससे तीन दिन तक बारिश के साथ-साथ आंधी व तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खासकर छह अक्तूबर को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और मंडी जिला में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज तथा शिमला व सिरमौर जिला में येलो अलर्ट दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दिन किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिला की अधिक ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात होने का पूर्वानुमान है। 5 अक्तूबर को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा और मंडी जिला में एक-दो स्थानों पर बारिश के साथ साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। सात को कांगड़ा, सोलन और सिरमौर जिला में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है।

# आधार अपडेट करवाना 25 रुपए महंगा

## नाम और पता बदलवाने के लिए 50 की जगह अब लगेंगे 75 रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने आधार अपडेट करने की फीस 25 रुपए तक बढ़ा दी है। नई फीस 1 अक्तूबर से लागू कर दी गई है, जो 30 सितंबर 2028 तक प्रभावी रहेंगी। इसके बाद फिर से समीक्षा होगी और 1 अक्तूबर 2028 से 30 सितंबर 2031 तक के लिए फीस में बदलाव होगा।

नई दरों के अनुसार, नया आधार बनवाना सभी के लिए फ्री रहेगा, लेकिन नाम, पता और डॉक्यूमेंट्स बदलवाने जैसी सर्विसेज के लिए पहले 50 रुपए लगते थे, अब 75 रुपए लगेंगे। इसी तरह बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सर्विस के लिए 100 रुपए की जगह अब 125 रुपए लगेंगे। (अनंत ज्ञान)




### बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट फ्री रहेगा

5-7 साल के बच्चों और 15-17 साल के टीनएजर्स के लिए बायोमेट्रिक अपडेट्स फ्री रहेगा। 7-15 साल के बच्चों के लिए भी 30 सितंबर 2026 तक बायोमेट्रिक अपडेट फ्री है। अन्य बायोमेट्रिक अपडेट्स के लिए 125 रुपए देने होंगे। नाम, जेंडर, जन्मतिथि, पता जैसे डेमोग्राफिक अपडेट्स अगर बायोमेट्रिक अपडेट के साथ करवाते हैं तो कोई चार्ज नहीं लगेगा।

# एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से मरीज-तीमारदार परेशान



अपनी मांगों को लेकर मीडिया से बात करते 102 और 108 एंबुलेंस के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ड्यूटी टाइम और ओवरटाइम का बकाया नहीं मिलने जैसी मांगों को लेकर 102 और 108 एंबुलेंस के चालक एवं कर्मचारी हड़ताल पर उतर आए हैं। शुक्रवार को एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहीं। ये कर्मचारी लंबे समय से शोषण का सामना कर रहे हैं। आठ घंटे की निर्धारित ड्यूटी के बावजूद उन्हें 12-12 घंटे कार्य करना पड़ रहा है और ओवरटाइम का कोई भुगतान नहीं किया जाता। कर्मचारी प्रतिनिधि दिनेश यंतु ने बताया कि छुट्टियां तक नहीं दी जातीं और वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि छोटी-छोटी गलतियों पर भी कर्मचारियों को मुख्यालय बुलाकर बिठा दिया जाता है, जिससे मानसिक तनाव और बढ़ जाता है। सीटू के जिला सोलन महासचिव मोहित वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग यह है कि उन्हें ओवरटाइम का भुगतान मिले। उनका वेतन पहले से ही काफी कम है, जिस कारण जीवन यापन कठिन हो रहा है। वहीं, पीएचसी साई से प्रहलाद ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांग वेतन वृद्धि है। 10-12 हजार में परिवार का पालन-पोषण करना बेहद मुश्किल है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन जारी रखेंगे। यदि कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आने वाले समय में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।


**12 घंटे ड्यूटी लेती है कंपनी, ओवरटाइम का नहीं करती भुगतान**

# अमेरिका के आगे नहीं झुकेगा भारत : पुतिन

## पीएम मोदी कभी भी भारत की संप्रभुता के खिलाफ फैसला नहीं लेंगे

**एजेंसी, सोची**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने कहा कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



### मोदी मेरे दोस्त

**पुतिन** ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसंबर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद के 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। (अनंत ज्ञान)



### तीन महिला सहयोगी भी कीं गिरफ्तार

**दिल्ली** पुलिस ने छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की तीन करीबी महिला सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिलाओं ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं।

# भारतीय जेट गिराने के पाक के दावे सिर्फ कहानियां: एयरचीफ मार्शल

## बोले-पाकिस्तान के पास अगर विमान गिराने के सबूत हैं तो दिखाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ कहानियां हैं। अगर उसके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाए। भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ16 और जे17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया।

यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। (अनंत ज्ञान)



**भारत ने पाकिस्तान के एफ16 व जे17 जेट गिराए**

### दुश्मन को सीजफायर की मांग के लिए किया मजबूर

**'ऑपरेशन** सिंदूर' एक सबक है, जो इतिहास में दर्ज होगा कि यह एक ऐसा युद्ध था जो एक लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था और इसे बिना बढ़ाए तुरंत खत्म कर दिया गया। हम देख रहे हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है, जो दो युद्ध (रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास) चल रहे हैं, उन्हें खत्म करने की कोई बात नहीं हो रही है, लेकिन हमने अपनी लड़ाई को उस स्थिति तक पहुंचाया, जहां दुश्मन युद्धविराम की मांग करने लगा। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है, जो दुनिया को हमसे सीखने की जरूरत है।

**अर्थव्यवस्था** 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 8% ग्रोथ रेट जरूरी

# भारत बाहरी झटकों को सहने में सक्षम: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है।

सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है। 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8% की ग्रोथ रेट की जरूरत है। वित्त मंत्री ने 3 अक्तूबर को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। इस साल कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव की थीम 'उथल-पुथल भरे समय में समृद्धि की तलाश' है। इस बार कॉन्क्लेव में 30 से ज्यादा देशों के 75 फॉरेन रिप्रेजेंटेटिव सहित कई एक्सपर्ट्स हिस्सा ले रहे हैं। यह कॉन्क्लेव 5 अक्तूबर को खत्म होगा। इसका समापन केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। गौर रहे कि आरबीआई ने एमपीसी की हाल ही में हुई मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया है। (अनंत ज्ञान)



### वित्त मंत्री बोलीं-अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रहे इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस

**वित्त** मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रहे हैं। हाल की जी20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा। सीतारमण ने यह भी कहा कि कम निवेश और अस्थिर एनर्जी प्राइस जैसे मुद्दों से वैश्विक आर्थिक माहौल में अनिश्चितता बढ़ रही है।

### घरेलू कारक भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़

**वित्त** मंत्री सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेंपरेरी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर-1 के उपभोक्ता 10 तक जमा करें बिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड़ और अन्य गांवों के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 अक्तूबर तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हमीरपुर-2 के उपभोक्ता 15 तक बिल करें जमा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 अक्टूबर तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### समारोह में झगड़ा करने की शिकायत दर्ज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर के थाना बड़सर में टिककर ब्राह्मणा निवासी सतपाल ने 29 सितंबर को बुम्बलु में आयोजित एक समारोह में माननीय और पांच अन्य लोगों के खिलाफ जानबूझकर झगड़ा करने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में सतपाल ने बताया कि उन्होंने इस मामले में मेडिकल कराने से इनकार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपितों को शनिवार को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने कहा कि शिकायत पत्र मिलने के बाद पुलिस प्रशासन मामले की गहनता से छानबीन कर रहा है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। शिकायत में रमेश चंद उर्फ मिंटू, अनुपम शर्मा, मनोज कुमार, जगदीश, पूर्ण बहादुर और माननीय के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

### सिकांदर में गैस सेफ्टी के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत सिकांदर में बेसिक सेफ्टी चेक प्रोग्राम का शिविर लगाया गया। यहां पर गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर गैस सेफ्टी के बारे में जानकारी प्राप्त की गैस एजेंसी के प्रबंध निदेशक संजीव ढढवाल ने स्वयं जागरूकता का जिम्मा उठाते हुए लोगों को सुरक्षा हाउस, गैस पाइप, गैस चूल्हा, फायरवॉल, फायर पंच और नया 10 कंपोजिट सिलेंडर जो अभी नया उत्पाद हैं लोगों को इसके बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया अगर हम इन सभी सावधानियां को नहीं अपनाएंगे तो दुर्घटना किसी भी समय हो सकती है। उन्होंने अपने शिविर के माध्यम से लोगों को यह भी संदेश दिया कि हम किस तरह एलपीजी का सदुपयोग करके अपने जीवन को आसान व सुगम बना सकते हैं।

### सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग कार्यालय में जिला स्तरीय सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 6 खंडों के 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने भूकंपरोधी भवन, पर्यावरण अनुकूल सामग्री व आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। हाई स्कूल वर्ग में विवेक कुमार शर्मा (बयाड), सीनियर सेकेंडरी में अभिनव कपूर (जाहू) और कॉलेज वर्ग में नंदिता (डिग्री कॉलेज सुजानपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा सुरक्षित और नवोन्मेषी निर्माण की दिशा में योगदान दे सकते हैं। राजेश गौतम ने बताया कि चयनित प्रतिभागी 8 अक्तूबर को शिमला में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### 35 कैडेट्स ने पास की एनडीए की लिखित परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर के कुल 64 कैडेट्स में से 35 ने एनडीए की लिखित परीक्षा पास कर एक नया इतिहास रच दिया है। यह संख्या पहले कभी इतनी ज्यादा नहीं हुई। देशभर के 33 सैनिक स्कूलों में आंध्र प्रदेश के कोरुकोंडा सैनिक स्कूल ने 40 कैडेट्स के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि सुजानपुर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। लिखित परीक्षा पास करने वाले कैडेट अब एसएसबी इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट के लिए आगे बढ़ेंगे। सैनिक स्कूल सुजानपुर को एनडीए की नर्सरी कहा जाता है। यहां से कई कैडेट्स सफल होकर एनडीए में चयनित हुए हैं। अब तक लगभग 450 कैडेट्स देश की सेना, नेवी और एयरफोर्स में अफसर बनकर सेवा दे रहे हैं। प्रिंसिपल ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बताया कि कैडेट्स की मेहनत और स्टाफ के प्रयासों से यह सफलता संभव हुई है।

### भाषण स्पर्धा में कला संकाय के प्रिंस प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में इतिहास विभाग एवं एनएसएस इकाई द्वारा गांधी जयंती और अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर ने किया। उन्होंने छात्रों को गांधी जी के विचारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस (कला संकाय) प्रथम, मोहित (विज्ञान संकाय) द्वितीय और संजना (कला संकाय) तृतीय रही। प्रश्नोत्तरी में कला संकाय की टीम (अंजलि, रुचि) प्रथम, एनएसएस इकाई की टीम (प्रियंका, कविता) द्वितीय और विज्ञान संकाय की टीम (रीतु, मोहित) तृतीय रही। कार्यक्रम का समापन डॉ सुमन शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### पहले दिन 40 कुत्तों का किया टीकाकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार हमीरपुर शहर में बेसहारा कुत्तों के टीकाकरण हेतु अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत नगर निगम कर्मचारियों व पशु चिकित्सालय के सहयोग से कुत्तों का टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सालय टीम ने वार्ड नंबर 6 व 10 में कुत्तों को वैक्सीन लगाई। इस टीकाकरण की मुहिम में लगभग 40 कुत्तों को रेबीज के इंजेक्शन लगाये गए। इस अभियान के लिए सभी हमीरपुर वासियों से अपील है कि इस टीकाकरण में नगर निगम कार्यालय के कर्मचारियों व पशु चिकित्सालय से आई टीम का सहयोग करे। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय की टीम में श्वेता ठाकुर, राजीव शामा, निशांत शामा, वीरेंद्र चंद्रा, अनिकेत गुलेरिया, ईशा ठाकुर, गुरदास, विशाल, सूरज व बलविंदर शामिल रहे।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अनुसूचित जाति के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, इस वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए अधिनियमों तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आरंभ किए गए विशेष जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत कंजयाण के गांव ढो और ग्राम पंचायत धीरड़ के गांव खुराहल में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध साहिल म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रुप के अध्यक्ष शिवदयाल के नेतृत्व में इन लोक कलाकारों ने लोगों को अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित कई योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों में नशे से बचाव का संदेश भी दिया। स्थानीय लोगों ने लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के प्रति काफी उत्सुकता दिखाई।

### कैदियों को दिया जा रहा मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर आम लोगों को स्वरोजगार के लिए तैयार करने हेतु समय-समय पर अल्प अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में, हमीरपुर की कारागार के कैदियों को भी प्रशिक्षित करने के लिए आरसेटी ने एक विशेष पहल की है और इसके लिए कारागार परिसर में ही 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को कारागार के सहायक अधीक्षक पंकज शर्मा ने इस शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में कैदियों को मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर पंकज शर्मा ने सभी कैदियों से इस शिविर का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया, ताकि वे कारागार से छूटने के बाद स्वरोजगार को अपना सकें। इस मौके पर आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने अपने संबोधन में संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर के प्रतिभागियों को वर्दी, स्टेशनरी और अन्य सामग्री आरसेटी की ओर से ही प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, संगीता कुमारी और कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बस्सी–तताहर सड़क निर्माण अधर में भरेड़ी चौक पर 3 घंटे तक चक्का जाम

## ग्रामीणों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ किया जमकर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की बस्सी से तताहर सड़क का निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद सड़क को पक्का बनाने का कार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण में हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को भरेड़ी चौक पर शांतिपूर्ण चक्का जाम कर प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।



**15 तक काम शुरू नहीं हुआ तो फिर होगा आंदोलन**

ग्रामीणों का कहना है कि अधूरा छोड़ा गया कार्य अब परेशानी का सबब बन गया है। बरसात के मौसम में कीचड़ और फिसलन से राहगीरों का चलना मुश्किल हो जाता है, वहीं सामान्य दिनों में धूल और गड्ढों के कारण भी लोग परेशान हैं। इस स्थिति का असर न सिर्फ आम लोगों की आवाजाही पर पड़ रहा है, बल्कि भरेड़ी, बस्सी और चंदरूही के स्थानीय बाजारों के व्यापार पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है।

ग्रामवासियों ने कई बार विभाग, निर्माण कंपनी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके विरोध में ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार भोरंज को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

इसी के तहत शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चक्का जाम किया गया, जिससे भरेड़ी से सरकाघाट, जाहु और हमीरपुर की ओर जाने वाले मार्ग तीन घंटे तक बाधित रहे। चक्का जाम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रदर्शन में बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य रकज कुमारी, कई पंचायत प्रतिनिधि और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जगत राम भी मौजूद रहे।

इस मौके पर पहुंचे तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को 15 अक्तूबर तक सड़क कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्का जाम समाप्त कर यातायात बहाल किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा तक काम शुरू नहीं हुआ, तो अगला आंदोलन और अधिक उग्र होगा।

# विधायक आशीष ने व्यापारियों को जीएसटी कटौती के लाभों के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा मंडल हमीरपुर शहरी द्वारा आयोजित जीएसटी बचत उत्सव में विधायक आशीष शर्मा ने व्यापारियों और ग्राहकों को जीएसटी दरों में कटौती के फायदों के बारे में जागरूक किया। शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा की अध्यक्षता में हमीरपुर बाजार में प्रति दुकान जाकर व्यापारियों को जागरूक किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को लाभ होगा। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनो, 32 इंच से बड़े टीवी, एसी, डिशवॉशर आदि पर जीएसटी दर 28: से घटकर 18: हुई। दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे साबुन, टूथपेस्ट, शैम्पू आदि पर जीएसटी दर 18: से घटकर 5 प्रतिशत हुई। सीमेंट पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हुई। इसके अलावा अन्य कई जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती हुई है। विधायक आशीष शर्मा और मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों और ग्राहकों को पंपलेट बांटकर जीएसटी दरों में कटौती के फायदों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के जीवन में सुधार आएगा।

# व्हीलचेयर पर नहीं, हौसलों के पंखों पर उड़ान भर रहे हिमाचल के तीन धुरंधर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर राजन कुमार ने कहा कि यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, यह अदम्य इच्छाशक्ति और जज़्बे की गाथा है। हिमाचल प्रदेश के लिए यह बेहद गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक क्षण है, क्योंकि राज्य के तीन होनहार खिलाड़ी अमित ठाकुर, वीरेन और सनी आगामी 5 से 11 अक्टूबर तक गोवा के पोंडा में आयोजित इंटरनेशनल पर्पल फेस्टिवल के अंतर्गत होने वाली व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने जा रहे हैं।



**डायरेक्टर राजन कुमार ने की खिलाड़ियों के संघर्ष और समर्पण की तारीफ**

राजन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इतने प्रतिष्ठित और बड़े टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों की यह उपस्थिति उनके वर्षों के संघर्ष, समर्पण और कभी न हार मानने वाले रवैये का परिणाम है। यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। इस प्रतिष्ठित लीग में देशभर से 12 टीमें और लगभग 130 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हमारे तीनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से नीलामी में जगह बनाई है।

अमित ठाकुर (हिमाचल टीम कप्तान) गांव मकडोगा ठाकरी मट्टी, सलूणी, चम्बा अपने दमदार प्रदर्शन के चलते उन्हें कोलवा चीतास टीम ने ₹15,000 की सम्मानजनक राशि में खरीदा है। वीरेन, (चम्बा) अपनी प्रतिभा के कारण उन्हें रैम्बोल ऐसस टीम ने ₹10,000 में टीम में शामिल किया है। सनी, (कांगड़ा) इन्हें भी रैम्बोल ऐसस टीम ने ₹10,000 में खरीदा है।

टीम के संचालक राजन कुमार ने बताया कि इन जांबाजों ने साबित कर दिया है कि असली शक्ति शरीर में नहीं, बल्कि मन के भीतर होती है। इनकी यात्रा लाखों दिव्यांगों के लिए यह संदेश है कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती और दृढ़ संकल्प से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

# बड़सर को सीएम सुक्खू देंगे करोड़ों की सौगातें

## 7 को करेंगे कई परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास: ढटवालिया

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कांग्रेस कार्यालय मैहरे में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 7 अक्तूबर को बड़सर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वे करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री बबलू हेलीपैड पर उतरकर बाबा बालक नाथ के मंदिर दियोड़सिद्ध में माथा टेकेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।



मुख्यमंत्री एडीवी की 65 करोड़ की बहुमंजिला सराय भवन कार पार्किंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकमोह, कोटला बिझड़ी मिनी सचिवालय (₹1745.27 लाख), हेलिपैड बुंबलु (₹134.49 लाख), अग्नि शमन केंद्र बिझड़ी (₹485.72 लाख), 132 केवी स्टेशन कोटला (₹49.98 करोड़) समेत कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा जलशक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं का भी लोकार्पण किया जाएगा, जिनमें खुस्स्र घुनानी, दियोड़सिद्ध, अंबेड़ी दांदडु टिप्पर समेत कई प्रमुख जल योजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री मिनी सचिवालय मैहरे में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और क्षेत्रवासियों की छोटी-छोटी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करेंगे। कांग्रेस नेता ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मैहरे पहुंचें और मुख्यमंत्री का स्वागत करें। इस मौके पर पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, निबर्तमान प्रदेश सचिब कमल पठानियाँ, कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया, हिमुडा के डायरेक्टर राजेश वन्याल,वन निगम के डयरेक्टर कृष्ण कमार विपिन ढटवालिया कांग्रेस नेता राजेंद्र वर्मा नरेश लखनपाल निका शर्मा, कैप्टन सुरेंद्र सोनी, अशोक ढटवलिया सतीश सोनी जिला परिषद मीना धीमान, डैनी जसबाल बालवीर जसवाल कांग्रेस नेता विशाल राणा सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# हमीर ग्राम उत्सव व स्वाद महोत्सव में दिवाली तक मिलेंगे बेहतर उत्पाद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने तथा उनके द्वारा घर में ही अपने हुनर से तैयार किए जाने वाले पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक विशेष पहल की है। इन महिलाओं एवं इनके स्वयं सहायता समूहों को बैंकों की ऋण योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ प्रशासन ने इनके पारंपरिक उत्पादों की मार्केटिंग के लिए भी विशेष प्रबंध किए हैं।

इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन की ऊपरी मंजिल और बस स्टैंड के सामने रानी झांसी पार्क में महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए हमीर ग्राम उत्सव और स्वाद महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। बचत भवन में तो महिलाओं ने अपने स्टॉल सजाकर उत्पादों की बिक्री भी शुरू कर दी है। नवरात्र से लेकर दिवाली तक आयोजित किए जा रहे इस उत्सव के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जिनमें महिलाओं द्वारा तैयार किए गए कई पारंपरिक उत्पाद सभी को आकर्षित कर रहे हैं। पपीते की शुगर फ्री बर्फी हो या रागी लड्डू, अरबी का साग और जायकेदार कढ़ी हो या मक्की की रोटी, या फिर चीड़ की पत्तियों से बनीं छोटी-छोटी सुंदर टोकरियां, ये सभी उत्पाद ग्राहकों को खूब भा रहे हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, डीआरओ जगदीश सांख्यान, बीडीओ हिमांशी शर्मा और अन्य अधिकारियों के साथ बचत भवन परिसर में महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा कुछ खरीददारी भी की। अमरजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डीआरडीए से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंकों की ऋण योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ इन समूहों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिए भी जिला प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बचत भवन में स्वाद महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। बस स्टैंड के सामने रानी झांसी पार्क में भी ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

# टौणी देवी ने जीता जिला स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट

## डेरा परोल को 72–57 अंकों से हराया, दर्शकों में दिखा भारी उत्साह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 लड़कों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन शुक्रवार को हुआ। समापन अवसर पर खेल भावना, सांस्कृतिक रंग और विद्यार्थियों की ऊर्जा से भरा वातावरण देखने को मिला।

फाइनल मुकाबले में टौणी देवी की टीम ने डेरा परोल को 72–57 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया। अनुराग, कार्तिक, आर्यन और अखिल के बेहतरीन खेल प्रदर्शन और कोच संजय ठाकुर की रणनीति से टीम ने लगातार बढ़त बनाई। यह मुकाबला पूरी तरह से रोमांचक रहा और दर्शकों को अंतिम क्षण तक बांधे रखा।

समापन समारोह में छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लोकनृत्य, नाटी और गीतों ने समारोह को यादगार बना दिया। दर्शकों की तालियों ने कलाकारों और खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया।



**20 स्कूलों के 201 खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर**

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के 20 विद्यालयों के 201 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल के प्रत्येक मुकाबले में विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने आयोजन की सफलता के लिए स्टाफ, निर्णायकों और आयोजन समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं।

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और टीम भावना जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करते हैं, जो भविष्य की सफलता की नींव बनते हैं। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास शर्मा सहित कई गणमान्य, शिक्षक, अभिभावक और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गरीब व आपदा पीड़ितों के सहारे बनी सीनियर सिटीजन काउंसिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर की सीनियर सिटीजन काउंसिल जरूरतमंद, बीमार और आपदा से प्रभावित लोगों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आई है। संस्था ने ग्राम पंचायत पांडवीं के वार्ड नंबर 4 निवासी सुरजीत सिंह, जो मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं, को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सुरजीत वर्तमान में एम्स में इलाजाधीन हैं और दवाइयों व इंजेक्शनों का खर्च लाखों में पहुंच चुका है। इसके अतिरिक्त अध्यात्मिक ट्रस्ट फतेहपुर तहसील नादौन को वैदिक सहायता पुस्तकालय खोलने हेतु एक लाख रुपए का सहयोग दिया गया। संस्था ने अनिल कुमार (गांव कोट लांगसा), जो लीवर, किडनी और हर्निया की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, को 50 हजार रुपए की मदद दी है। वहीं, चंपा देवी (गांव लझयानी), जिनका मकान आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ, उन्हें भी एक लाख की सहायता दी गई। इस पुनीत कार्य में संस्था अध्यक्ष विजय कुमार पुरी के साथ ओपी शर्मा, कुलदीप कमल, हेमराज शर्मा, सुरेश कुमार और संजीव ठाकुर मौजूद रहे।

**हड़ताल** सीटू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने निकाली रोष रैली, डीसी के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

# वेतन न मिलने पर सड़कों पर उतरे एंबुलेंस कर्मी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा 108 व 102 कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू अपनी मांगों को लेकर 24 घंटे की हड़ताल पर हैं। अपनी मांगों को लेकर इन कर्मचारियों ने हमीरपुर शहर में रोष रैली निकाली और डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। गौर रहे कि वीरवार रात 8 बजे से ही ये कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर हैं। कंपनी की नीतियों से नाखुश कर्मचारी शुक्रवार सुबह अस्पताल के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी।



डीसी ऑफिस के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते 102 व 108 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

इसके बाद इन कर्मचारियों ने अस्पताल से लेकर डीसी ऑफिस तक रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला सचिव जोगिंदर कुमार ने कहा कि ये कर्मचारी पिछले 14-15 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कंपनी इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन तक नहीं दे रही है। यह सरासर श्रम कानून की अवहेलना है और यह कर्मचारी कंपनी की नीतियों को लेकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले की कंपनी ने भी इन कर्मचारियों का शोषण किया और अब यह कंपनी भी श्रम कानून की धज्जियां उड़ा रही है।

इसके अलावा 108 व 102 कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी हमें न्यूनतम वेतन नहीं दे रही है और 12 से 18 घंटे प्रतिदिन काम करने के बाद कोई ओवरटाइम नहीं दे रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावा कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। कंपनी द्वारा ना ही सैलरी स्लिप दी जाती है जिसके कारण कर्मचारियों के ईपीएफ का कोई पता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई बार कर्मचारी अपनी मांगों को कंपनी, विभाग और सरकार के स्तर पर उठा चुके हैं परंतु आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। जब भी नई कंपनी को काम मिलता है तो सबसे पहले कर्मचारियों को बाहर निकालने का ही काम किया जाता है। प्रदेश के उच्च न्यायालय ने इन कर्मचारियों के पक्ष में फैसला किया है परंतु उसे भी प्रदेश सरकार लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 1200 कर्मचारी इस परेशानी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने अब देश के कानून के दायरे में मिलने वाली सुविधाओं को हासिल करने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है और उसी कड़ी में ये एक दिन की हड़ताल की जा रही है।

इस प्रदर्शन में यूनियन के अध्यक्ष राजेश कुमार और सचिव अनुपमा और स्माईली ने भी संबोधित किया और धरना प्रदर्शन में अमित, मनोज, सुनील, पंकज, नरेश, अनीता प्रदीप, कुलदीप सहित अन्य सभी लोग शामिल हुए व मांगों को पूरा करने तक अपनी लड़ाई लड़ने का संकल्प दोहराया।

# भोटा में तेज तूफान से टूटा पेड़ दुकान का लेंटल व शेड क्षतिग्रस्त



**संजीव, अनंत ज्ञान**

**भोटा।** वीरवार रात करीब 11:30 बजे धनेटा–बंगाणा रोड पर तेज बारिश और आंधी के चलते पेट्रोल पंप के पास एक पुराने आम के पेड़ की बड़ी टहनी टूटकर गिर गई। टहनी की चपेट में आकर एक दुकान का लेंटर और आगे का शेड क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि तना पेट्रोल पंप की ओर नहीं गिरा, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**धनेटा-बंगाणा रोड पर पेट्रोल पंप के पास गिरी बड़ी टहनी**

स्थानीय दुकानदार पंकू ने बताया कि वे पेड़ के नीचे से निकलते ही तना बिजली की तारों को लेकर गिर पड़ा, जिससे बिजली का पोल उखड़ गया और रोड पूरी तरह बंद हो गई। विभागीय कर्मचारियों ने सुबह 9 बजे के बाद बिजली बहाल की और सड़क खोली। पूर्व बीडीसी सदस्य राजकुमार ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताई। हल्का पटवारी रशीद मोहम्मद के अनुसार, करीब एक लाख रुपये से अधिक के नुकसान की रिपोर्ट भेज दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्य सचिव से उपायुक्त व एसपी ने की शिष्टाचार भेंट



मुख्य सचिव संजय गुप्ता से मुलाकात करते उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्य सचिव संजय गुप्ता से आज उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शिमला जिला में चल रहे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी मुख्य सचिव को दी।

### शिक्षा मंत्री आज से बिलासपुर-पालमपुर दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 4 व 5 अक्तूबर, को बिलासपुर एवं पालमपुर विधानसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और क्षेत्र की जनता से भी मुलाकात करेंगे।

### पंचायतीराज मंत्री आज कसुम्पटी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 4 अक्तूबर को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। वह दोपहर 3.45 बजे भट्टाकुफर में एक समारोह में भाग लेंगे और सायं 4.30 बजे सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल, ढली में वार्षिक संगीत समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### शिमला में राजस्व इकाइयों के पुनर्गठन की तैयारी तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के उपायुक्त ने कहा कि तहसीलों, उपतहसीलों, पटवार व कानूनगो सर्कल के पुनर्गठन से जनता को स्थानीय स्तर पर त्वरित और पारदर्शी सेवाएं मिलेंगी। इस प्रक्रिया में जनसंख्या अनुपात और भौगोलिक स्थिति जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा। उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यावहारिक और ठोस सुझावों को ही जिला स्तर से सरकार को अनुशंसा के रूप में भेजा जाएगा। इस पहल से न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को बेहतर सेवाएं भी प्राप्त होंगी। बैठक में एडीएम (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## आईआईटी रुड़की की ताजा रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

# सतलुज बेसिन में गाद का बढ़ा खतरा

## पुलों और सड़कों पर गहराया संकट, नदी का बदलता स्वरूप और बढ़ती गाद बनी चुनौती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल का यह दुर्भाग्य है कि जहां उसे प्राकृतिक धरोहरों और नदियों से आगे बढ़ना चाहिए था, वहीं आज वह इनकी मार से पीछे खिसकता दिख रहा है। सतलुज नदी, जिसने वर्षों से इस प्रदेश की जीवन-रेखा का कार्य किया, अब बाढ़ और गाद की बाढ़ से खुद एक संकट का नाम बन चुकी है। आईआईटी रुड़की की ताज़ा रिपोर्ट ने यह सच्चाई सामने रख दी है कि सतलुज बेसिन में गाद का जमाव खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। यह सिर्फ एक नदी का संकट नहीं, बल्कि हिमाचल के बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतावनी है।

अध्ययन में सामने आया है कि 2014 से 2024 तक सतलुज बेसिन में गाद लगातार बढ़ती रही। 2021 तक स्थिति स्थिर दिखी, लेकिन उसके बाद आई बाढ़ों ने सब कुछ बदल डाला। वर्ष 2023 में नदी ने अब तक का सबसे भयावह रूप दिखाया। गाद का स्तर इतना बढ़ा कि कोल डैम का संचालन पहली बार रोकना पड़ा। तत्तापानी, सुन्नी और चाबा जैसे क्षेत्र इस परिवर्तन के सबसे बड़े गवाह बने।

नदी की उग्र धारा से बार-बार पुल और सड़कें टूटती और बनती रहीं। थाली सस्पेंशन ब्रिज कई बार क्षतिग्रस्त हुआ, शिमला-मंडी मार्ग की मरम्मत पर 29 करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया और सुन्नी के आसपास बने पुलों को बार-बार संकट झेलना पड़ा। यह केवल पैसे का नुकसान नहीं, बल्कि आम लोगों की रोजमर्रा की यात्रा और आजीविका का भी प्रश्न है। हर बार जब पुल टूटते हैं या सड़क बहती है, तो यह पूरे इलाके की रफ्तार रोक देती है।

रिपोर्ट में एक दिलचस्प संभावना भी बताई गई है। सुन्नी क्षेत्र की गाद निर्माण सामग्री के लिए उपयुक्त पाई गई है। एनटीपीसी ने सुझाव दिया है कि इसका नियंत्रित खनन किया जाए। इससे एक ओर जलस्तर कम होगा और बाढ़ के खतरे को घटाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे सकता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हम इस अवसर को सही तरीके से साध पाएंगे, या फिर इसे भी एक और संकट में बदल देंगे।





### अब संतुलन की खोज को गंभीर मंथन की जरूरत

**सतलुज** की यह हालात सोचने पर मजबूर करती है। यह केवल बाढ़ और गाद की बात नहीं, बल्कि इंसान और प्रकृति के रिश्ते की असली परीक्षा है। यदि हमने सही समय पर कदम उठाए, तो यह गाद हिमाचल के लिए अवसर बन सकती है। लेकिन यदि लापरवाही बरती गई, तो यही गाद आने वाले समय में प्रदेश की प्रगति को डुबो सकती है।

## वन भूमि की डिमार्केशन पर प्रशासन सख्त



वीसी के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला में वन भूमि की डिमार्केशन का मुद्दा लंबे समय से अटका हुआ है और अब इस पर तेजी लाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम और डीएफओ के साथ बैठक कर स्पष्ट कहा कि जिला के सभी डीएफओ एक सप्ताह के भीतर वन भूमि की मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें।

### डीएफओ को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश

बैठक में सुप्रीम कोर्ट के आदेश डब्ल्यू पी 1164/2023 के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वन भूमि की पहचान कर उसे चिन्हित किया जाए, उस पर अवैध कब्जे को हटाकर कब्जा लिया जाए और जो भूमि गैर-वन उद्देश्यों के लिए राजस्व विभाग को दी गई है, उसे वापस वन विभाग को सौंपा जाए। इन आदेशों के पालन के लिए जिला शिमला में वन विभाग और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

उपायुक्त ने कहा कि फील्ड स्तर पर आदेशों को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा स्टाफ की कमी है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में अलग से कार्ययोजना तैयार करें और सुनिश्चित करें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को समय पर लागू किया जाए। इस मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों से फील्ड स्तर की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वन भूमि से संबंधित यह मामला बेहद गंभीर है और पूरे राज्य में इस पर लगातार चर्चा हो रही है। जिला शिमला में काम में तेजी लाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा सहित सभी एसडीएम और डीएफओ मौजूद रहे।

## मंत्री अनिरुद्ध ने ग्रामीण स्वाद महोत्सव का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर, शिमला में राज्य स्तरीय ग्रामीण स्वाद महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को पहचान दिलाना और खासकर मिलेट से बने पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।

यह महोत्सव 3 से 7 अक्तूबर तक चलेगा। इसमें शिमला जिले के अलग-अलग इलाकों से कुल 15 स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें से 13 स्टॉल परंपरागत हिमाचली पकवानों के लिए और 2 स्टॉल मिलेट से बने उत्पादों के लिए रखे गए हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं यहां पर अपने हाथों से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत करेंगी। इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को हिमाचली स्वाद का अनुभव मिलेगा।



शिमला में ग्रामीण स्वाद महोत्सव का शुभारंभ करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

### महिलाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**मंत्री** ने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार और आय बढ़ाने का अवसर मिलेगा। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम है। कार्यक्रम में नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, पार्षद नरेंद्र ठाकुर और कुलदीप ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त शिमला दिव्यांशु सिंघल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हिमाचल विश्वविद्यालय में एसएफआई इकाई का 40वां सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई का 40वां सम्मेलन बीते 30 सितंबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर 51 सदस्यीय कार्यकारिणी और 17 सदस्यीय सचिवालय का गठन किया गया। इकाई की कमान योगी सिंघानिया को प्रधान और मुकेश कुमार को सचिव चुनकर सौंपी गई। सम्मेलन में फिलिस्तीन में हो रहे नरसंहार, विश्व स्तर पर उथल-पुथल की घटनाओं और देश-प्रदेश में शिक्षा के व्यापारीकरण, निजीकरण तथा भगवाकरण जैसे मुद्दों पर संगठनात्मक दृष्टिकोण से चर्चा हुई। पूर्व सचिव रितेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर पिछली इकाई की उपलब्धियों और खामियों पर विचार रखा। नवनिर्वाचित सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरने और उग्र छात्र आंदोलन खड़ा करने का प्रयास करेंगे। इकाई प्रधान योगी सिंघानिया ने समापन भाषण में भरोसा दिलाया कि प्रदेश में सार्वजनिक शिक्षा को कमजोर करने की साजिशों का पर्दाफाश किया जाएगा।

## प्रवासी मजदूरों का थानों में पंजीकरण अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में अस्थायी रूप से रह रहे प्रवासी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों सहित अन्य बाहरी लोगों को नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

बीएनएसएस की धारा 163 के तहत नियोक्ता, कारोबारी, ठेकेदार और किसान अपने कामगारों का फोटो सहित विवरण पुलिस को उपलब्ध कराएंगे। मकान मालिकों को भी किरायेदारों का पंजीकरण और पहचान सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही प्रवासी श्रमिकों का एंटीसिडेंट वेरिफिकेशन भी करवाना अनिवार्य रहेगा।

### आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

डीसी ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण कोई भी प्रवासी व्यक्ति जिले में रोजगार अर्जित नहीं कर सकेगा और आदेशों की अवहेलना करने पर नियोक्ताओं, कामगारों और मकान मालिकों पर बीएनएस की धारा 223 के तहत कार्रवाई होगी। ये आदेश 30 नवंबर, 2025 तक लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बाहरी राज्य से लोग अस्थायी रूप से जिले में आकर काम करते हैं और किसी अप्रिय घटना की स्थिति में उनकी पहचान न होने से जांच में कठिनाई आती है, इसलिए यह कदम सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है।

## उपायुक्त बोले-कोलडैम प्रभावितों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी के बढ़ते जलस्तर और गाद जमाव की समस्या से निपटने को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एनटीपीसी और लोक निर्माण विभाग ने अपनी रिपोर्टें प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने कहा कि कोलडैम प्रभावित क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी कड़ी में विशेषज्ञों से रिपोर्ट का अध्ययन करवाकर भविष्य की ठोस योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने चेताया कि जलस्तर लगातार बढ़ने से कई गांवों के घर और जमीनें खतरे में हैं, इसलिए समय रहते समाधान निकालना बेहद जरूरी है।

### सतलुज बेसिन पर एनटीपीसी और लोक निर्माण विभाग ने दी रिपोर्ट, विशेषज्ञों की टीम करेगी रिपोर्ट का अध्ययन

बैठक में लोक निर्माण विभाग ने डैम बनने के बाद नदी तल में आए बदलाव और उससे हुए नुकसान का ब्यौरा रखा। विभाग ने बताया कि 2015 में कोलडैम के कमीशनिंग के बाद से सड़कें, पुल और अन्य ढांचे बार-बार क्षतिग्रस्त हुए हैं। 2018 से अब तक चाबा और थली ब्रिज, शिमला-मंडी मार्ग और आईटीआई सुन्नी परिसर को भारी नुकसान हुआ है। विभाग ने चेतावनी दी कि यदि जलस्तर और बढ़ा तो सुन्नी और तत्तापानी क्षेत्र के पुल डूब सकते हैं।

इसी दौरान एनटीपीसी ने आईआईटी रुड़की के अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 2014 से 2024 तक सतलुज बेसिन में गाद जमाव की स्थिति का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 के बाद सिल्ट में तेजी से वृद्धि दर्ज हुई और 2023 में तो रिकॉर्ड 2861 मिलियन क्यूबिक मीटर सिप्लेज सामने आई। सुन्नी, तत्तापानी और चाबा क्षेत्रों में कई हेक्टेयर क्षेत्र में सिल्ट जमाव पाया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि सुन्नी क्षेत्र की सिल्ट भवन निर्माण के लिए उपयोगी है और यदि नियंत्रित तरीके से इसकी माइनिंग की जाए तो जलस्तर को कम किया जा सकता है। एनटीपीसी ने इसके लिए राज्य सरकार को एनओसी देने की बात कही है।

## कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय शिक्षा मंत्री रोहित की दूरदर्शी सोच का परिणाम : डेरटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-नावर-कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों का सार्थक परिणाम बताया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि इस विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ प्री-प्राइमरी कक्षाएं भी शुरू होंगी, जिससे लगभग 1500 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।



### रोहित ठाकुर के प्रयासों से मिला कोटखाई को बड़ा तोहफा, शिक्षा में हिमाचल को मिली नई पहचान

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर में स्वीकृत 57 नए केंद्रीय विद्यालयों में से हिमाचल को दो कोटखाई और पांवटा साहिब का तोहफा मिला है। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए किसी सपने के साकार होने जैसा बताते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर पीजीआई, एएसईआर और एनएएस जैसी रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में शामिल हुआ।

**क्षेत्र को मिली अप्रत्याशित सौगात:** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि हाल ही में जुब्बल-नावर-कोटखाई की तीन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने और कोटखाई में सब-जज कोर्ट की स्वीकृति देना भी शिक्षा मंत्री की दूरदर्शी सोच का परिचायक है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना पूरे जिला शिमला और हिमाचल प्रदेश के लिए शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

### क्षेत्र की जीवनरेखा सड़क निर्माण में आ रही बाधाएं अस्वीकार्य : बीर सिंह

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** ग्राम पंचायत अढाल के अधीन शिला-नाला-मुंडदार-खाटली-अंटापू मोटर मार्ग इस क्षेत्र की जीवनरेखा है। इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में नाबार्ड योजना के तहत विधायक प्राथमिकता सूची में विधिवत शामिल किया गया है और इसकी डिपार्टमेंटल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) भी बनकर तैयार हो गई है, लेकिन खेद का विषय है कि कुछ तथाकथित लोग व्यक्तिगत स्वार्थ और राजनीति के कारण इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। ये लोग झूठी एवं भ्रामक अफवाहें फैलाकर लोगों को घुमराह कर रहे हैं और विभागीय स्तर पर भी गलत प्रचार-प्रसार कर विकास प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहते हैं। यह सडक मार्ग पूरी तरह से स्वीकृत है और इसका नियमानुसार कार्य आगे बढ़ रहा है। लोगों का विश्वास और सहयोग ही सबसे बड़ी ताक़त है।

## एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से सेवाएं ठप, श्रम अधिकारों को लेकर आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश 108 एवं 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन, संबंधित सीटू ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन देने और कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर 24 घंटे की प्रदेशव्यापी हड़ताल की। इस दौरान पूरे प्रदेश में एंबुलेंस सेवाएं बाधित रहीं। शिमला सहित सभी जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन हुए। शिमला में कर्मचारियों ने एनएचएम के प्रबंध निदेशक कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज करवाया।





शिमला में एनएचएम निदेशक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते 108 और 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रबंध निदेशक एनएचएम हिमाचल प्रदीप कुमार को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम भुगतान, नियमानुसार छुट्टियां, ईपीएफ-ईएसआई की गड़बड़ियों को सुधारने, प्रताड़ना बंद करने और न्यायालय के आदेश लागू करने जैसी मांगें शामिल हैं। निदेशक ने कर्मचारियों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन को सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, राज्य उपाध्यक्ष जगत राम, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा आदि ने संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडस्वेन फाउंडेशन के अधीन कार्यरत एंबुलेंस पायलट, कैप्टन और ईएमटी कर्मियों से 12-12 घंटे ड्यूटी ली जाती है, लेकिन उन्हें ओवरटाइम और न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जाता। कोर्ट और श्रम विभाग के आदेशों के बावजूद वर्षों से शोषण जारी है। यूनियन नेताओं को प्रताड़ित कर तबादले किए जाते हैं और कई कर्मचारियों को महीनों तक ड्यूटी से बाहर रखा जाता है।

नेताओं ने चेताया कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो यूनियन निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

## न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए : मीनाक्षी मांटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विकास खंड जुब्बल-कोटखाई की ग्राम पंचायत सारी में उच्च न्यायालय के आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है। वर्ष 2021 में हुए पंचायतीराज चुनावों में हुई भारी धांधली का मामला न्यायालय में विचाराधीन था।



इस संबंध में उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर को अपना फैसला सुनाते हुए मौजूदा प्रधान को अयोग्य घोषित किया। इसके बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते उपायुक्त कार्यालय की ओर से अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। अयोग्य घोषित होने के बाद भी मौजूदा प्रधान ग्रामसभा की बैठकें ले रहे हैं, जो न्यायालय के आदेशों का खुला उल्लंघन है।

भारतीय जनता पार्टी जुब्बल मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह ऐतिहासिक फैसला न्याय व्यवस्था में आस्था को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल इस निर्णय का स्वागत करता है तथा ग्राम पंचायत सारी से न्यायालय द्वारा प्रधान घोषित हुई रजु नेगटा को हार्दिक बधाई देता है।

**जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग:** मीनाक्षी मांटा ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि न्यायालय के आदेशों की अनुपालना जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रशासन को तुरंत कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में इस प्रकार की अवहेलना की पुनरावृत्ति न हो।

## खुशखबरी

## हिमाचल को शिक्षा क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात, राज्य सरकार की सिफारिश पर मिली मंजूरी

# कोटखाई-पांवटा में खुलेंगे दो नए केंद्रीय विद्यालय: शिक्षा मंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति ने देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। इन विद्यालयों में हिमाचल प्रदेश के लिए भी दो नए केंद्रीय विद्यालय शामिल किए गए हैं, जिनका शुभारंभ जिला शिमला के कोटखाई और जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की निरंतर सिफारिशों और प्रयासों का परिणाम है। इस पहल से प्रदेश के ग्रामीण व अर्द्ध-शहरी इलाकों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। ठाकुर ने बताया कि ये विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत प्री-प्राइमरी स्तर से शिक्षा प्रदान करेंगे। इससे राज्य के हजारों विद्यार्थियों को आधुनिक और निकटतम शिक्षा के अवसर उपलब्ध होंगे और पलायन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक केंद्रीय विद्यालय में लगभग 80 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। साथ ही भवन निर्माण और अवसंरचना कार्यों से स्थानीय श्रमिकों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते हुए।

### केंद्र और राज्य का साझा प्रयास

**शिक्षा** मंत्री ने प्रदेश सरकार की मांग को समर्थन देने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि प्रदेश में और अधिक केंद्रीय संस्थान स्थापित हो सकें।

### प्रदेश बनेगा ज्ञान का हब

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि यह कदम हिमाचल प्रदेश को ज्ञान का हब बनाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। आधुनिक सुविधाओं से लैस ये विद्यालय न केवल विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा देंगे बल्कि प्रदेश की आने वाली पीढ़ी को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की सौगात, पीएम मोदी का जताया आभार : बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता चेतन बरागटा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश को दो नए केंद्रीय विद्यालयों की सौगात दी है। इनमें से एक विद्यालय कोटखाई में स्वीकृत हुआ है। बरागटा ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं दूरगामी महत्व का निर्णय बताया। बरागटा ने कहा कि कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी, बल्कि यह संस्था क्षेत्र की शैक्षणिक आकांक्षाओं को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से आने वाली पीढ़ियों को मजबूत शैक्षणिक आधार मिलेगा और समग्र विकास की राह खुलेगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' संकल्प का जीता-जागता उदाहरण करार दिया।



## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी लाल ने महाकाल मंदिर में हवन कर दी पूर्ण आहुति

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने नवरात्रे सम्पन्न होने के उपलक्ष पर महाकाल मंदिर में हवन कर पूर्ण आहुति दी। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि नवरात्र शक्ति, साधना और आस्था का पर्व है, जो हमें उचित मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माने जाने वाले पर्व दशहरे की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें जीवन में सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व समाज में भाईचारे, आपसी सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। हमारी परंपराएं हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और नई पीढ़ी को संस्कृति से परिचित कराती हैं। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम, तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, वीरेंद्र जमवाल, राकेश बख्शी सहित स्थानीय लोग, श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और मंदिर न्यास के सदस्य उपस्थित रहे।

### डीसी ने नेशनल सैंपल सर्वे में सहयोग का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेम राज बैरवा ने जिला कांगड़ा के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, नेशनल सैंपल सर्वे (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण) का कार्य प्रदेश में किया जाना है। सभी नागरिक सर्वे में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकि जिले में सर्वे का कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। विभिन्न समाजिक आर्थिक सर्वेक्षणों के माध्यम से विभिन्न मदों पर आंकड़ों का एकत्रीकरण किया जाना है इस कार्य हेतु जिला स्तर पर अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस कार्य को किया जाता रहा है। इस वर्ष जिला सांख्यिकीय कार्यालय के क्षेत्रीय कर्मचारियों (प्रगणकों) द्वारा पर्यटन विषय पर 80वां नेशनल सैंपल सर्वे (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण) का क्षेत्रीय कार्य जिला कांगड़ा में निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन टैब एप्लिकेशन (सीएपीआई) की मदद से घर-घर जाकर सर्वेक्षण के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी जिला में लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर की स्थिति का आंकलन करने में मदद करेगी। एकत्र की गई जानकारी लोगों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में सरकार द्वारा विकासशील नीतियों के निर्माण में मददगार साबित होगी। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

### डाडासीबा कॉलेज में नवगठित एससीए ने ली शपथ

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडा सीबा में शुक्रवार को सत्र 2025-26 के लिए नवगठित केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय देहरा के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने शिरकत की, जबकि महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जतिंदर कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर तमन्ना (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रेसिडेंट, ऋतिका (बीए द्वितीय वर्ष) ने वाइस प्रेसिडेंट, स्नेहा (बीए प्रथम वर्ष) ने सचिव और शगुन ठाकुर (बीए प्रथम वर्ष) ने सह सचिव के रूप में शपथ ली। नई टीम ने कॉलेज में अनुशासन, स्वच्छता और विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. सोनी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि छात्रसंघ लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अगर जिम्मेदारी से कार्य करे तो समाज और देश दोनों नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने छात्र नेताओं से आग्रह किया कि वे कॉलेज के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं और विद्यार्थियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से उठाएं।

## एंबुलेंस कर्मियों से ली जा रही 12 घंटे ड्यूटी पर नहीं मिली सुविधाएं

# धर्मशाला में एंबुलेंस कर्मियों ने हड़ताल कर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश में 108/102 कर्मचारियों से 12-12 घंटे ड्यूटी ली जा रही है, इसके बावजूद इस वर्ग को न तो ओवरटाइम दिया जा रहा है और न ही अन्य सुविधाएं। जिसके चलते एंबुलेंस कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन एक दिवसीय हड़ताल की तथा इस दौरान धर्मशाला में रैली निकाली गई। साथ ही एंबुलेंस कर्मियों ने सरकार व कंपनी प्रबंधन को चेताया है कि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो उनकी हड़ताल अनिश्चितकालीन तक जारी रहेगी। यूनियन का कहना है कि जब भी हड़ताल की जाती है तो आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन बाद में उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश 108/102 कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू में के आह्वान पर धर्मशाला में जिला कांगड़ा के सभी कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के जिला प्रधान प्रशांत ने कहा कि पिछले 12 सालों से वे स्वास्थ्य विभाग में आपातकालीन एंबुलेंस सेवाएं दे रहे हैं, अब पुरानी कंपनी का जो ठेका था वह बदलकर मैड स्वान फाउंडेशन को दे दिया गया है। वर्ष 2021 में जब यह ठेका दिया गया था तब से लेकर आज तक इस कंपनी ने कर्मचारियों के लिए जो 12-12 घंटे ड्यूटी करते हैं लेकिन उनको न तो ओवर टाइम दिया जाता है न ही इनको कोई दूसरी सुविधा दी जाती है इसमें ना तो किसी पिछले जो पिछले 12 सालों से जो कर्मचारी काम कर रहे थे उस जीवीकेईएमआरआई कंपनी ने उन 12 सालों का न तो ग्रेच्युटी का भुगतान किया व न ही किसी कर्मचारी को ईएसआईसी सुविधा नहीं मिली। जो नई कंपनी आई है वह भी कर्मचारी वर्ग की मांगों को अनदेखा करती जा रही है। जिला प्रधान ने चेतावनी दी कि हड़ताल के बावजूद यदि कंपनी मांगें नहीं मानती है तो कर्मचारी हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए शुरू कर देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कंपनी की होगी।

## जनता की जेब पर वार दोस्तों को उपहार : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री व जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र से मिली राहत के बावजूद प्रदेश में आज जनता महंगाई और कुशासन की मार झेल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि के अवसर पर सीमेंट पर जीएसटी को 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी किया, जिससे हर बैग करीब 40 रुपये सस्ता होना था। यह राहत आपदा प्रभावित प्रदेश और गरीब-मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात थी, लेकिन प्रदेश की सुक्खू सरकार ने यह राहत जनता तक पहुंचने ही नहीं दी। बिक्रम ने कहा कि केंद्र से राहत मिलने के तुरंत बाद सुक्खू सरकार ने प्रदेश में एडिशनल गुड्स टैक्स को बढ़ाकर 16 रुपए प्रति बैग कर दिया गया, जबकि भाजपा सरकार के समय यह केवल 7.50 रुपये था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपदा के समय इसे 11 रुपये तक बढ़ाया था और अब मोदी सरकार की राहत मिलते ही तुरंत इसे और बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा यह कदम सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका डालने जैसा है।

# उपमुख्यमंत्री ने किया जल शक्ति विभाग के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बैजनाथ में जल शक्ति विभाग के नवनिर्मित डिवीजनल कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। लगभग 1.23 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह दो मंजिला आधुनिक भवन विभागीय कार्यों को और अधिक सुचारू बनाने तथा आमजन को सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जल शक्ति विभाग को मजबूत करने और जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ क्षेत्र के लोगों को नए कार्यालय भवन से सीधा लाभ मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 245 करोड़ की विभिन्न योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जिनमें 153 करोड़ की सिंचाई, 91 करोड़ की पेयजल तथा 68 करोड़ की सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी भी प्रकार से धन की कमी सामने आएगी तो उसे पूरा किया जाएगा। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री ने बैजनाथ से राजगुंधा वाया बीड़ बिलिंग बस सेवा शुरू करने की घोषणा भी की। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार आउटसोर्स भर्ती के पक्ष में नहीं है और नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत ही कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। इस अवसर पर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने उप मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# जसवां-प्रागपुर के लोगों ने मंत्री शेखावत को समर्पित किया भक्ति भाव का हवन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के जन्मदिवस के अवसर पर जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के उनके शुभचिंतकों ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया। मां चिंतपूर्णी के पावन मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच हुए इस अनुष्ठान में क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया और मंत्री शेखावत की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और जनसेवा की निरंतर ऊर्जा की कामना की। सुबह मंत्रोच्चारण और हवन की आहुतियों के बीच इन लोगों ने मां चिंतपूर्णी से प्रार्थना की कि गजेंद्र सिंह शेखावत का जीवन सदैव समाज और देश की सेवा में सफल और मंगलमय रहे। भूषण कालिया ने बताया कि शेखावत ने जिस निष्ठा और समर्पण से देश के जल संसाधनों और ग्रामीण विकास के लिए कार्य किया है, वह प्रेरणादायक है। उनकी सहजता, सरल स्वभाव और सबको साथ लेकर चलने की सोच ने उन्हें एक जनप्रिय नेता बना दिया है।

# भीख मांगते महिलाओं को 8 बच्चों सहित पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा के टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई जिसमें कॉलर ने बताया कि कुछ बच्चे एवं महिलाएं हनुमान मंदिर के गेट पर बैठ कर भीख मांग रहे है और लोगों को भीख मांग कर तंग कर रहे है। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी मनमोहन चौधरी ने दूरभाष के माध्यम से पुलिस स्टेशन धर्मशाला से संपर्क साधा और हनुमान मंदिर के गेट के बाहर हो रही बाल भिक्षावृति की सूचना दी व धर्मशाला पुलिस स्टेशन से दो पुलिस अधिकारी मौके पर आए और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम कांगड़ा से जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी, बलदेव सिंह, पर्यवेक्षक जितेंद्र व इंद्रजीत मौके पर गए व उन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों व महिलाओं को देखा और अपने पास बुलाया व साथ ही उनसे भीख मांगने का कारण पूछा। पुलिस कर्मचारियों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्चों व महिलाओं को रेस्क्यू किया व अपने साथ चाइल्ड हेल्पलाइन ऑफिस ले आए। पुलिस टीम ने जब बच्चों व महिलाओं से उनके आधार कार्ड मांगे तो उनके पास अपनी पहचान के कोई भी दस्तावेज नहीं मिले, कुछ महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को गोदी में उठाकर भीख मांग रही थी जब उनसे पहचान पत्र मांगे तो मौके पर नहीं पाए गए। इसके बाद पुलिस द्वारा हिदायत दी गई कि वे अपने व बच्चों के पहचान पत्र अगले दिन दिखाने आए। पुलिस छानबीन में पाया गया कि ये सब महिलाएं व बच्चे बाहरी राज्यों के हैं और चैतड़ु व चरान में रहते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन व पुलिस टीम ने उन्हें समझाया कि बाल भिक्षावृति कानूनन अपराध है, महिलाओं व बच्चों ने अपनी गलती स्वीकार की और कहा कि अब वे स्वयं व अपने बच्चों से भीख नहीं मंगवाएंगे और इन बच्चों को पास के स्कूल व आंगनबाड़ी में दाखिल करवाएंगे। पुलिस कर्मचारियों ने मौके पर ही मामले संबंधी लिखित कार्रवाई की और लिखित में ब्यान लिए कि वे दोबारा कभी भीख नहीं मांगेंगे। चाइल्ड हेल्पलाइन व पुलिस टीम ने महिलाओं को बिठा कर समझाया गया कि वे बच्चों को भीख मांगने के लिए न भेजे, व उन्हें समझाया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अब 6-14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है साथ ही बच्चों को किताबें वर्दी व मिड डे मील योजना अंतर्गत दोपहर को भोजन भी मिलता है अतः आप बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाए, अगर बच्चों को दाखिल करने में कोई समस्या आती है तो चाइल्ड हेल्पलाइन टीम आपकी पूरी मदद करेगी।

## बास्केटबॉल के लिए अजीत सक्षम और पार्थ का चयन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डोह।** स्थानीय पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह के अजीत कुमार, सक्षम और भवारना स्कूल के पार्थ पटियाल का राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन हुआ है। भवारना शिक्षा खंड के अंडर-19 मेजर गेम्स की प्रतियोगिताएं हाल ही में कालियाड़ा में संपन्न हुईं। टीम के मैनेजर नीरज सूद, कोच अजय सूद व सहायक कोच सन्नी परमार ने कहा कि जयसिंहपुर जॉन में आयोजित प्रतियोगिता में इन छात्रों का प्रदर्शन बहुत ही बेहतरीन रहा है। खिलाड़ियों ने जयसिंहपुर जॉन की टीम को सीधे सेटों में 71/67 अंकों के अंतर से पराजित कर विजेता रहे हैं। भवारना जॉन की टीम के तीन खिलाड़ियों को अब आगामी प्रशिक्षण के बाद राज्य स्तरीय टीम का हिस्सा बनना होगा और वह राज्य की टीम में अपना दमखम दिखाएंगे।

# प्रशासन अलर्ट : मिलावटी मिठाई और अवैध पटाखों पर सख्ती

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** त्योहारों की रौनक पर अब प्रशासन की पैनी नजर है। उपमंडल देहरा में त्योहारी सीजन के दौरान मिलावटी मिठाई और अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर किसी भी दुकान पर खामी पाई गई तो नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। त्योहारों से पहले ही मिठाई विक्रेताओं को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे गुणवत्ता से समझौता न करें और मिठाई को ढककर रखें। खुले में बिकने वाली मिठाइयों या खाद्य पदार्थों पर रोक रहेगी। प्रशासन ने जांच के लिए विशेष कमेटियों का गठन कर दिया है, जो दुकानों का औचक निरीक्षण करेंगी। एसडीएम कुलवंत सिंह पोटन ने कहा कि कई बार लापरवाही से लोगों की सेहत पर असर पड़ता है और यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिर्फ मिठाई ही नहीं, बल्कि पटाखों की बिक्री को लेकर भी प्रशासन ने व्यापक कदम उठाए हैं। इस बार उपमंडल देहरा भर में केवल चयनित स्थानों पर ही पटाखे बेचे जा सकेंगे। इनमें शहीद भुवनेश्वर डोगरा स्टेडियम देहरा, नैहरनपुखर ढलियारा खड्ड, बढ़लठौर खड्ड, हरिपुर ग्राउंड, बनखंडी ओपन रोड, भरवाई चौक, जसवां स्कूल के पीछे (कोटला बेहड़), डाडासीबा पुल के समीप, स्यूलखड्ड और टेरस रेहड़ी चौक शामिल हैं। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि पटाखा बेचने वाले सभी दुकानदारों को अस्थायी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा और केवल ग्रीन पटाखे ही बेचे जा सकेंगे। पटाखे जलाने के लिए भी समय सीमा तय की गई है - दीपावली व गुरुपर्व पर रात 8 से 10 बजे तक, छठ पर्व पर शाम 6 से 8 बजे तक और क्रिसमस व नववर्ष पर रात 11:55 से 12:30 बजे तक। एसडीएम कुलवंत सिंह पोटन ने कहा कि भीड़भाड़ वाले बाजारों, सरकारी कार्यालयों और हेरिटेज इमारतों के पास पटाखे जलाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटवार वृत्त कार्यालय जनता को किया समर्पित

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने ढलियारा के गांव सूरजपुर में नव सृजित पटवार वृत्त कार्यालय का विधिवत शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यालय के प्रारंभ होने से अब क्षेत्र के लोगों को अपने भूमि संबंधी कार्यों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही उन्हें आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि पारदर्शिता और सुविधा को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ ही क्षेत्र के लोगों की अरसे



देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने किया शुभारंभ

से चली आ रही पटवार वृत्त की मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। सूरजपुर में पटवार वृत्त कार्यालय की स्थापना इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाएगा। इस दौरान विधायक कमलेश ठाकुर ने गांव में उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनीं और कई जनहित मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया और साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने को कहा।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के कमांद में आयोजित श्री शिवपुराण कथा शुरू होने से पूर्व कलश पूजन में भाग लेती महिलाएं। सात अक्तूबर तक आयोजित होने वाली इस कथा को कथावाचक पंडित अनूप दीक्षित रामनगर वाले अमृतवर्षा करेंगे।



## प्रताप वर्ल्ड स्कूल में करियर अवसरों का मेला 4 को

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट, गर्व के साथ कैरियर फेयर ओडिसी 2025 की घोषणा करता है, जो एक प्रमुख पहल है और छात्रों व अभिभावकों को उच्च शिक्षा और उभरते करियर अवसरों की जानकारी देने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह कार्यक्रम 4 अक्तूबर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह ओपन इवेंट है, जिसमें किसी भी स्कूल के छात्र और अभिभावक भाग ले सकते हैं, जिससे यह एक वास्तव में समावेशी प्लेटफ़ॉर्म बन जाता है। इस फेयर में पठानकोट, नूरपुर और कठुआ क्षेत्र के 1000+ छात्रों की भागीदारी होगी और इसमें भारत और विश्व भर के 50+ प्रतिष्ठित कॉलेज और विश्वविद्यालय शामिल होंगे। इसके अलावा, 6 विशेषज्ञ सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जो छात्रों को करियर के मार्ग, कौशल विकास और उच्च शिक्षा के अवसरों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं नए युग के करियर विकल्पों का अन्वेषण 21वीं सदी के कौशल की पहचान परामर्श और मेंटरशिप सत्र उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी नौकरी के अवसर और उभरते क्षेत्रों का अन्वेषण श्री सनी महाजन, निदेशक, प्रताप वर्ल्ड स्कूल, ने इस पहल के पीछे का दृष्टिकोण साझा किया। करियर फेयर ओडिसी 2025 सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है यह छात्रों और अभिभावकों को स्पष्टता, मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का अवसर है।

# ललेटा सड़क अगले छह माह में बनकर होगी तैयार : पठानिया

**मनीष कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज डढम्भ में डढम्भ-ललेटा सम्पर्क सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि सड़कें आर्थिक विकास, सुलभता और बेहतर सामाजिक सेवाओं की जीवनरेखा हैं, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए। इस सड़क से ललेटा, टुंडू, टारू तथा भटेच्छ इत्यादि गांवों की लगभग 1450 की आबादी लाभान्वित होगी। पठानिया ने बताया कि 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क को अगले छः महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 9.80 करोड़ रुपए से बन रही ललेटा-बणुमहादेव सड़क का कार्य भी तेज़ गति से चल रहा है। सड़क के निर्माण से इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं। विधायक ने यह भी बताया कि क्षेत्र की भोगल और बड़ी कूहल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।




**कला**

## स्किल और मेक इन इंडिया की चित्र में दिखी झलक

# गुलेर शैली में दिखाई प्रधानमंत्री मोदी की पेंटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विकसित भारत के रंग, कला के संग (सेवा पर्व) की प्रोफेशनल कैटेगरी में सुरेश चौधरी ने प्रथम स्थान के साथ एक लाख का इनाम जीता है। सुरेश चौधरी द्वारा बनाई गई पेंटिंग में प्रधानमंत्री मोदी को गुलेर शैली में दिखाया गया है। यही नहीं पेंटिंग में स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया की झलक भी दिख रही है। सुरेश चौधरी 25 सालों से पहाड़ी शैली में काम कर रहे हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय में पहाड़ी चित्रकला के संबंध में तकनीक के ऊपर पीएचडी कर चुके हैं। भाषा एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के रिजनल सेंटर रिज मैदान शिमला में विकसित भारत के रंग, कला के संग (सेवा पर्व) का आयोजन किया गया, जिसमें 2500 के लगभग प्रतिभागियों ने स्कूल कैटिगरी, कॉलेज



प्रोफेशनल कैटेगरी में सुरेश चौधरी को प्रथम स्थान के साथ एक लाख का इनाम

और यूनिवर्सिटी कैटागरी और प्रोफेशनल कैटागरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, ललित कला अकादमी के अध्यक्ष दो नंदलाल ठाकुर उपस्थित रहे। सुरेश चौधरी द्वारा बनाई गई पेंटिंग में प्रधानमंत्री मोदी को गुलेर शैली में दिखाया गया है, जिसमें पीएम हाथ में संघोल पकड़कर खड़े हैं, जो इस बात का संकेत है कि हमें विकास तो करना है, लेकिन संस्कृति और विरासत को साथ लेकर चलना है। चित्र में स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया जो कि प्रधानमंत्री की कई योजनाओं में से एक है इनको दर्शाया गया है, जिसमें 2047 तक आते-आते भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। विश्व के मानचित्र पर शेर को सिक्के के साथ छलांग लगाते हुए दिखाया गया है। जिसका अर्थ दर्शाया गया है कि 2047 में भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार से आसमान छूएगी। 2047 तक हर बच्चे को शिक्षा अनिवार्य और योग की शिक्षा अनिवार्य हो जाएगी।

## छात्रों ने जिला स्तरीय खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा के छात्रों ने जिला स्तरीय खेलों में शानदार प्रदर्शन कर, राज्य स्तरीय खेलों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजय मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के दो होनहार छात्रों ने कांस्य पदक जीतकर पूरे स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं के घनश्याम सिंह ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में जिला स्तरीय खेलों में उम्दा प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। कक्षा 11वीं के आयुष ने 60+ किलोग्राम भार वर्ग में जिला स्तर पर हुए जोरदार मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला स्तरीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय खेलों के लिए विजय मेमोरियल स्कूल के दसवीं के छात्र आर्यन का चयन हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ। जीत की इसी श्रृंखला को जारी रखते हुए अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमेश्वर का चयन जिला स्तर के लिए तथा अंडर-19 वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में आरुषि का चयन जिला स्तरीय खेलों के लिए हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि जब शिक्षा और खेल दोनों को समान महत्व दिया जाए।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में एबीवीपी की ऐतिहासिक जीत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभाविप ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में छात्र संघ चुनावों में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। इस चुनाव में कुल 20 विभागीय प्रतिनिधियों पर परिषद के उम्मीदवार विजयी रहे हैं। पहले चरण में 18 प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए थे, वहीं आज शाहपुर परिसर स्थित स्कूल ऑफ फिजिकल एंड मैटेरियल साइंसेज में हुए चुनावों में भी परिषद के उम्मीदवार दीक्षांत राणा और कुशल ने शानदार जीत दर्ज की। इस प्रकार केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने

**शाहपुर परिसर में भी दीक्षांत राणा और कुशल की शानदार जीत**

20-0 से जीत हासिल कर नया इतिहास रच दिया है। बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज नितिन ठाकुर, लॉ हर्षित पुंडीर, एजुकेशन शुभम कपूर, एंड ह्यूमैनिटीज साक्षी ठाकुर, गौरव, लैंग्वेज दिव्यांशु चौधरी, अभिषेक, अर्थ एंड एनवायरनमेंटल साइंस अभय, लाइफ साइंस करण, ईशा सकलानी, मैथमेटिक्स, कंप्यूटर एंड इन्फॉर्मेशन साइंस गुलाब सिंह, नीरज, फाइन आर्ट्स एंड आर्ट एजुकेशन हर्ष मिश्रा, आर्यन चौधरी, टूरिज्म, ट्रैवल एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट स्वास्तिक भारद्वाज, जर्नलिज्म, मास

**20 में से सभी 20 प्रतिनिधि एबीवीपी के खाते में**

कम्युनिकेशन एंड न्यू मीडिया प्रगति पांडे, सोशल साइंस निशांत सकलानी, मोहनलाल, स्कूल ऑफ फिजिकल एंड मैटेरियल साइंसेज दीक्षांत राणा, कुशल चुने गए। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि यह परिणाम संगठन की मजबूत पकड़, सेवा और संघर्ष की परंपरा तथा विद्यार्थियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। परिषद ने इस जीत को विद्यार्थियों की आकांक्षाओं और भरोसे की जीत बताया है और स्पष्ट किया कि एबीवीपी सदैव छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 750 निक्षय मित्र टीबी मरीजों को मानसिक समर्थन करेंगे प्रदान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** ब्लॉक शाहपुर में स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार अभियान के तहत एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की गई है। आईटीआई शाहपुर में लगभग 750 निक्षय मित्र बनाए गए हैं, जो टीबी मरीजों को सामाजिक और मानसिक समर्थन प्रदान करेंगे। आईटीआई शाहपुर के प्रिंसिपल और अध्यापकों ने इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल छात्रों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया, बल्कि स्वयं भी निक्षय मित्र बने। यह पहल शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। आईटीआई शाहपुर के प्रिंसिपल चैन सिंह राणा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ शाहपुर डॉ. कविता ठाकुर ने भी छात्रों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र टीबी मरीजों को मानसिक और सामाजिक समर्थन देंगे। इससे टीबी मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने जीवन को बेहतर बना पाएंगे।इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। हमें पूरी उम्मीद है कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने में सहायक होगी और टीबी मरीजों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

### लंज कॉलेज में एचसीएल कंपनी का रोजगार पहल कार्यक्रम

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय लंज में एचसीएल कंपनी द्वारा रोजगार पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । उन्होंने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में 10 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण 'लिखित परीक्षा' में भाग लिया, जिनमें से सानिया, अर्शित, हर्ष और कृतिका ने सफलता प्राप्त करते हुए अगले चरण के लिए योग्यता हासिल की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने इसे लाभकारी अनुभव बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के अवसर प्रदान करने की अपेक्षा जताई। प्राचार्य ने एचसीएल कंपनी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होता है।

### डीसी ने किया अनाज मंडी फतेहपुर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शुक्रवार को फतेहपुर स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी संबंधित विभागों, जिनमें सिविल सप्लाई और एपीएमसी शामिल हैं, को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मंडी में बिक्री, भंडारण और वितरण की प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाज की आपूर्ति सुचारू रहे और किसी भी तरह की अनियमितता न हो। उन्होंने विभागों को सख्त हिदायत दी कि किसानों और खरीदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर फतेहपुर के एसडीएम विश्रुत भारती भी उपस्थित रहे। उन्होंने उपायुक्त का फतेहपुर पहुंचने पर स्वागत किया और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में उन्हें जानकारी दी। उपायुक्त और एसडीएम ने मिलकर क्षेत्रीय विकास और प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा की, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिलती रहें।

### जीएसटी नेक्स्ट जेन 2.0 संगोष्ठी का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** शुक्रवार को नगरोटा बिधानसभा से अंतर्गत दोनों भाजपा मंडलों नगरोटा एबं बड़ोह मंडल द्वारा सलोह मंदिर हॉल समलोटी में जीएसटी नेक्स्ट जेन 2.0 संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांगड़ा के विधायक एवं प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष पवन काजल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरोटा के पूर्व विधायक अरुण कुमार कुक्का ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए काजल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में किए गए सुधार से आम जनता के साथ साथ व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित हुआ है। इस अवसर पर नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार कुका ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी की जनहित में नई दरों के लागू करने से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में नगरोटा बगवां भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, बड़ोह मंडल अध्यक्ष अजीत राणा, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार, रीना, पवन चौधरी, गौरव, अंशुल, अभिनव, दोनों मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### प्राथमिक शिक्षकों ने किया नई क्लस्टर प्रणाली का विरोध

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के तहत पड़ती राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, खंड फतेहपुर की खंड कार्यकारिणी की बैठक, खंड अध्यक्ष बलबीर संधू जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश द्वारा 23 सितंबर 2025 को जारी नई कलस्टर प्रणाली पर विरोध जताने का निर्णय लिया गया। सचिव (शिक्षा) द्वारा 29 नवंबर 2023 को क्लस्टर सिस्टम पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के स्कूल यथावत क्लस्टर प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे, जबकि कक्षा 6 से 12वीं तक अलग प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे। वर्तमान क्लस्टर का उद्देश्य केवल संसाधन साझा करना था। इस व्यवस्था पर प्राथमिक शिक्षक संघ और सचिव (शिक्षा) के बीच कई बार वार्ता हुई थी और सहमति बनाई गई थी। स्कूली शिक्षा निदेशालय बनाए जाने के बाद प्रशासनिक नियंत्रण में एकतरफा बदलाव किया गया और प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में हस्तक्षेप हुआ। संघ ने 43 दिन तक क्रमिक अनशन किया और 7 जून 2025 को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की मध्यस्थता में अनशन समाप्त किया। बावजूद इसके आज तक प्राथमिक शिक्षकों की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खंड कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस, 5 अक्तूबर 2025 (रविवार) को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक उप-मंडल कार्यालय फतेहपुर के बाहर सभी प्राथमिक शिक्षकों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संघ ने एसडीएम फतेहपुर, विश्रुत भारती को ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया और औपचारिक मांग पत्र भी सौंपा। संघ की मुख्य मांग है कि 23 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना को तुरंत वापस लिया जाए, क्योंकि यह प्राथमिक शिक्षा और शिक्षकों के हितों के खिलाफ है।

### युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, एफआईआर

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** जिला शिमला के रोहड़ू थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक शख्स पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और बाद में धोखा देने का आरोप लगाया है। पीड़िता एक सरकारी विभाग में कार्यरत है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 351(2) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में न सिर्फ शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक उनकी जान-पहचान सनी ठाकुर निवासी रोहडू से हुई, जो किराए के कमरे में रहता था। अक्तूबर 2024 में सनी ठाकुर उन्हें अपने किराए के कमरे में ले गया और उनकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि सनी ठाकुर ने उनसे विभिन्न स्थानों पर शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती भी हुईं, लेकिन सनी ठाकुर ने उनकी सहमति के बिना गर्भपात करवा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार सनी ठाकुर ने उन्हें केवल विवाह का झूठा प्रलोभन देकर शोषण किया। साथ ही सनी ठाकुर के परिजन भी उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार केस दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### जातिगत भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन करेगी माकपा

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी रोहडू में 12 वर्षीय दलित के साथ किए गए जातिगत भेदभाव के खिलाफ 6 अक्तूबर को प्रदेश समेत बालीचौकी में प्रदर्शन करेगी, जिसमें सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया जाएगा। यह जानकारी माकपा लोकल कमेटी बालीचौकी के सचिव महेंद्र राणा ने दी है। माकपा ने बच्चे के साथ किए अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा की है। महेंद्र राणा ने कहा कि गत दिन पहले रोहडू तहसील में दलित बच्चे ने किसी स्वर्ण के मकान को छू लिया।जिसकी वजह से मकान मालिक ने उसे गौशाला में बंद कर दिया और शुद्धि के लिए बकरे की बलि की मांग की। जिसके कुछ समय बाद अंदर देखा तो बच्चे ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने माना है कि दलित बच्चे की मृत्यु का मुख्य कारण उसके साथ किया गया अत्याचार था। सचिव ने कहा जातिगत भेदभाव हमारे संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन है। वर्तमान में सामाजिक कार्यक्रम खासकर स्कूलों में दोपहर के भोजन में बच्चों के साथ जातीय भेदभाव होता है। कहा कि जातिगत भेदभाव समाज और देश को बांटने व उसे पीछे ले जाने में योगदान देता है।

## फेस्टिवल सीजन के लिए फूड सेफ्टी विभाग ने कसी कमर, मिठाई निर्माता पर रहेगा फोकस

# मिठाई बनाने वाले कर्मी हों मेडिकली फिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

फेस्टिवल सीजन का आगाज हो चुका है, वहीं फूड सेफ्टी विभाग ने भी मिठाइयों की चेकिंग व सेपलिंग के लिए कमर कस ली है। विभाग की मानें तो फेस्टिवल सीजन के दौरान मिठाइ निर्माता यूनिटस पर विशेष फोकस रहेगा।

इस दौरान जहां स्वच्छता का ध्यान रखा जाना जरूरी है, वहीं मिठाइ बनाने वाले कर्मियों का मेडिकली फिट होना भी आवश्यक होगा। इस संबंध में फूड सेफ्टी विभाग की ओर से मिठाइ निर्माता यूनिटस के लिए बकायदा एडवाजरी जारी की गई तथा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार जिला कांगड़ा में धर्मशाला, पालमपुर, कांगड़ा, नूरपुर और ज्वालामुखी के पास मिठाइ निर्माता यूनिटस हैं। विभाग का प्रयास यही रहता है अधिक से अधिक मिठाइ बिक्रेताओं को फेस्टिवल सीजन के दौरान कवर करते हुए सैंपलिंग की जाए।

### मिठाइयों की क्वालिटी हो बेहतर, स्वच्छता हो जरूरी



फूड सेफ्टी विभाग की असिस्टेंट कमीशनर डा. सविता ठाकुर ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि फेस्टीवल सीजन में ज्यादा बिक्री मिठाइयों और दूध से निर्मित उत्पादों की बिक्री अधिक होती है। मिठाइयों के थोक व परचून विक्रेताओं फेस्टीवल सीजन के मद्देनजर पहले ही एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि मिठाइयां बनाने की सामग्री अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही मिठाइयां बनाने वाले कर्मी मेडिकली फिट होनी चाहिए।

### ज्यादा रंगों का न करें इस्तेमाल

**डॉ.** सविता ने बताया कि मिठाई निर्माता कई बार रंगों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, जिन्हें निर्देशित किया गया है कि मिठाइयों में रंगों की मात्रा उतनी ही डाली जाए, जितनी की एफएसएसएआई की ओर से निर्धारित की गई है। साथ ही एफएसएसएआई से स्वीकृति रंगों का ही मिठाइ बनाने में प्रयोग करें।

### हर फूड इंस्पेक्टर को 25 सैंपल का टारगेट

**बकौल** डा. सविता विभाग के तहत आते हर फूड इंस्पेक्टर को 25 सेंपल प्रतिदिन माह का टारगेट रहता है। फेस्टीवल सीजन के दौरान मिठाइ निर्माता यूनिट पर फोकस किया जाता है, क्योंकि अधिकतर बाजारों में मिठाइ वहीं से जाती है। धर्मशाला, पालमपुर, कांगड़ा, नूरपुर और ज्वालामुखी के पास मिठाइ निर्माता यूनिटस हैं। प्रयास यही रहता है अधिक से अधिक मिठाइ बिक्रेताओं को फेस्टीवल सीजन के दौरान कवर करते हुए सेंपलिंग की जाए।

### ऑयल को बार-बार न करें प्रयोग

**फूड** सेफ्टी विभाग की असिस्टेंट कमीशनर डॉ. सविता ठाकुर ने कहा कि मिठाई विक्रेताओं से कहा कि ऑयल को बार-बार मिठाइयों को फ्राई करने में इस्तेमाल न करें। इसके साथ डिब्बा बंद मिठाइयों में यह चेक किया जाए कि मिठाइ किसके द्वारा बनाई गई है, बनाने की तिथि व एक्सपायरी डेट उस पर अंकित है या नहीं। मिठाइयों की सैंपलिंग कर उन्हें जांच के लिए कंडाघाट लैब में भेजा जाता है। इसके अलावा निजी लैब में भी सेंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। पिछले वर्ष फेस्टीवल सीजन के दौरान सैंकड़ों किलो ग्राम मिठाइयों को गुणवत्तापूर्ण न होने के चलते नष्ट करवाया गया था। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को भी इस ओर ध्यान देना जरूरी अन्यथा उनके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी।

# पिछले 6 दिन से घर में लग रही है रहस्यमी तरीके से आग

**नरेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** विकास खंड लंबागांव की धुपक्यारा पंचायत के संसार चंद जरियाल के घर में पिछले छह दिन से रहस्यमयी तरीके से आग लग रही है। हालांकि, बिजली बोर्ड ने अपनी ओर से घर बिजली काट दी है, लेकिन घर में आग लगने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। पुलिस व अग्निशमन विभाग भी मौके का मुआयना कर चुका है। लेकिन इस आग के रहस्य से पर्दा अभी तक नहीं उठ पाया है।

रहस्यमयी आग से पूरे क्षेत्र में हड़कंप जिला प्रशासन की ओर से अभी तक इस आग के रहस्य पर किसी प्रकार की कोई जांच करने के लिए कोई नहीं आया है, जिससे परिवार में रोष है। रहस्यमयी आग से जहां परिवार सहमा हुआ है, वहीं यह परिवार पिछले छह दिन से सही ढंग से सो भी नहीं पाया है। इस आग की घटना से पूरे इलाके में हडक्रंप है। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब तक इस घटना में किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है और परिवार के सभी सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि इस अजीब घटना की शुरुआत रविवार को हुई जब पहले बिजली के एमसीबी पिघल गए और उसके बाद बिना कनेक्शन वाले बोर्ड और यहां तक कि बिना विद्युत संपर्क वाले फैन में भी अचानक आग लगने की घटनाएं सामने आई। बिजली बोर्ड ने एहतियातन घर की आपूर्ति पूरी तरह काट दी, लेकिन आग का सिलसिला फिर भी नहीं रुका।

उक्त परिवार ने स्थानीय प्रशासन से शीघ्र ही घटना की जांच करने की मांग उठाई है। आग लगने का सिलसिला अभी भी जारी है। बुधवार को जहां बिना बिजली कनेक्शन के घर में रखा एक पुराना टीवी अपने आप ही जलना शुरू हो गया था, वहीं गुरुवार रात को 9:30 बजे फिर एक पंखे में आग लग गई। रहस्यमयी परिस्थितियों में लग रही इस आग के संबंध में लोगों की ओर से भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस रहस्यमयी आग ने परिवार पिछले छह दिन से सो नहीं पाया है। इस संबंध में बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता कुलदीप शर्मा का कहना है कि वह मौके पर गए हुए थे। बोर्ड की ओर से घर की बिजली काट दी गई है। फिर भी आग लग रही है जोकि बिल्कुल समझ परे है।

# छात्रों ने क्रॉस कंट्री में रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता, संगड़ाह (सिरमौर) में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं का कॉलेज लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। भोली, दीपक और नारायण ने दिलाया गौरव इस प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा भोली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता हासिल की।

इसी प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के दीपक ने भी प्रथम स्थान पाया, जबकि बीए प्रथम वर्ष के नारायण ने द्वितीय स्थान अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विजेता खिलाड़ियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो डॉ. बलराज, प्रो डॉ. नरेश मनकोटिया और प्रो. तरसेम जरयाल भी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रो. राकेश पठानिया ने कहा भोली, दीपक और नारायण ने अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह सफलता अर्जित की है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगी।



### कॉलेज प्रिंसिपल ने बधाई देकर थपथपाई छात्रों की पीठ

प्राचार्य ने स्पोर्ट्स विभाग और कोचिंग स्टाफ की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही कॉलेज के अन्य खिलाडियों और विद्यार्थियों का भी स्वागत किया गया। महाविद्यालय परिसर में छात्रों की इस उपलब्धि से उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में चौथा कौशल दीक्षांत समारोह आज

**कोहली, अनंत ज्ञान**

शाहपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में 4 अक्टूबर शनिवार को चौथा कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा । जानकारी देते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि चौथा कौशल दीक्षांत समारोह जो कुशल युवाओं को उनके कौशल व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करते हैं।

राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का सम्मान करते हैं। ये समारोह युवाओं को प्रेरित करने और भारत को वैश्विक कौशल केंद्र बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होते हैं। उन्होंने बताया कि यह हर्ष का महोत्सव है कि पूरे देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौथे दीक्षांत समारोह के लिए 200 आईटीआई का चयन हुआ द्य जिनमे हिमाचल की तीन आईटीआई को प्रधानमंत्री से रूबरू होने का मौका मिला व जिसमें आईटीआई शाहपुर का नाम प्रथम स्थान पर रहा ।

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह का शुभारंभ कल बतौर अतिथि आईएमसी अध्यक्ष इंजीनियर सुरजीत राणा करेंगे । वहीं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रशिक्षार्थियों को उनके अंक पत्र और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जो उनकी कुशलता को प्रमाणित करते हैं।

## हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर निवासी विनय भारती को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# एक बार फिर पौंग बांध से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा के फतेहपुर और इंदौरा विधानसभा क्षेत्रों में ब्यास नदी किनारे बसे लोगों के लिए एक बार फिर खतरे की घंटी बज गई है। पिछली बार पोंग बांध से छोड़े गए पानी ने भारी तबाही मचाई थी। कई घर जमींदोज हो गए, खेत-खलिहान और तैयार फसलें बह गई थीं।

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने 4 अक्टूबर 2025 को पानी छोड़ने की सूचना दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। 3 अक्टूबर 2025, 4 बजे के अनुसार पोंग डैम का रिजर्वायर स्तर 1388.49 फीट है। डैम में इनफ्लो 10,084 क्यूसेक और आउटफ्लो 17,173 क्यूसेक दर्ज किया गया। मौसम आंशिक बादल है। डैम की अधिकतम हाइड्रॉलिक क्षमता 11,500 क्यूसेक और डाउनस्ट्रीम एसएनबी फ्लो 5,523 क्यूसेक है। बीबीएमबी ने सिविल, सिंचाई, जल निकासी और बाढ़ नियंत्रण विभागों को अलर्ट किया है और स्थानीय प्रशासन को सभी सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग और तकनीकी समिति के निर्णय के तहत 4 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे से पोंग डैम से पानी छोड़ा जाएगा।

**फतेहपुर-इंदौरा में अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील**

डैम पावर हाउस की टरबाइनों से करीब 50,000 क्यूसेक और स्पिलवे गेटों से लगभग 32,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा, जिससे कुल निकासी 50,000 क्यूसेक तक रहेगी। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने लोगों से सचेत रहने की अपील की और कहा कि स्थानीय लोग ब्यास नदी किनारे जाने से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। किसी भी तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

## पांच लाख नौकरियां और महिलाओं को 1500 रुपए सब झूठ : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र कुमार ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने जनता को कई गारंटियां दी थीं, लेकिन सत्ता में आते ही उन सभी वादों पर पानी फिर गया। राजेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि युवाओं को पांच लाख नौकरियों का सपना दिखाया गया था, महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक कुछ भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है और बिजली-पानी के बिलों ने घर-घर की चिंता बढ़ा दी है।



उन्होंने कहा कि आपदा के समय भाजपा संगठन ने हर गांव-हर क्षेत्र में जाकर राहत पहुंचाई, लेकिन कांग्रेस सरकार उस वक्त नदारद रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांगड़ा दौरे पर प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज दिया था, लेकिन आज तक यह साफ नहीं है कि वह पैसा आखिर खर्च कहां हुआ।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्र की राहत प्रदेश सरकार को रास नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश की जनता मन बना चुकी है। जल्द ही होने वाले चुनावों में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही रणजीत बख्शी जनकल्याण फाउंडेशन



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में रणजीत बख्शी जनकल्याण फाउंडेशन पिछले तीन वर्षों से लगातार महिलाओ को आत्मनिर्भर वनाने के लिए निशुल्क ब्यूटी पार्लर और सिलाई कोर्स करवाकर उन्हें सक्षम बना रही है । नूरपुर की विभिन्न पंचायतों की दस ब्यूटी पार्लर का कोर्स पूरा कर चुकी महिलाओं को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट दिए गए।

रणजीत बख्शी जनकल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष अकिल बख्शी ने बताया कि उनका मकसद सिर्फ इतना है कि जो माताएं, बहनें विधवा हैं, अकेली हैं, तलाकशुद्धा या गरीब परिवार से संबंधित है उनको अपने पांव पर सक्षम तरीके से खड़ा करने के लिए यह कोर्स करवाए जाते हैं ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें । उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज 10 महिलाओं के ब्यूटी पार्लर कोर्स का पांचवां बैच खत्म हुआ है इससे पहले 40 लड़कियां इसका लाभ उठा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा ।

### ब्यूटी पार्लर कोर्स का 40 लड़कियों ने उठाया लाभ

बख्शी ने कहा कि इस ब्यूटी पार्लर कोर्स में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाली महिलाओ को संस्था की तरफ से सैलून चलाने का सामान भी दिया जा रहा है साथ ही भविष्य में वह अपना बिजनेस करना चाहती हैं तो भी संस्था यथा संभव सहायता करेगी ।

## कार्यक्रम — हिंदी पखवाड़ा के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# मूल राज, योगेश व सुमित ने झटके प्रथम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिन्दी के व्यापक प्रयोग के लिए हम सभी को प्रयास रहना चाहिए । यह शब्द विपिन कुमार मौर्या, वरिष्ठ महाप्रबंधक, बीएसएनएल धर्मशाला ने हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अपने सम्बोधन में कहे । उन्होंने कहा कि हम सब को संकल्पित हो कार्यालय में हिंदी के व्यापक प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि हिन्दी सरल है सुलभ है और सभी की पसंदीदा भाषा है इसलिए हिंदी को अपनाने में किसी प्रका का संशय नहीं रहना चाहिए। वरिष्ठ महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि आजकल ई-ऑफिस या अन्य सभी कार्यालयी पोर्टल पर हिंदी टंकण को बहुत सरल और सुलभ बना दिया गया है जिसका लाभ उठाकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग को एक अभियान के रूप में लक्ष्य तक पहुंचने का काम करना चाहिए । इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक ने हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया ।



### हिंदी के व्यापक प्रयोग के लिए हम सभी को प्रयासरत रहना चाहिए : विपिन मौर्या

निबंध लेखन प्रतियोगिता में मूल राज लेखा अधिकारी ने प्रथम, उकेश, उपमंडल अभियंता ने द्वितीय व सुमित सकराल कनिष्ठ लेखा अधिकारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । सुलेख लेखन प्रतियोगिता में योगेश जेटीओ ने प्रथम, कुमारी नीलम, निजी सचिव ने द्वितीय व भूपिंद्र कार्यालय अधीक्षक ने तृतीय स्थान अर्जित किया, जबकि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सुमित सकराल कनिष्ठ लेखा अधिकारी ने प्रथम, रिशव व रेणु बाला कनिष्ठ दूरसंचार अभियंता ने द्वितीय तथा पवन कुमार, आंतरिक वित्त सलाहकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### हिंदी को अपनाने में किसी प्रकार का संशय नहीं रहना चाहिए

# देहरी कॉलेज में राष्ट्रवाद और अहिंसा पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, देहरी के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन एक साथ दो अंतर्राष्ट्रीय दिवसों संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्तूबर और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन और समाज में वृद्धजनों के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन रोमेल सिंह पठानिया उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार, बीएमओ रिचा, और डॉक्टर राजेंद्र कुमार शामिल थे। मेरा युवा भारत-कांगड़ा के डिप्टी डायरेक्टर ध्रुव डोगरा ने सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से टोपी, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम के केंद्र में वर्तमान संदर्भ में महात्मा गांधी के अहिंसा के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित एक वाद-विवाद प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में 9 टीमों के कुल 18 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें पलक एवं रूपाली ने प्रथम स्थान और अदिति एवं संजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य नीरज कुमार और रमन कायथ द्वारा किया गया।



### महाविद्यालय में मनाया जा रहा राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर के अधीन वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, देहरी के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा 3 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है वन्यजीव संरक्षण वित्त लोगों और पृथ्वी में निवेश, जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझाना और उन्हें अपने आसपास के जीवन की नाजुकता का एहसास दिलाना है। यह पहल छात्रों को यह याद दिलाती है कि प्रत्येक जीव और पौधा हमारी पृथ्वी की सांस है। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जैसे मौखिक प्रस्तुति, पोस्टर मेकिंग, क्विज़, फोटोग्राफी और वन्यजीव संरक्षण पर लघु फ़िल्म प्रदर्शन। आज की मुख्य गतिविधि में छात्रों के लिए जैव विविधता एवं उसका संरक्षण विषय पर मौखिक प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। 7 छात्रों ने भाग लिया और अपनी भावनाओं और ज्ञान के माध्यम से जैव विविधता, वन्यजीव और वनस्पतियों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के समीर ने प्रथम स्थान, निहारिका ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष के आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान टिल्ला में कल्याण कला मंच की संगोष्ठी कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक विचार एवं कला कलम संगोष्ठी 5 अक्तूबर को नगर के साथ लगते दनोह गांव के हनुमान टिल्ला स्थित काले बाबा आश्रम में होनी तय हुई है। जानकारी देते हुए मंच के संयोजक अमर नाथ धीमान ने बताया कि जहां मंडलोहू गांव के स्वर्गीय राज कुमार शर्मा, निदेशक, को काले बाबा कहलूर गौरव सम्मान दिया जाएगा साथ ही बिलासपुर के हस्ताक्षर शृंखला में इस बार सीमा पर स्थित गांव नियु के सेवानिवृत्त शिक्षक और हिंदी पहाड़ी के सशक्त हस्ताक्षर रुप शर्मा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर पत्र वाचन किया जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। द्वितीय सत्र में बाबा जी के चरणों में बहुभाषी कवि संगोष्ठी होगी, जिसका थीम धार्मिक रहेगा। 11 से 2 बजे तक होने वाली संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच के प्रधान करेंगे।

### एससी गांवों में 6 से बताई जाएंगी सरकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों की जानकारी प्रदान करने के लिए जिला बिलासपुर के अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नाट्य दलों द्वारा प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि जिला बिलासपुर में 6 से 10 अक्तूबर तक यह प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 अक्तूबर को श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाखड़ा के गांव खुलवीं में प्रातः 11 बजे तथा ग्राम पंचायत सलोआ के गांव सलोआ में दोपहर 2:30 बजे, 8 अक्तूबर को विधानसभा क्षेत्र झंडुता की ग्राम पंचायत विजयपुर के गांव विजयपुर में प्रातः 11 बजे तथा ग्राम पंचायत हीरापुर के गांव हीरापुर में दोपहर 2:30 बजे, 9 अक्तूबर को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जंडोत के गांव जंडोत में प्रातः 11 बजे तथा ग्राम पंचायत तियूण (भराडी) के गांव तियूण खास में दोपहर 2:30 बजे तथा 10 अक्तूबर को सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नोग के गांव जंगल सुंगल (निचला) में प्रातः 11 बजे तथा ग्राम पंचायत दयोली के गांव दयोली में दोपहर 2:30 बजे अनुसूचित जाति परिवारों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक से दी जाएगी।

### जिला विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के चुनाव 6 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट ईलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एम्पलॉयज यूनियन की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला प्रधान यशवंत चैहान बिट्टू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर बिलासपुर यूनियन के जिला सचिव जोगेंद्र सिंह डोगरा, दिनेश कौंडल, सुखराम, सेंटर बॉडी मैंबर आदर्श, संजीव, बृजेश कौशल, देशराज, पुरूषोतम, शशि, घनश्याम, सुधा, सुरेश, रोहित, वासुदेव, कमलेश, छोटा राम, रेणू और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रधान यशवंत चैहान ने बताया कि इस बैठक में कर्मचारी यूनियन के चुनाव के लिए छह अक्तूबर 2025 का दिन तय किया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया है कि इस चुनाव को संवैधानिक तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी कर्मचारी बैठक में आना सुनिश्चित करें। बैठक में आगामी 15 अक्बूबर मे प्रदेश यूनियन के राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारी नेताओं ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

### हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च परीक्षा 11 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं और धर्मशाला की ओर से आयोजित हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम के लिए अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 5 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई थी। एग्जाम के एडमिट कार्ड 6 अक्तूबर को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे, जबकि परीक्षा प्रदेशभर में 11 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। संस्थान के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल और प्रबंधक स्वदेश चंदेल ने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के फोन आने और अनुरोध करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। 5 अक्तूबर तक रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाई गई है और 6 अक्तूबर को एडमिट कार्ड साइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। आंसर की 16 अक्तूबर को एनटीए की तर्ज पर जारी होगी और 18 अक्तूबर तक आपत्तियां ली जाएंगी। अंतिम परिणाम 28 अक्तूबर को घोषित होगा। नवंबर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# कार्यान्वयन योजना के तहत हिमाचल को 123 करोड़ रुपए मंजूर: नड्डा

## बिलासपुर एम्स के स्थापना दिवस कार्यक्रम में संस्थान के टॉपर और बेहतर सेवाएं देने वाले प्राध्यापक किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में तीसरे स्थापना दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कार्यान्वयन योजना 2025-26 के अंतर्गत हिमाचल के लिए 123 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 73.13 करोड़ रुपए मातृ-शिशु विंग हेतु स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को 34 करोड़, नाहन को 11 करोड़, बिलासपुर को 4.5 करोड़, नूरपुर को 3 करोड़, मंडी को 1.65 करोड़ तथा ऊना मेडिकल कॉलेज को 1 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त जिन मेडिकल कॉलेजों में मातृ-शिशु विंग का निर्माण हो चुका है, उनके लिए उपकरणों हेतु 18 करोड़ रुपए और लक्ष्य (प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार) के लिए 32 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नड्डा ने बताया कि यहां 5 करोड़ की लागत से स्टेडियम भी बनाया जाएगा। इसी तरह जगह मिलने पर केंद्रीय विद्यालय, डाक्टरों के लिए आवास जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने एम्स के स्थापना दिवस पर संस्थान के टॉपर और अपने अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षण सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, एम्स बिलासपुर के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र कुमार अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, विधायक रणधीर शर्मा, विधायक जीतराम कटवाल और विधायक त्रिलोक जमवाल सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।



बिलासपुर एम्स के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंच पर विराजमान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल, पूर्व सीएम जयराम व अन्य।

### एम्स खुलने से स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ सुधार: शांडिल

**एम्स** बिलासपुर के स्थापना कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि एम्स बिलासपुर की स्थापना से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार आया है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल हिमाचल, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोगों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। शांडिल ने कहा कि किसी भी बड़े संस्थान की पहचान केवल उसके भवन और अवसंरचना से नहीं होती, बल्कि वहां कार्यरत मानव संसाधन की निष्ठा, सेवा भाव और समर्पण ही उसकी असली पहचान होती है। उन्होंने एम्स बिलासपुर के चिकित्सकों, फैकल्टी, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ईमानदारी, परिश्रम और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता ही इस संस्थान को उत्कृष्ट बनाती है। शांडिल ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

# चिट्टा तस्करों के खिलाफ सरकार कर रही सख्त कार्रवाई : धर्माणी

## सीर उत्सव घुमारवीं के दूसरे दिन नशे के खिलाफ निकाली पदयात्रा का किया नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सीर उत्सव घुमारवीं के दूसरे दिन नशा, विशेषकर चिट्टा के खिलाफ जन-जागरूकता का संदेश देने के लिए पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा घुमारवीं के अवढाणीघाट स्थित गुग्गा मंदिर से शुरू होकर पुराने बस स्टैंड में समाप्त हुई। इस पदयात्रा का नेतृत्व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। पदयात्रा में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों, महिला एवं युवक मंडलों के प्रतिनिधियों सहित समाज के अन्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि चिट्टा नशा आज युवाओं के जीवन को नष्ट कर रहा है। सभी लोग चिट्टे से बचने का संकल्प लें तथा समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशे के लिए हमारे बच्चे और युवा इंजेक्शन लगाते हैं तथा नशीली दवाओं का सेवन करते हैं। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों में बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह संलिप्त हैं, जो किसी न किसी तरीके से हमारे युवाओं व बच्चों को नशे के जाल में फंसा रहे हैं। प्रदेश सरकार चिट्टा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं पुलिस ने चिट्टा नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फोरलेन मार्ग पर अवैध रूप से ले जाई जा रही लगभग 500 ग्राम चिट्टा की बड़ी खेप पकड़ी है। इस कार्य के लिए उन्होंने पुलिस विभाग की सराहना की और विश्वास जताया कि भविष्य में भी इसी तरह नशीले पदार्थों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश की ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट को कड़ाई से लागू करते हुए अब तक लगभग 40 लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। साथ ही चिट्टा कारोबार में संलिप्त लोगों की अवैध संपत्तियों को भी जब्त कर नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्टे के अवैध करोबार में संलिप्त लगभग 4 से 5 सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है और करीब 60 कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पंचायती राज संस्थाएं, विशेषकर महिलाएं, सराहनीय योगदान दे रही हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपने दायित्व को बखूबी निभाते हुए चिट्टा जैसे जानलेवा नशे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे, विशेषकर चिट्टे के खिलाफ लड़ने तथा संपूर्ण उन्मूलन की शपथ भी दिलाई।



# सीर उत्सव में कवियों ने गीतों और कविताओं से बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भाषा एवं संस्कृति विभाग ने करवाया कवि सम्मेलन**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर द्वारा घुमारवीं में सीर उत्सव के दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सीर खड्ड की निर्मल धारा के समीप गूंजती कविताओं और लोकगीतों की लहरियों ने एक ऐसा परिवेश रचा कि कला, प्रकृति और सामाजिक सरोकार एक साथ मुखर हुए। सम्मेलन में रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय और क्षेत्रीय कवियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक विषयों पर केंद्रित अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। रविंदर कुमार शर्मा ने 'धर्मपुरा ते चलदी सीर गंगा, घुमारवीं रे लोका री राणी'। प्रीति शर्मा मधु ने 'कर्मों के अंजान यहीं पर मिलते हैं जो बीजा है फूल यहीं पर खिलते है, तय करते है खुद ही जीवन जीना राम राज्य या लंका स्वयं ही तय करते है'। रवि कुमार सांख्यान ने 'कुडियों चिड़ियों ने बसी जांदे कखां रे टपरू, मुन्नियां रा जन्मदिन मनाणा, घरा-घरा बन्जे एंकलियां बबरू' लोकसंवेदना से ओत-प्रोत रचना प्रस्तुत की। अजय शर्मा ने पर्यावरण चेतना पर केंद्रित 'प्रकृति की चेतावनी' नामक रचना प्रस्तुत की। रेखा चंदेल की 'उड़ी जाया कालया कागा...' और रचना चंदेल की 'बहुत हो चुकी पश्चिमी सभ्यता...' ने सामाजिक विमर्श को नई दिशा दी।

इनके अलावा भी कई कवियों और कवियत्रियों ने अपनी-अपनी कविताएं और गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अभिषेक शर्मा, तहसीलदार घुमारवीं शिवानी शर्मा, जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल एवं जिला सहकारी विपणन मंडी के अध्यक्ष सतपाल वर्धन सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। यह कवि सम्मेलन साहित्य, संस्कृति और संवेदना का एक ऐसा संगम रहा, जिसने श्रोताओं को आत्मिक स्तर पर जोड़ने का कार्य किया।

# सीएम ने मस्तराम वर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**शिमाला में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समारोह में मिला सम्मान**

वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के महामंत्री मस्तराम वर्मा को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस प्रथम अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय वरिष्ठ नागरिक समारोह रिज मैदान शिमला में वृद्धजनों को सम्मान प्रदान करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने प्रदेश भर से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित वृद्धि जनों को शॉल टोपी एवं मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया गया जिला बिलासपुर की ओर से वरिष्ठ नागरिक सभा के महामंत्री मस्तराम वर्मा को सम्मानित किया गया एवं वर्मा को कल्याणकारी योजनाओं विभिन्न योगदान हेतु मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

मस्तराम वर्मा पूर्व में अध्यापक नेता रहे तथा राजकीय अध्यापक संघ द्वारा संचालित संघर्षों में मुख्य भूमिका अदा की सेवानिवृत्ति के उपरांत वरिष्ठ नागरिक सभा से जुड़ गए तथा वरिष्ठ नागरिक सभा के लिए अपने सहयोगियों से मिलकर एक सुंदर सभागार का निर्माण करवाया तथा प्रदेश में वर्ष 2023-24 में 2 लाख 50 हजार और साल 24-25 में 1लाख 34500 रुपए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में लगभग अनुमानित चार लाख का योगदान अपने साथियों से मिलकर करवाया तथा मस्तराम वर्मा आज भी जिला 20 सूत्रीय कार्यकर्म समीक्षा समिति, मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मीनारायण में ट्रस्टी के रूप में सहयोग प्रदान कर रहे है इन्होंने सेवाकाल के दौरान साक्षरता अभियान एवं ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा चलाए गए कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया। मस्तराम ने इस सम्मान के लिए जिला के उपयुक्त राहुल कुमार एवं जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल का भी धन्यवाद विशेष रूप से किया है।

# सीएम से सम्मानित जमनु राम का 'अपना घर' में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राजधानी शिमला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'अपना घर' वृद्धाश्रम देवली जिला बिलासपुर के बुजुर्गों की सेवा करने वाले आश्रम सहायक कर्मचारी जमनु राम को उनके सराहनीय और बेहतर कार्य के लिए हमारे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सम्मानित किया गया। जमनू राम को हिमाचल प्रदेश के मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा जिला बिलासपुर के देवली गांव में अपना घर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की देखभाल व सेवाएं राज्य स्तर पर बेहतर देने के लिए जमनु एमटीएस को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जमनू राम का शिमला से वापस आश्रम पहुंचने पर मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल और उपाध्यक्ष मनसा राम, मुख्य सलाहकार लेख राम सेन और समन्वयक रच्छपाल सिंह व आश्रम के सभी कर्मचारियों व बुजुर्गों के द्वारा उनके सराहनीय और बेहतर कार्य के लिए अपना घर वृद्धाश्रम, देवली, घागस में उनका भव्य स्वागत किया गया।

# पत्रकारों को मिले आयुष्मान योजना का लाभ

## हिमाचल जर्नलिस्ट यूनियन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**पत्रकारों को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो से मान्यता दिलाने की भी मांग की**

हिमाचल जर्नलिस्ट यूनियन ने प्रदेश के पत्रकारों की भलाई के लिए एक अहम पहल की है। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण डोगरा रीतू और प्रदेश महासचिव प्रविंद्र शर्मा ने शुक्रवार को बिलासपुर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि हिमाचल प्रदेश में कार्यरत सभी पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना की परिधि में शामिल किया जाए, ताकि गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में उन्हें भी मुफ्त उपचार की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के लिए दिन-रात कार्य करता है, लेकिन अक्सर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

यूनियन ने यह भी आग्रह किया कि प्रदेश के पत्रकारों को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो से मान्यता दिलाई जाए। वर्तमान में पीआईबी की मान्यता मुख्यतः दिल्ली तक सीमित है, जबकि हिमाचल के पत्रकार भी समान रूप से देश की पत्रकारिता में योगदान दे रहे हैं। मान्यता मिलने से उन्हें रेलवे, हवाई यात्रा, आवास और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

पदाधिकारियों ने कहा कि आज प्रिंट मीडिया के साथ-साथ डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे पत्रकारों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पत्रकारों के हित में ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्रीय मंत्री नड्डा इस दिशा में सार्थक पहल करेंगे।

# भाजपा नेताओं को संयम से लेना चाहिए काम : सरपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं श्री नयना देवी जी क्षेत्र के पूर्व पार्टी अध्यक्ष ऐडवोकेट सरपाल सिंह ठाकुर ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के उस वक्तव्य पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कथित 'झूठी गारंटियां देने वाले किस मुंह से वोट चोरी अभियान 'चला सकते हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि हैरानी तो इस बात की है कि पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कितने ही बड़े -बड़े नेता कांग्रेस पार्टी की गारंटियों को कथित पूरा न किए जाने का बार- बार ढिंढोरा पीट रहे हैं। हालांकि उन तथ्यों को वे भी जानते हैं कि हिमाचल सरकार ने पिछले 3 वर्षों में कितनी ही गारंटियां पूरी कर दी हैं और शेष को पूरा करने के लिए समितियां गठित करके आगामी कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को संयम से काम लेना चाहिए।

# श्री नयना देवी में गहराया पेयजल संकट, लोग बेहाल

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

**लोगों ने सुबह और शाम दो घंटे पानी देने की उठाई मांग**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। शुक्रवार को भी यहां पानी की सप्लाई बाधित रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोगों के हलक सूखने लगे हैं और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। लोगों का आरोप है कि यहां महीने में सिर्फ 15 से 20 दिन ही पानी की आपूर्ति की जाती है, जबकि बाकी दिनों सप्लाई पूरी तरह बंद रहती है। कभी पाइप लाइन फटने, कभी ट्रांसफार्मर खराब होने, तो कभी बिजली कटौती जैसे बहाने विभाग की ओर से बनाए जाते हैं। स्थानीय निवासियों भारत भूषण, निखिलेश कुमार, गौरव शर्मा, श्रीकांत, प्रमिला शर्मा, नीलम शर्मा, प्रतिभा कुमारी और नीना शर्मा का कहना है कि जब भी सप्लाई होती है तो सिर्फ 24 घंटे में एक घंटे के लिए ही पानी दिया जाता है, जो बिलकुल नाकाफी है। उन्होंने मांग की है कि सुबह और शाम कम से कम दो-दो घंटे पानी की सप्लाई होनी चाहिए। लोगों ने यह भी रोष जताया कि विभाग ने पानी के बिल तो दोगुने कर दिए हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं बढ़ाई। पहले छह महीने का बिल 1166 रुपए लिया जाता था, जबकि अब चार महीने का 2308 रुपए वसूला जा रहा है।

लोगों का कहना है कि अगर पानी की सप्लाई बाधित रहती है तो बिल भी कम किए जाने चाहिए। करीब 10-12 साल पहले 6.30 करोड़ रुपए की लागत से श्री नयना देवी के लिए पेयजल योजना बनाई गई थी, उस समय लोगों को उम्मीद थी कि अब संकट से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

वहीं, इस संबंध में जब विभाग के अधिशासी अभियंता श्याम सिंह पुंडीर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राइजिंग मेन लाइन में लीकेज के कारण समस्या आई है। रात तक सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

# बिलासपुर लेखक संघ 11 को मनाएगा स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर लेखक संघ का स्थापना दिवस एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 11 अक्तूबर को भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार में संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्यातिथि प्रो. करतार सिंह वर्मा, पूर्व उपकुलपति करियर पॉइंट विश्वविद्यालय होंगे। डॉ. गंगा राम राजी, डॉ. लेख राम शर्मा व नीलम चंदेल जिला भाषा अधिकारी वशिष्ठ अथिति होंगे। संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस समारोह में अपने अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने के लिए विभिन्न विभूतियों को व्यास साहित्य सम्मान, बिलासपुर गौरव सम्मान, व्यास जन सेवा सम्मान, नवोदित लेखक सम्मान, मंजूषा उत्कृष्ट सेवा सम्मान, हरिदास जनेऊ आदर्श अध्यापक सम्मान, स्वतंत्रता सेनानी ज्योति प्रकाश समाज सेवा सम्मान तथा सर्वाधिक उपस्थिति सम्मान से नवाजा जाएगा।

# 'भारत माता की जय' से गूंजा घुमारवीं

## संघ के 100 वर्ष पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगठन की अनुशासन, राष्ट्रीय भावना और समाजसेवा की प्रतिबद्धता को उजागर करने के लिए किया गया।

पूजन अनुष्ठान में प्रमुख पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। शस्त्र पूजन के उपरांत स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूर्ण हुआ। संचलन मार्ग के किनारे नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर तथा शंखनाद के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया। अनेक स्थानों पर नारों व भारत माता की जय आदि उद्घोषों से नगर गूंज उठा।



इस अवसर पर नगर संघ चालक विपुल ठाकुर ने कहा कि संघ की स्थापना का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भाव और राष्ट्र चेतना को बढ़ावा देना था। आज शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए हम इन मूल्यों को और प्रगाढ़ करने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में संघ विभिन्न समाज कल्याण कार्यक्रमों, जन संपर्क अभियानों और युवा सशक्तिकरण कार्यक्रमों को और व्यापक रूप से लाएगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में ओम प्रकाश प्रांत समरसता संयोजक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि संघ सौ वर्षों से व्यक्ति निर्माण की सतत प्रक्रिया चला रहा है और देशहित ही इसका मूल उद्देश्य रहा है। इसी लक्ष्य को साकार करने के लिए संघ ने पंचतंत्र सूत्र परिवार संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य पर आधारित जागृति अभियान पूरे देश में प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि भारत को इस्लाम से कोई दिक्कत नहीं, बल्कि इस्लामिक कट्टरपंथियों की गजवा-ए-हिंद जैसी सोच से खतरा है।

**स्पोर्ट्स** बरठीं में तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 ब्वॉयज खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# वॉलीबाल में बरठीं जोन विजेता, जुखाला उपविजेता

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

**मुख्यातिथि केडी गौतम ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ी किए सम्मानित**

बरठीं में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 ब्वॉयज खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केडी गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में जिलाभर के 10 जोनों से लगभग 550 खिलाड़ियों ने 7 खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी खेलों में अग्रणी बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने अपनी नेक कमाई से पाठशाला के लिए 5100 की राशि भी भेंट की। खेलकूद प्रतियोगिता की 7 प्रतिस्पर्धाओं में वॉलीबाल में बरठीं जोन विजेता तथा जुखाला जोन उपविजेता रहा। कबड्डी में घुमारवीं जोन प्रथम तथा सदर जोन द्वितिया स्थान पर रहा। बैडमिंटन में स्वारघाट विजेता तथा घुमारवीं जोन उपविजेता रहा। खो-खो में घुमारवीं विजेता तथा जुखाला उपविजेता रहा। कुश्ती में रावमापा मोरसिंघी विजेता तथा उप विजेता लखनू स्कूल रहा। जूडो में चांदपुर तथा उपविजेता रावमापा डोला रहा, जबकि कुरैश में चांदपुर विजेता तथा बॉयज स्कूल बिलासपुर उपविजेता रहा।

इस मौके पर एसएमसी प्रधान राजेश गौतम, पंकज राणा, उपप्रधान राकेश मेहता, पूर्व प्रधान प्रेम लाल, रतन चंद, कॉमरेड जगत राम, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश सहोड़, कर्म देव शास्त्री, एडीपीओ जगदेव मेहता, पूर्व प्रधानाचार्य सत्यपाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




बरठीं में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 ब्वॉयज खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर मौजूद मुख्यातिथि केडी गौतम व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### बाट स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय कैंप शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ शुरू हुआ। प्रधान ग्राम पंचायत बाट अनिल राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी वॉलंटियरों को निस्वार्थ सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी। इस कैंप के दौरान विभिन्न सामाजिक कार्य वॉलंटियर अलग-अलग दिनों में करेंगे। कार्यकारी प्रधानाचार्य मदन लाल ने सभी स्वयंसेवकों से अनुशासन और कर्तव्य भाव को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी अमिता नैय्यर ने मुख्य अतिथि व उपस्थित सभी का धन्यवाद किया और स्वयंसेवकों से निस्वार्थ भाव से काम करने पर जोर दिया।

### नशामुक्ति व सामाजिक उत्थान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा रंग दर्शन पक्काटाला के कलाकारों ने भनोता पंचायत में जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अनुसूचित जाति विकास निगम की ऋण योजनाओं, महर्षि वाल्मीकि छात्रवृत्ति, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, महिला समृद्धि योजना व शिक्षा ऋण जैसी कई योजनाओं की जानकारी साझा की। साथ ही, नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के विशेष प्रचार अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनता तक योजनाओं और सामाजिक मुद्दों की जानकारी पहुंचाना है।

### जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, नकदी भी बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस ने सरकाघाट में दो अलग-अलग अभियानों के दौरान जुआ खेलते हुए कुल 10 व्यक्तियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार 2 अक्तूबर की शाम मेन बाजार टीहरा मोड पर एक होटल में ताश खेलते 6 व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 11,650 रुपए नकद बरामद हुए। वहीं, शुक्रवार 3 को पुलिस ने एचआरटीसी बस अड्डे के समीप ताश खेलते 4 और व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे 1,540 रुपए नकद जब्त किए गए।दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें ताकि समाज में शांति और व्यवस्था बनी रहे। मामले की पुष्टि एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 100 नियमित पदों हेतु 10 अक्तूबर को करसोग में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी उप-रोजगार अधिकारी रोहित गुप्ता ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, और न्यूनतम लम्बाई 168 सेमी निर्धारित की गई है। साक्षात्कार उप-रोजगार कार्यालय करसोग में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे। चयनित उम्मीदवारों को ₹17,500 से ₹22,000 मासिक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआई और पेंशन जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रिज्यूमे और रोजगार पंजीकरण पत्र के साथ उपस्थित हों। यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### सांसद अनुराग का करेंगे स्वागत: महेश सपहिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को आ रहे अनुराग ठाकुर का भव्य स्वागत करने के लिए छोटी काशी तैयार है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता महेश सपहिया ने मीडिया को जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि आई आई टी मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने से पहले सुबह साढ़े आठ बजे मंडी में अनुराग ठाकुर का स्वागत होगा और उसके बाद मंडी मंडल के पदाधिकारी भी युवा सांसद का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा इससे पूर्व भी सांसद अनुराग ठाकुर भारी बारिश से आई आपदा में मंडी जिला के सिराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं जहां उन्होंने आपदाग्रस्त लोगों का हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ना केवल प्रदेश के अपितु देश भर में लोकप्रिय नेता हैं और उनके दौरे को लेकर मंडी में खासा उत्साह है।

### बग्गी स्कूल ने कुराश स्पर्धा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभडोल में आयोजित जिला स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। इनमें 3 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। पाठशाला के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा धनी राम ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में बग्गी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। पदक विजेताओं में युवराज माइनस 50 किग्रा एवं माइनस 73 किग्रा भार वर्ग स्वर्ण पदक, अभिषेक कुमार प्लस 81 किग्रा भार वर्ग स्वर्ण पदक, वीरेंद्र कुमार भारती माइनस 45 किग्रा भार वर्ग रजत पदक,तरुण माइनस 60 किग्रा भार वर्ग रजत पदक हिमांशु माइनस 66 किग्रा भार वर्ग रजत पदक तुषार माइनस 55 किग्रा भार वर्ग कांस्य पदक प्रतियोगिता में बग्गी स्कूल के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### लहसुन की फसल के लगाए प्रदर्शन प्लॉट

**अनंत ज्ञान, गोहर।** जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाईका) के अंतर्गत चल रही हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, चरण-II के तहत ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई गोहर द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से लहसुन वितरण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एफआईएस गवाड़, सुरथी-थाची, गद्दीमन-मझोठी, बरजोरू-कोट, खरखन खड्ड-लेहोटी, देओली-देलग टिक्करी, कंसा खड्ड-पलहोटा, नोगी खड्ड-काण्डलू और कांडलू-बिठरी क्षेत्रों में लहसुन की फसल के प्रदर्शन प्लॉट लगाए गए। इस अवसर पर किसानों को खेत की तैयारी और बुआई की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। किसानों को जीएचसी-1 किस्म का लहसुन वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उचित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई, जिसे उन्होंने मौके पर ही अपनाया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

### नागेश ठाकुर को मिली प्रधान की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सामान्य सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने की।चुनाव प्रक्रिया के दौरान नागेश ठाकुर को प्रधान, अनिल राणा को उप प्रधान, विधु भारद्वाज को सचिव, गोपाल सिंह को सह सचिव, मंजू वाला को मुख्य सलाहकार तथा नवीन निश्चल सूद को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में जगदीश चंद, उपमा धीमान, मोहिनी देवी, आरती शर्मा, पवन कुमार और नवीन कुमार का चयन हुआ।

### व्यापार मंडल करेगा डॉ. सिकंदर का स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा राज्यसभा सदस्य डॉ. सिकंदर भारद्वाज 6 अक्तूबर को सरकाघाट के शिव विलास होटल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल सरकाघाट का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यवाहक अध्यक्ष ब्रह्मदास शर्मा की अगुवाई में अतिथि से मुलाकात करेगा और सरकाघाट क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों व लंबित समस्याओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाने हेतु सामूहिक मांगपत्र सौंपेगा। अध्यक्ष ब्रह्म दास शर्मा ने कहा कि यह बैठक व्यापारियों और समाजसेवियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी व्यापार मंडल सदस्यों, कार्यकारिणी समिति और छोटे-बड़े व्यवसायियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### असिस्टेंट प्रो. के पद पर चयनित हुआ राहुल

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव दीघो के राहुल ठाकुर पुत्र पवन ठाकुर का चयन हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन का कमीशन पास कर हरियाणा कॉलेज कैडर में जूलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। राहुल ठाकुर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहे हैं। राहुल ठाकुर बचपन से ही मेधावी एवं मेहनती छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। राहुल ठाकुर को सपरिवार हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय समितियों की बैठकें आयोजित हुईं। इन बैठकों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और अधिनियमों के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि योजनाओं को पारदर्शिता और गंभीरता से धरातल तक पहुंचाया जाए। दिव्यांगता समिति की बैठक में राज्य दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2019 और सुगम्य भारत अभियान की प्रगति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए सभी सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को अनुकूल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# सड़क धंसने से हवा में लटकी चांजू से चंबा आ रही प्राइवेट बस

## ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर हालत और खतरे की ओर जताई चिंता

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान




**भरमौर।** शुक्रवार सुबह चांजू से चंबा की ओर जा रही हुसैन कोच बस खल्ली के पास सड़क धंसने के चलते हादसे का शिकार होते-होते बच गई। बस का पिछला हिस्सा खाई की ओर लटक गया और स्थिति बेहद खतरनाक हो गई। इस दौरान बस यात्री भी थे। चालक की सूझबूझ और यात्रियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बताया जा रहा है कि वीरवार रात हुई हल्की बारिश से सड़क किनारे की मिट्टी खिसक गई थी और सड़क का हिस्सा बैठ गया था।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है और कई जगह धंसने का खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। गौरतलब है अगस्त महीने में हुई भारी बारिश के चलते सबसे ज्यादा नुकसान सड़कों का हुआ है। जिसके चलते कई जगह सड़क धंसने का सिलसिला अभी भी जारी है। लोगों ने मांग की है कि इस मार्ग की तत्काल मरम्मत और नियमित निगरानी की जाए ताकि भविष्य में कोई जानलेवा हादसा न हो।

## हरदेव की बनाई मूर्तियों की दुनिया हुई कायल

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के कोहल निवासी हरदेव ने अपनी अद्भुत कलाकारी और निपुणता से भगवान की सैकड़ों मूर्तियाँ तैयार की हैं, जो अपने आप में बेमिसाल हैं। उनकी मूर्तियों की नक्काशी इतनी जीवंत और आकर्षक है कि उन्हें देखने वाला हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो जाता है। हर मूर्ति में हरदेव की मेहनत, समर्पण और सृजनात्मक दृष्टि झलकती है। हरदेव ने इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा भी बनाई थी, जिसे उन्होंने मिंजर मेले में भेंट किया था। उस समय उनकी कला की भूरि-भूरि प्रशंसा हुई और उन्हें कला के क्षेत्र में एक अलग पहचान मिली। अब हरदेव का यह योगदान राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता पाने की ओर बढ़ रहा है। उनके नाम पद्मश्री पुरस्कार के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनमें पूरे चुराह विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों के प्रधानों और विभिन्न संस्थाओं ने उनकी सिफारिश की है। यदि चयन समिति उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान देती है, तो हरदेव चुराह के पहले ऐसे कलाकार बनेंगे जिन्हें पद्मश्री मिलेगा।

# धरवाला में लगी एटीएम मशीन 24 पंचायतों को मिलेगा लाभ



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

गैर जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों का केंद्र बिंदु धरवाला में राज्य सहकारी बैंक की शाखा द्वारा एटीएम मशीन का उद्घाटन किया गया। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने एटीएम मशीन का उद्घाटन शिमला से वर्चुअल रूप से किया।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए बताया कि शाखा धरवाला में एटीएम मशीन के लगने से गैर जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों को विशेष लाभ मिलेगा। ललित ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुत से विभाग यहां पर कार्यरत हैं एक लंबे अरसे से लोगों की डिमांड थी कि एक एटीएम मशीन धरवाला में लगाई जाए ताकि लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके जिसके लिए लोगों को पहले मैहला करियां या चंबा का रुख करना पड़ता था।

इस मौके पर राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, इस एटीएम का लाभ विभिन्न पंचायतों के लोग ले सकेंगे। इस मौके पर राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर राज्य सहकारी बैंक के जिला प्रबंधक हेमराज शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार सहित स्टाफ के अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं और चयन परीक्षण की तिथियां निर्धारित

अनंत ज्ञान, चंबा

**जिला स्तरीय खेल स्पर्धाएं 7 से 13 तक होंगी संपन्न**

जिला प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय चंबा की ओर से वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी तिथियां घोषित की गई थी जो ख़राब मौसम के कारण नहीं हो पाई थी। राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिए एक दिवसीय चयन परीक्षण (वन डे सेलेक्शन ट्रायल) की रूपरेखा तैयार की गई है।

निर्धारित की गई तिथियों के तहत भट्टियात ज़ोन, भरमौर ज़ोन, सेंटर ज़ोन-1, सेंटर ज़ोन-2, चुराह ज़ोन, सलूणी ज़ोन तथा बनिखेत ज़ोन में बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं 4 अक्तूबर, बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं 5 अक्टूबर को आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल क्रमशः संबंधित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में होंगे जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरनोटा, खणी, सरोल, कियानी, तीसा, सुरगानी तथा बनिखेत शामिल हैं।

इसी तरह जिला स्तरीय बालिका वर्ग की एथलेटिक व खेल प्रतियोगिताएं 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक राजकीय माध्यमिक पाठशाला भनौता में आयोजित की जाएंगी। वहीं बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काकीरा में होंगी। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय सांस्कृतिक, शतरंज व योग प्रतियोगिताएं भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। जिसमें बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं 16 से 17 अक्टूबर तक और बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं 17 से 18 अक्टूबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैनड में होंगी। सांस्कृतिक, शतरंज और योग प्रतियोगिताओं की समयावधि निर्धारित की गई है।

## एंबुलेंस कर्मी फिर हड़ताल पर, न्यायालय के आदेशों की अवहेलना का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश में 108/102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी फिर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि 2010 से कार्यरत इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन, पायलट और कप्तान पदों पर तैनात कर्मियों को न्यायालय के आदेशों के बावजूद न्यूनतम वेतन और अन्य लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। वर्ष 2016 में हिमाचल हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा, लेकिन कंपनी कथित रूप से आदेशों की अवहेलना कर रही है।

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगें और चेतावनी:** कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन लागू करने, 12 घंटे की ड्यूटी के बाद दोगुना ओवरटाइम देने, भविष्य निधि व ईएसआई संबंधी गड़बड़ियां सुधारने, नियमित सैलरी स्लिप देने, बिना कारण प्रताड़ना बंद करने और लंबित एरियर का भुगतान करने सहित कई मांगें रखी हैं। वेतन वृद्धि और एंबुलेंस की नियमित मेंटेनेंस की भी मांग की गई है। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई है। कर्मचारियों ने जिलाधीश चंबा को ज्ञापन भी सौंपा है।

# डलहौजी में प्री-गणतंत्र दिवस शिविर से गूंजा देशभक्ति का स्वर, एनसीसी कैडेट्स में दिखी अनुशासन की झलक



अनंत ज्ञान, डलहौजी

डलहौजी आर्मी कैंट में 28 सितंबर से 7 अक्तूबर तक चल रहा एनसीसी का प्री गणतंत्र दिवस प्रशिक्षण शिविर (CATC-208) युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक मंच बन गया है। 9 हिमाचल बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित इस शिविर में चंबा, डलहौजी, इंदौरा, बनीखेत, बकलोह और चामेरा के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों से चयनित कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधि कैडेट्स के चयन हेतु आयोजित किया गया है। शिविर की कमान कर्नल जे.एस. कौशल संभाल रहे हैं और उनके नेतृत्व में प्रशिक्षकों की अनुभवी टीम कैडेट्स को शारीरिक, मानसिक और नेतृत्व संबंधी कड़े अभ्यासों से गुज़ार रही है।

इस शिविर में शामिल प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सरकारी महाविद्यालय चंबा, डीएवी कॉलेज बनीखेत, जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल, केवी बकलोह व चामेरा, डीपीएस डलहौजी, अर्नी विश्वविद्यालय, जीएनपीएस डलहौजी और वीएमएस इंदौरा शामिल हैं। एनसीसी के आरडीसी शिविर में चयनित कैडेट्स को सेना और अर्धसैनिक बलों में करियर के बेहतरीन अवसर मिलते हैं। 'सी' सर्टिफिकेट धारकों को सेना में विशेष वेटेज, सीडीएस परीक्षा में छूट, और एसएसबी इंटरव्यू का सीधा मौका मिलता है।

**कड़े अभ्यास और अनुभवी प्रशिक्षकों से मिल रही उच्च स्तरीय ट्रेनिंग**

इसके साथ ही, इन कैडेट्स को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जैसे राष्ट्रीय नेताओं से मिलने और विदेश में युवा विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी मिलता है। डलहौजी का यह शिविर केवल एक प्रशिक्षण शिविर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावनाओं को जागृत करने का केंद्र बन गया है। यहां से निकलने वाले युवा देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए भारत का नाम रोशन करेंगे।

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार से टॉप फाइव में पहुंचा हिमाचल: मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुक्रवार को बल्ह विधानसभा क्षेत्र के बड़सु में स्थित विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने इस संस्थान में नई इकाई का उद्घाटन व छात्रावास का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने कहा कि इन सुधारों का सुपरिणाम है कि हाल ही में हिमाचल को पूर्ण साक्षर राज्य का गौरव मिला है। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन से हिमाचल टॉप फाइव राज्यों में शामिल हो गया है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश पहले 21वें स्थान पर था। प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार बनने के बाद देश के राज्यों में तीसरा स्थान हासिल किया है। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करने वाले विद्यार्थियों को उप मुख्यमंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से 51 हजार देने की घोषणा की। इससे पूर्व मुकेश अग्निहोत्री ने कॉलेज कैंपस में पौधा रोपण भी किया। इस अवसर पर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं जीवन की उपलब्धियों को वीडियो के माध्यम से दिखाया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, एपीएमसी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया, अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही, केशव नायक, अनुपमा शर्मा पूर्व वीसी एसपीयू, बडसू पंचायत प्रधान गोविंद वर्धन, हेमंत शर्मा, तरूण पाठक, अनिल शर्मा, जल शक्ति विभाग के इंजीनियर इन चीफ (परियोजना) धर्मेंद्र गिल, चीफ इंजीनियर मंडी उपेन्द्र वैद्य, एसडीएम स्मृतिका नेगी, कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. दीप्ति मरवाह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### उपमुख्यमंत्री के काफिले में अचानक ब्रेक लगने से मची अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शहर में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के काफिले की गाड़ियों में अचानक जोरदार ब्रेक लगने से पदयात्रियों व दुकानदारों में अफरातफरी मच गई। गाड़ियों की ब्रेक की चरमराहट और सड़क पर टायर घिसाई का काला निशान इस घटनाक्रम का गवाह बना। यह घटना टारना पौड़ियों के पास ठीक थनेहड़ा व सेरी बाजार की सीमा पर घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक गाड़ी में अचानक जोरदार ब्रेक लगी और चरमराहट के साथ सभी गाड़ियां आपसी टक्कर में बाल बाल बची। पैदल चल रही ग्रामीण महिलाओं ने दौड़ दुकानों में शरण ली। हालांकि घटना में किसी भी तरह का कोई भी नुकसान नहीं हुआ। आसपास के दुकानदारों ने कहा कि हवा में उड़ने वाले ऐसे वीवीआईपी काफिलों की स्पीड सड़कों के हालात के अनुसार रखी जानी चाहिए।

## वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल के मढ़ी के निकट भदराना गांव में वीरवार सुबह एक घटना सामने आई। जहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेंदुए के एक शावक की मौत हो गई। शावक की उम्र डेढ़ साल बताई जा रही है। घटना का पता तब चला जब एक स्थानीय व्यक्ति कहीं जा रहा था और उसने सड़क किनारे मृत शावक को देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी, मढ़ी सुनील कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और शावक के शव को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संधोल स्थित पशु चिकित्सालय भेज दिया है,ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुनील कुमार ने बताया उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सूचित किया गया था कि एक तेंदुए का शावक मृत पाया गया है और टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

# लद्दाख आंदोलन को दबाने की कोशिश देशहित के खिलाफ : गुमान सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**हिमाचल में जन संगठनों की प्रेस कॉन्फ्रेंस, केंद्र से की शांति व समाधान की मांग**

हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने मंडी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लद्दाख में हुए दमन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन संविधान के दायरे में है और सरकार को इसे संवाद से हल करना चाहिए, न कि दमन से।

उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को भूख हड़ताल कर रहे लोगों की तबीयत बिगड़ने के बाद जब जनता सड़कों पर उतरी तो उन्हें भड़काने की बजाय, सरकार ने गोलीबारी और लाठीचार्ज जैसे अमानवीय कदम उठाए। इस हिंसा में 4 नागरिकों की मौत और 50 से अधिक घायल हुए। गुमान सिंह ने लद्दाख की चार प्रमुख मांगें पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल करना, लोकसभा में दो सीटें, और रोजगार में स्थानीयों को प्राथमिकता को न्यायसंगत और संविधान सम्मत बताया। उन्होंने केंद्र सरकार पर संवाद से भागने और कारपोरेट हितों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि सोनम वांगचुक पर लगाया गया एनएसए हटाया जाए, सभी गिरफ्तार आंदोलनकारियों को रिहा किया जाए और घटना की न्यायिक जांच हो। साथ ही हिमालय क्षेत्र में पर्यावरण विरोधी परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक स्थायी हिमालय नीति बनाई जाए। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष सीटू, जोगिंदर वालिया अध्यक्ष फोरलेन संयुक्त संघर्ष समिति, एडवोकेट देश राज पूर्व अध्यक्ष, वॉर काउंसिल हि.प्र., अमर सिंह राघव राज्य सलाहकार सर्वजन संरक्षण समिति, संतराम प्रदेश अध्यक्ष मनरेगा एवं सर्व कामगार संगठन, एडवोकेट हेम सिंह सराज आपदा सुझाव मंच, लीलाधर चौहान चेयरमैन एएएस फाउंडेशन, नरेंद्र सैनी अध्यक्ष देव भूमि पर्यावरण रक्षा मंच आदि उपस्थित रहे।

# आरटीआई कार्यकर्ता तुलेश का मंडी में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना शुरू

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनावों की तैयारियां जोरो से शुरू हो चुकी है लेकिन कुछ पंचायतों में भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले काफी समय से कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्राम पंचायत भाटकीधार से समाज सेवक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट तुलेश कुमार बीते वर्षों से भ्रष्टाचार को लेकर कार्यवाही न होने के चलते आज से जिला मुख्यालय मंडी में धरना दिया।आज वे लोकपाल मंडी के कार्यालय के बाहर पूरा दिन भर बैठे रहे। तुलेश ने बताया कि लगभग पांच छह माह पूर्व उनके द्वारा लोकपाल मंडी के माध्यम से नरेगा के अंतर्गत हो रही धांधलियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई थी लेकिन अभी तक आश्वासनों के अलावा उनके द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। इसलिए बीते समय से हो रही लेटलटिफी के बीच मुझे दफ्तर के बाहर बैठना पड़ रहा है, ताकि संबंधित अधिकारियों को मामले की याद आती रहे और भ्रष्ट प्रतिनिधियों पर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित पड़े पंचायतों के भ्रष्टाचार मामलों को लेकर वे संबंधित सभी कार्यालयों के बाहर बैठ सकते है।

तुलेश ने बताया कि ग्राम पंचायत भाटकीधार के अंतर्गत सभी बार्ड पंचों द्वारा मनरेगा के अंतर्गत जाहली हाजरियां लगाई गई है ।जिसमें मनरेगा कर्मियों के स्थान पर अनेकों मामले में अन्य लोग काम करते पाए गए है, कई कर्मियों की हाजरी दो दो जगह एक दिन में लगाई गई है,कुछ जगह तो ताश खेलने वाले भी मनरेगा में काम करते पाए गए हैं यहां तक कि दूसरी पंचायतों के लोगों की भी पंचायत के वार्ड पंचों द्वारा जाहली हाजरी लगाई गई है। आज लोकपाल कार्यालय में मौजूद नहीं थे लेकिन उन्होंने फोन पर बात करते हुए पुनः टाल मटोल के साथ पल्ला झाड़ते हुए भविष्य में विगत आश्वासनों की भांति कार्रवाई होने की बात कही।

## बबलू राम को मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारी संघ सरकाघाट इकाई के आम चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों ने की, जिनमें मंडल प्रधान मस्तराम, उप महासचिव मुनीश कुमार तथा मुख्य लेखा परीक्षक मदन लाल भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस चुनाव में बबलू राम को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जबकि मुनीश शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा देश राज ईएसडी सरकाघाट के उपाध्यक्ष, सतीश कुमार ईएसडी बलद्वारा के उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा ईएसडी भांबला के उपाध्यक्ष और मोहित कुमार ईएसडी भदरवार के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अशोक कुमार को मंत्रालयिक उपाध्यक्ष, नेहा वर्मा को ड्राइंग उपाध्यक्ष, सुनिल कुमार को जी/स्टेशन उपाध्यक्ष तथा पूजा कुमारी को महिला उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं, क्लास-4 कर्मचारियों के प्रतिनिधि के तौर पर सुनिल ठाकुर उपाध्यक्ष बने। संघ के सचिव का दायित्व पंकज कुमार को सौंपा गया है।

# रामलीला : महादेव में लक्ष्मण मूर्छित

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** गांव महादेव में बड़े ही सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। महादेव की रामलीला मैदान में खेली गई रामलीला में जहां हनुमान द्वारा सोने की लंका स्वाह की गई, वहीं बाली पुत्र अंगद दशानन को समझाते हैं कि अभी भी वक्त है कि श्री राम की शरण में चले जाओ वे तीनों लोकों के स्वामी हैं अत: लंकावासियों को खतरे में डाल सीता माता को श्री राम को आदर सहित सौंप दो और नतमस्तक हो जाओ। रावण किसी की नहीं सुनता क्योंकि उसे उसका सारा परिवार सर पर मंडरा रहे खतरे को नजदीक देख,नाना आदि सभी उसके हित में बात करते हैं उसे कोई फर्क नहीं पड़ता और अगले युद्ध के लिए अपने छोटे भाई कुंभकरण को जगाने का हुक्म सुनाते हैं। जबकि अपनी ताकत का एक नमूना अंगद अपना पांव जमाकर दिखाते हैं जिसे उठाना तो दूर की बात रावण के सैनिक आदि हिला भी नहीं पाते। खासतौर पर दृश्य में लक्ष्मण और मेघनाथ का युद्ध दिखाया जाता है जिसमें लंबे समय तक चले युद्ध में लक्ष्मण मेघनाथ के नागपाश वार से मूर्छित हो जाते हैं और मेघनाथ उसे उठाकर ले जाने की कोशिश करता है लेकिन शेषनाग के अवतार लक्ष्मण को वह उठा नहीं पाता मौके पर आया हनुमान मेघनाथ को गदा के प्रहार से परे पछाड़ता है और लक्ष्मण को मूर्छित हालत में अपने सैन्य शिविर की ओर ले जाता है। राम लक्ष्मण की यह दशा देख द्रवित हो उठते हैं और सुशेन आदि वैद्य को लंका से यहां हनुमान द्वारा लाने पर संजीवनी की सलाह पाते हैं ऐसे में हनुमान बूटी लेने जाते हैं और पर्वत ही उठा लाते हैं। लक्ष्मण का उपचार कर रहे वैद्य सुशेन संजीवनी को पहचान कर उससे लक्ष्मण को भला चंगा करते हैं और अगले युद्ध के लिए लक्ष्मण तैयार हो संकल्प लेते हैं कि अब तो मेघनाद गया।



रामलीला में श्रीराम व लक्ष्मण का अभिनय करते कलाकार।

## क्लस्टर सिस्टम प्राथमिक शिक्षकों के हितों संग कुठाराघात

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** प्रदेश सरकार द्वारा क्लस्टर सिस्टम प्रणाली को लेकर जारी अधिसूचना का राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंडी ने अपना कड़ा विरोध जताया है तथा कहा है कि क्लस्टर सिस्टम प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ कुठाराघात है। शिक्षक संघ ने सरकार द्वारा 23 सितंबर को नव परिसर प्रणाली पर जारी अधिसूचना के दिशा निर्देशों को वापस लेने की मांग दौराही है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड रिवालसर के अध्यक्ष मस्तराम राव महासचिव मनोज कुमार तथा बल्ह खंड के अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर महासचिव चंद्रमोहन ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि अधिसूचना के संदर्भ में आगामी 5 अक्टूबर को दोनों खंडों के सेंकड़ों अध्यापक राजकीय प्राथमिक खंड शिक्षक संघ जिला मंडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर की अगवाई में एसडीएम कार्यालय बल्ह तक एक रोष रैली निकालेंगे तथा एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को अपना ज्ञापन भेजेंगे।

**सच्चा** बलवान तो वही होता है, जिसने अपने मन पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया हो। –**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# चरमराती स्वास्थ्य सेवाएं

हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की 24 घंटे की सांकेतिक हड़ताल ने पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई को उजागर कर दिया है। मरीजों और तीमारदारों को अस्पतालों तक पहुंचने और वहां से घर लौटने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यह हड़ताल सिर्फ एक दिन की प्रतीकात्मक थी, लेकिन इसका असर आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी पर बहुत गहरा पड़ा। सीटू के बैनर तले करीब 1400 एंबुलेंस कर्मचारियों ने प्रदेशभर में रैलियां और धरने प्रदर्शन करके अपने आक्रोश को जाहिर किया। इन कर्मचारियों की प्रमुख शिकायत यह रही कि उनसे रोज 12 घंटे से अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन इसके बदले उन्हें केवल 8 घंटे का मानदेय दिया जा रहा है, जो न केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी अमानवीय है।

उनका कहना है कि वे दिन-रात बिना थके और बिना शिकायत किए अपनी सेवाएं दे रहे हैं, चाहे वह सड़क हादसा हो, गर्भवती महिला की डिलीवरी हो या फिर किसी गंभीर रोगी को अस्पताल पहुंचाने की स्थिति, लेकिन बदले में उन्हें केवल मानसिक दबाव, अस्थिरता और शोषण ही मिला है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने बार-बार सरकार, सेवा प्रदाता कंपनियों और नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट, लेबर कोर्ट, सीजीएम कोर्ट शिमला और श्रम कार्यालय ने बार-बार आदेश दिए हैं कि इन कर्मचारियों को श्रमिक अधिकार दिए जाएं, लेकिन उन आदेशों को भी अनदेखा किया जा रहा है।

ईपीएफ और ईएसआई जैसी जरूरी सुविधाएं भी पूरी तरह लागू नहीं की जा रही हैं। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि उन पर इस्तीफा देने या मनमाने तबादले स्वीकार करने का मानसिक दबाव बनाया जाता है। कई कर्मचारियों को तो महीनों तक ड्यूटी से हटाकर बिना कारण नौकरी से बाहर रखा गया है। इन सब बातों से आहत होकर उन्होंने सांकेतिक हड़ताल का रास्ता अपनाया था, लेकिन यह तय है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो आंदोलन और अधिक उग्र हो सकता है, जिसका सीधा असर प्रदेश की आम जनता पर पड़ेगा। आज की हड़ताल के दौरान कई मरीजों को एंबुलेंस सेवा समय पर नहीं मिल पाई। कई लोगों को मजबूरी में प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ा, जिनके चालकों ने मौके का फायदा उठाकर मनमाना किराया वसूला।

छोटे-छोटे रास्तों के लिए 500 से 1000 रुपए तक मांगे गए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा। सोचने की बात यह है कि जिन एंबुलेंस कर्मियों को हम नायकों की तरह देखते हैं, जिन्होंने कई बार चलती एंबुलेंस में प्रसव करवाकर जिंदगियां बचाई हैं, आज वे खुद अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे सिस्टम की संवेदनहीनता को उजागर करती है। सरकार एक ओर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की बात करती है, लेकिन जब इन सेवाओं के असली कर्णधार अपनी पीड़ा व्यक्त करते हैं, तो उन्हें सुनने वाला कोई नहीं होता। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अपने घोषणापत्र और भाषणों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने की बात कही है, लेकिन इन कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति सरकार की चुप्पी बेहद चिंताजनक है।

यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवा का ढांचा पूरी तरह चरमरा सकता है। पहले ही कई दुर्गम क्षेत्रों में अस्पताल और डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं, यदि एंबुलेंस सेवाएं भी बाधित हो गईं तो मरीजों के पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे केवल आंदोलन या टकराव से नहीं, बल्कि संवेदनशील संवाद और न्यायपूर्ण समाधान से सुलझाया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द एंबुलेंस यूनियन के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाए और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करे।

जो मांगें न्यायोचित हैं, जैसे 12 घंटे काम का पूरा भुगतान, ईपीएफ और ईएसआई का सही क्रियान्वयन, स्थायीत्व और सम्मानजनक कार्य माहौल, उन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। यह ध्यान रखना चाहिए कि ये कर्मचारी केवल एक सेवा नहीं दे रहे हैं, बल्कि हजारों जिंदगियों से जुड़े हैं। वे जब तक अपनी ड्यूटी पर संतुष्ट और सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक आमजन को भी पूर्ण सुविधा नहीं मिल पाएगी। यह हड़ताल हमें यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या हमारे समाज में सेवा देने वालों का सम्मान है?

क्या हम सिर्फ तब ही उनकी सराहना करते हैं जब वे किसी की जान बचाते हैं और बाकी समय उन्हें अनदेखा करते हैं? यह दोहरा मापदंड अब बदलना चाहिए। सरकार, समाज और स्वास्थ्य विभाग को एकजुट होकर इस समस्या का हल निकालना होगा ताकि कोई मरीज सेवा से वंचित न हो और कोई सेवाकर्मी शोषण का शिकार न हो। आखिरकार, एक स्वस्थ प्रदेश की नींव तभी मजबूत हो सकती है जब उसके सेवा प्रदाता खुद सुरक्षित, संतुष्ट और सम्मानित हों। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय प्रशासनिक सेवा में दूसरी महिला अधिकारी

**सरला** ग्रेवाल भारतीय प्रशासनिक सेवा में भारत की दूसरी महिला अधिकारी थीं। उन्होंने पंजाब के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया था। सरला ग्रेवाल 1956 में शिमला की डिप्टी कमिश्नर बनाई गई थीं। वे देश में इस पद पर दायित्व निभाने वाली पहली महिला अधिकारी थीं। 1963 में वे पंजाब सरकार के स्वास्थ्य विभाग की सचिव नियुक्त हुई थीं। उन्होंने पंजाब के विकास आयुक्त के रूप में 1971 से 1974 तीन वर्षों तक इस पद की जिम्मेदारी का निर्वहन किया था। इसके अंतर्गत कृषि और उससे संबंधित विभागों का दायित्व शामिल था। सरला ग्रेवाल मध्य प्रदेश के राज्यपाल पद पर भी रहीं। इस पद पर उन्होंने 31 मार्च, 1989 से 5 फरवरी, 1990 तक कार्य किया। अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने ऑनर्स में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। बाद में सरला ग्रेवाल ने दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि पंजाब विश्वविद्यालय से प्राप्त की। यहां पंजाब विश्वविद्यालय में उन्होंने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 1952 में सरला ग्रेवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। सरला ग्रेवाल 1962 में शिक्षा संचालक बनने वाली पहली आईएएस अधिकारी थीं। इस हैसियत से उन्होंने प्राथमिक से लेकर हाईस्कूल और विश्वविद्यालय स्तर तक शिक्षा प्रशासन के विभिन्न दायित्वों का निर्वाह किया। इसी दौरान राज्य में युवक कार्यक्रमों और प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों को उन्होंने शिक्षा प्रणाली के माध्यमिक स्तर पर व्यवसाय से जोड़ने की पहल की। ■



सरला ग्रेवाल
जन्म : 4 अक्तूबर, 1927
मृत्यु : 29 जनवरी, 2002



कविता

## इंतजार

डॉ. राजीव डोगरा, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

**अंधेरों** को जैसे, रोशनी का इंतजार है।
नफरत को जैसे, मोहब्बत का इंतजार है।
बादलों को जैसे, बरसने का इंतजार है।
राहों को जैसे, हमराही का इंतजार है।
वृक्षों को जैसे, खिलते हुए पत्तों का इंतजार है।
सूखी भूमि को जैसे, वर्षा का इंतजार है।
सावन को जैसे, बहारों का इंतजार है।
वैसे मुझे तुम्हारा, मेरे जीवन में इंतजार है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# महात्मा गांधी आज भी हमारे बीच, बस पहचान खो बैठे हैं



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर

दो अक्तूबर को एक बार फिर देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई, लेकिन भारत में एक सवाल फिर से खड़ा हो गया है– हमने सचमुच किस गांधी की जयंती मनाई? क्या वह गांधी, जिसने सत्य और अहिंसा के बल पर न केवल भारत को आजादी दिलाई, बल्कि पूरे विश्व को अहिंसा और सत्याग्रह का अमूल्य उपहार दिया? या वह गांधी, जिसे एक बंदूक और कट्टर विचारधारा ने मार डाला? गांधी का शरीर भले ही मारा गया हो, पर उनका विचार, उनका आत्मबल, उनका सत्य और अहिंसा का मार्ग आज भी जीवित हैं।

यह विचार भारत की मिट्टी से उपजा था, जिसे उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की दूरदर्शिता से सीख कर और भारतीय जनमानस की पीड़ा देखकर आकार दिया। गांधी, दक्षिण अफ्रीका के वैभव और आराम को छोड़ भारत लौटे। उस भारत में, जो सदियों से विदेशी सल्तनों और फिर अंग्रेजों की गुलामी के अधीन था। जहां देशी राजाओं की सत्ता मात्र अंग्रेजों के सामने एक चौकीदार की तरह थी। ऐसे समय में गांधी आते हैं और देश की आत्मा को समझने के लिए भारत के गांव-गांव में भ्रमण करते हैं। भूख, गरीबी, विषमता और असहायता देखकर उनका मन विचलित होता है, लेकिन वे अपने संकल्प से डिगते नहीं। उन्होंने विदेशी वस्त्रों को त्याग दिया और सत्याग्रह की अलख जलाकर देश के किसानों, मजदूरों और गरीबों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए। चंपारण, खेड़ा जैसे आंदोलनों ने साबित किया कि तलवार और बंदूक की नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा की ताकत से भी सत्ता को चुनौती दी जा सकती है। धीरे-धीरे यह सत्याग्रह पूरे देश में फैल गया। गांधी ने न केवल भारत को, बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि हिंसा से समाधान नहीं होता, बल्कि अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही न्याय और स्वतंत्रता संभव है। मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला और दलाईलामा जैसे विश्व के महान नेता भी गांधी के इस अहिंसात्मक संघर्ष से प्रेरित हुए। ओशो ने भी गांधी की इस विशेषता को रेखांकित किया कि गांधी के पास तैयार उत्तर नहीं होते थे। वे जिंदगी के सवालों से जूझते, अनुभव करते और फिर सच्चाई के उत्तर खोजते थे। यही कारण है कि उनका जीवन दर्शन हर युग के लिए प्रासंगिक है, लेकिन आज का भारत उस गांधी के दो रूपों में बंटा हुआ है।

पहला, जिसे पूरी दुनिया राष्ट्रपिता के रूप में जानती है, जिसके नाम पर हर साल सरकारी उत्सव होते हैं, जिसके चश्मे से 'स्वच्छ भारत' के सपने दिखाए जाते हैं। दूसरा, वह गांधी, जिसे कुछ लोग 'विभाजन का दोषी' मानते हैं, जिसके पुतलों पर गोली चलाते हैं, जिसका मजाक उड़ाते हैं और जो हत्यारा नाथूराम गोडसे को 'वीर' कहकर सम्मानित करते हैं। विडंबना है कि सत्ता के गलियारों में बैठे लोग विदेशों में जाकर 'मैं गांधी के देश से आया हूं' कहते हैं, लेकिन अपने देश में गांधी के विचारों का अपमान करने वालों को कभी कोई सजा नहीं होती। गांधी हर साल दो अक्तूबर को दो बार मरते हैं–एक बार बंदूक की गोली से और दूसरी बार विचारों की हत्या से।



गांधी की मूर्तियों पर चश्मा लगाकर स्वच्छता के नारे लगाए जाते हैं, और उसी मूर्ति के नीचे कूड़ा पड़ा होता है। यह स्थिति हमारे समाज की मनोस्थिति को दर्शाती है 'विज्ञापन में गांधी, व्यवहार में गोडसे।' गांधी को 30 जनवरी 1948 को गोली मारी गई थी, पर गोडसे आज भी उन्हें मारने की कोशिश करता है–नफरत, झूठ और कट्टरता के माध्यम से, लेकिन क्या वह सफल हो पाया? बिल्कुल नहीं। गांधी मरे नहीं हैं। उनका सत्य, उनका आत्म-नियंत्रण, उनका अहिंसा का मार्ग आज भी जीवित है। गांधी केवल एक नाम नहीं, एक जीवन दर्शन हैं।

नेल्सन मंडेला जैसे विश्व नेता भी स्वयं को 'आधा गांधी' मानते थे, क्योंकि पूर्ण गांधी बन पाना असंभव है। अब सवाल यह है कि क्या हमने उस गांधी की जयंती मनाई, जिसने आधी लंगोटी पहनकर दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति के सामने सत्याग्रह किया? या उस गांधी की, जिसे नफरत की गोली से मारा गया और जिसे आज भी सोशल मीडिया और सत्ता के गलियारों में बार-बार मौत दी जा रही है? वर्तमान भारत में गांधी की विचारधारा पर सवाल उठाने वाले और उसे अपमानित करने वाले तबके बढ़ रहे हैं। गांधी को 'कमजोर' बताने की कोशिश हो रही है, जबकि वे अपनी ताकत अहिंसा में मानते थे। गांधी ने अपने शरीर पर भी प्रयोग किया, अपनी सीमाओं को परखा और लोगों को यह सिखाया कि असली ताकत हिंसा में नहीं, संयम और सत्य में है। आज जब हम गांधी के नाम पर जश्न मनाते हैं, तो क्या हमने उनके विचारों को सही से समझा है? क्या हमने उनका जीवन दर्शन अपने जीवन में उतारा है? गांधी ने कहा था– पहले खुद करो, फिर दूसरों से करो, लेकिन आज भी हमें अपने आस-पास असंख्य विरोधाभास दिखते हैं।

हम देश को महान बनाने की बातें करते हैं, लेकिन गांधी के दिखाए मार्ग से भटकते जा रहे हैं। गांधी की तरह हर किसी का आत्ममंथन जरूरी है कि क्या हम सचमुच उनके विचारों के प्रति समर्पित हैं? गांधी ने हमें यह भी सिखाया कि देश की सच्ची स्वतंत्रता तभी आएगी, जब हम अपने अंदर की गुलामी से मुक्त हो जाएंगे और यह गुलामी केवल विदेशी शासन की नहीं, हमारी मन की भी हो सकती है। गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं थे। वे एक विचार, एक मिशन और एक रास्ता हैं। जो हर किसी के लिए आसान नहीं है, लेकिन आवश्यक है। गांधी की तरह जीना कठिन है, पर असंभव नहीं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जेन जी जेनरेशन के मस्तिष्क को खोखला करती स्क्रीन



**मनीष कुमार**
जयसिंहपुर, कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

आज का दौर तकनीकी प्रगति का है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने संसार को हमारी हथेलियों में समेट दिया है। ज्ञान, मनोरंजन और संपर्क के अनगिनत साधन हमारे सामने हैं, परंतु इन्हीं साधनों ने एक नई समस्या को जन्म दिया है — 'स्क्रीन की लत', जो धीमे-धीमे मनुष्य की चेतना, एकाग्रता और सामाजिक संरचना को खोखला करती जा रही है। यह लत किसी नशे से कम नहीं, बस अंतर इतना है कि यह शराब या तंबाकू की तरह दिखती नहीं, बल्कि हाथों की उंगलियों में छिपी हुई रहती है।

आज अधिकांश लोग सुबह उठते ही अलार्म बंद करने से पहले सूचनाएं (नोटिफिकेशन) देखने लगते हैं। भोजन करते समय, यात्रा के दौरान, पढ़ाई के बीच, यहां तक कि लोगों से बातचीत करते हुए भी अंगुलियां अनायास मोबाइल स्क्रीन पर चलती रहती हैं। इंस्टाग्राम रील, यूट्यूब शॉर्ट्स और फेसबुक वीडियो के अंतहीन भँवर में मनुष्य इस प्रकार फंसता चला जाता है कि उसे समय का भान ही नहीं रहता। पांच मिनट का मनोरंजन कब पांच घंटे में बदल जाता है, इसका एहसास भी नहीं होता। क्या आपके साथ भी कभी ऐसा हुआ है कि जिस कार्य के लिए फोन उठाया हो, वे कार्य ही भूल गए हों और रील देखने में मगन हो गए हों या आप थोड़ी-थोड़ी देर बाद नोटिफिकेशन चेक करना या बिना उद्देश्य के सोशल मीडिया एप्स खोलना आदि। यदि आपके साथ ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं तो आप भी स्क्रीन एडिक्ट हैं। माइक्रोसॉफ्ट कनाडा की एक प्रसिद्ध रिपोर्ट के अनुसार सन 2000 में मनुष्य का औसत ध्यान अवधि (अटैन्शन स्पैन) 12 सेकंड थी, जो अब घटकर केवल 8 सेकंड रह गई है। अर्थात, मनुष्य अब सोने की मछली से भी कम समय तक एक विषय पर केंद्रित रह पा रहा है।



भारत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) एवं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की संयुक्त रिपोर्ट बताती है कि देश के लगभग 24% किशोर 'डिजिटल व्यसन' से पीड़ित हैं। अनेक बच्चों में चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, स्मरण शक्ति में कमी तथा सामाजिक अलगाव के लक्षण देखे गए हैं। अमेरिका के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) द्वारा किए गए एक व्यापक अध्ययन में यह पाया गया कि जो बच्चे प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक स्क्रीन देखते हैं, उनके मस्तिष्क के निर्णय एवं नियंत्रण से जुड़े भागों में संरचनात्मक परिवर्तन होने लगते हैं।

यह तथ्य दर्शाता है कि यह समस्या केवल मनोरंजन या आदत तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह तंत्रिका प्रणाली के विनाशकारी प्रभाव तक जा पहुंची है। आजकल पेरेंट्स भी अपना काम टालने के लिए नवजात के हाथ में स्मार्टफोन थमा दे रहे हैं, ऐसा करना आग में घी डालने समान है। दुष्परिणामस्वरूप भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चे हर दिन औसतन 2.2 घंटे स्क्रीन के सामने बिताते हैं — जो डब्ल्यूएचओ द्वारा सुझाई गई सीमा से दोगुना है। 10 अलग-अलग अध्ययनों में कुल 2,857 बच्चों को शामिल किया गया, और उनके आंकड़ों के विश्लेषण से यह जानकारी मिली। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दो साल से छोटे बच्चे, जिन्हें बिलकुल भी स्क्रीन नहीं दिखानी चाहिए, भारत में औसतन 1.2 घंटे स्क्रीन के सामने बिताते हैं। यदि हम आज स्वयं पर नियंत्रण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां एक ऐसे समाज की वारिस होंगी जहां मनुष्य जीवित तो होगा, परंतु संवेदनाहीन और एकाकी। इसलिए समय रहते यह संकल्प लेना होगा —'हम तकनीक का उपयोग इस तरह करें कि हम तकनीक पर राज करें, न कि तकनीक हमारी प्रजाति पर।' अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब मोबाइल के पीछे भी चेतावनी छपवानी पड़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खाद्य पदार्थों में मिलावट: मानवता के स्वास्थ्य से खिलवाड़



**रामलाल पाठक**
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

विभिन्न खाद्य पदार्थों और दूध-दहीं का उत्पादन कम होने तथा मांग अधिक होने से मिलावट का गोरख धंधा ग्रामीण क्षेत्रों तक पांव पसारने लगा है। कुछ समाज विरोधी लोग खूब मुनाफा कमाने के उद्देश्य से खाद्य वस्तुओं में मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खलवाड़ कर रहे हैं। इससे बीमारियां बढ़ रही है तथा आदमी की आयु में औसतन कमी आ रही है। शुगर और ब्लैड प्रेशर जैसी जानलेवा बीमारियां बढ़ रही है। बुजुर्ग अब असमंजस में है कि वह क्या खाएं और क्या न खाएं?

रासायनिक खाद एवं कीट नाशक दवाइयों का दुष्प्रभाव से भी लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। पहले ग्रामीण क्षेत्र से दूध, फल, सब्जियां और आटा आदि शहर में वितरित होती थी, लेकिन अब इसके विपरीत हो गया है। खाद्य वस्तुएं शहर से गांव के लिए लाई जाती है। इसलिए बुजुर्गों का उनकी गुणवत्ता के बारे में सोचना स्वभाविक ही है। दिन-प्रतिदिन कृषि कार्य पिछड़ने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र में पहले लोगों की जरूरत की फसल हो जाती थी। फसल के साथ ही पशुओं के लिए घास भी उपलब्ध हो जाता था।

रासायनिक खादों एवं कीट नाशक दवाइयों का प्रयोग नहीं होता था। फसलों की पैदावार भले ही कम थी, लेकिन खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता थी तथा भोजन स्वदिष्ट बनता था। किसी के अनाज की कमी हो जाती थी तो किसान एक-दूसरे से उधार ले लेते थे। दलहन और तिलहन फसलें भी काफी होती था। ज्यादातर छोटे किसान भी दालें बेचते थे। इसके साथ ही तिलहन की फसलों से तेल निकाला जाता था। उसे ही लोग प्रयोग में लाते थे। उस समय गांववासी बहुत कम सामान दुकानों से खरीदते थे। गांव में यदि अनाज, फल और सब्जियां काफी होती थी। व्यापारी उन को बेचने के लिए शहर ले जाया करते थे। इससे ग्रामीणों को आमदनी हो जाती थी। कोई किसी तरह की मिलावट नहीं होती थी। साधारण दाल-रोटी भी बहुत स्वादिष्ट होती तो। लोगों की रसोई में ज्यदातर मक्की की रोटी और माह की दाल बनती थी। चावल की उपज कम होती थी। इसलिए त्योहारों या विशेष अवसरों पर रसोई में चावल पकाए जाते थे। कृषि व्यवसाय में आई गिरावट से दूध उत्पादन भी कम हो गया है।



जब से सरकार ने उपदान पर सस्ता राशन उपलब्ध करवाना शुरू किया है तब से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने खेतीबाड़ी करना कम कर दिया है। वैसे भी अब खेतीबाड़ी करना घाटे का सौदा हो गया है। जमीन में जहरीला नीला और सफेद फुलनु घास फैल गया है। जंगली जानवरों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। पशुपालन में हो रही कमी के कारण गोबर की गली-सड़ी खाद की कमी से फसलें प्रभावित हो रही है।

किसानों का तर्क है कि बीज और कीटनाशक दवाइयां महंगी हो गई है। ट्रेक्टर से बुहाई की दरों में बढ़ोतरी हो गई है। नियमित देखरेख न होने तथा मौसम की दगाबाजी से फसल का उत्पादन बहुत कम होता है। जंगली जानवर और लावारिश पशु भी फसल का नुकसान करते हैं। कई बार तो यह स्थिति होती है कि जितना खर्च बुआई के लिए होता है उतनी कीमत की फसल भी नहीं होती। इसलिए भी किस इसे घाटे का सौदा मानते हैं। फसल से निकलने वाले भूसे को पशु चारे में प्रयोग किया जाता था। अब न ज्यादा फसल होती है और न ही पशुओं के लिए चारे की समस्या होती है। पशुपालन का कार्य भी न के बराबर हो गया है हालांकि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने दूध का समर्थन मूल्य बढ़ाया है, लेकिन पशुपालन का काम दिन-प्रतिदिन कम हो रहा है। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग ने सुझाव दिया था कि यदि सरकार सही मायने में पशुपालन के लिए बढ़ावा देना चाहती है तो पशुपालकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाए। इससे दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा तथा सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी। जब ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन होगा तो गोबर की गली-सड़ी खाद उपलब्ध होगी। इससे फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोग संवेदनशील मुद्दों पर लिखते हुए इतने असंवेदनशील कैसे हो जाते हैं ?



**डॉ. दमन आहूजा**
माइंडफुलनेस थैरेपी के प्रैक्टिशनर
damanahuja@gmail.com

अंग्रेजी की प्रतिष्ठित लेखक की नई किताब के ऊपर उनकी सिगरेट पीती तस्वीर की चर्चा होना स्वाभाविक ही था।

उम्र के ऐसे पड़ाव पर पहुंच कर जब आपके आचरण का प्रभाव जेन जी पर और उनसे भी कम उम्र के किशोरों के उपर भी पड़ता है, तब आपकी निजी जिंदगी के उन पहलुओं को सार्वजनिक रूप से सेलिब्रेट करना जो विवादास्पद हों, कानूनी दृष्टि से भी तर्कसंगत न हों एवं सामाजिक दृष्टि से भी अमर्यादित हों तब ऐसे में इसे पुस्तक बेचने की एक छिछोरी हरकत न माना जाए तो और क्या माना जाए? साहित्य का वास्तविक अर्थ ही है, कि जो सबका हित करे, ऐसे में दुनिया का कोई भी मानसिक सबल व्यक्ति सिगरेट पीने से किसी का हित होता हो, इस पर राजी नहीं होगा। हां, सिगरेट बनाने वाली कंपनियों के मालिकों को यह रुचने वाली बात लग सकती है और वह किताब के बौद्धिक पक्ष का समर्थन करते हुए प्रचार की जिम्मेदारी भी ले सकते हैं।

स्त्री स्वतंत्रता के और भी बहुत उम्दा उदाहरण हमारे आस पास के परिवेश में दिखते हैं। भारत में पहली महिला आईपीएस अधिकारी श्री मति किरण बेदी सत्र के दशक में कमीशन हुईं, सुरेखा यादव अस्सी के दशक में पहली महिला लोको पायलट (ट्रेन ड्राइवर) अब वंदे भारत ट्रेन की पहली महिला ड्राइवर बनी हैं, चिनाब आर्क ब्रिज की इंजीनियर प्रोफेसर माधवी लता, सुनीता विलियम्स, पीटी उषा, हरियाणा की तमाम महिला ओलंपिक विजेता पहलवान, मणिपुर की बॉक्सर मैरी कॉम, स्वर्गीय सुषमा स्वराज एवं ऐसी असंख्य महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण और स्वतंत्रता का झंडा बुलंद किया है।



भारतीय कानून के तहत सार्वजनिक रूप से सिगरेट पीना दंडनीय अपराध है, बावजूद इसके बौद्धिक नक्सलवाद के चलते सिगरेट जैसी चीज को किताब के मुख्य पृष्ठ पर उद्धृत कर अपने स्वतंत्रता के अधिकारों का दुरुपयोग करना ही माना जाएगा।

कभी-कभी इस तरह की चीजों से साफ लगता है कि कुछ लोग संवेदनशील मुद्दों पर लिखते हुए इतने असंवेदनशील कैसे हो जाते हैं कि इतनी छोटी सी बात भी उन्हें समझ नहीं आई कि यूथ आइकन मनाने वाले युवाओं पर इसका क्या असर होगा।

इसी तरह यूथ आइकन जब विभिन्न प्रकार के मसालों का ऐड टशन में है जश्न या 'मैं तुझ में हूं तू मुझ में है' करते हैं तो उनकी जिम में जा कर दिखाई हुई बॉडी की फोटो का सीधा अर्थ उनके द्वारा प्रदर्शित मसाले से ले लिया जाता है। युवा होते किशोरों को संस्कारित करने की जिम्मेदारी सिर्फ उनके मां बाप, अध्यापकों या रिश्तेदारों की ही नहीं है, समाज के हर वर्ग की है, खास कर प्रबुद्ध व्यक्तियों की तो और ज्यादा है। ऐसे में प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किसी लेखक को थोड़ा तो माइंडफुल होना ही चाहिए कि उनके इस कृत्य का क्या असर होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# प्रदेश में चलेगा 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान : मुकेश

## 15 अक्तूबर तक एक लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य, उपमुख्यमंत्री ने पानी के बिलों को लेकर नई योजना का दिया संकेत

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि शनिवार को प्रदेश में शिमला से कांग्रेस पार्टी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरूआत की जाएगी। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर हिमाचल में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, पार्टी के विभिन्न क्षेत्रों से रहे पदाधिकारी और कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा हर व्यक्ति इस अभियान में शामिल होगा।

प्रदेश में कांग्रेस के संगठन के नाम पर मात्र प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के अलावा संगठन का ढांचा न होने के सवाल के जवाब में अग्निहोत्री ने कहा कि हाईकमान शीघ्र ही पार्टी संगठन के ढांचे के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूरा करने जा रहा है। इसके बावजूद प्रदेश में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में पार्टी का संगठन सक्रिय है। उन्होंने बताया कि हाई कमान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने का ऑफर किया था, लेकिन अपनी धर्मपत्नी की मृत्यु के बाद पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने की वजह से इस पद को स्वीकारने से इंकार कर दिया था। जबकि पार्टी ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का संयोजक उन्हें बनाया गया है और वे इसी सिलसिले में प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें इस अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस अभियान को चला रहे हैं। प्रदेश में 15 अक्तूबर तक एक लाख हस्ताक्षर करवाए जाएंगे और 31 अक्तूबर को रिज मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। तब तक यह अभियान पूरा कर लिया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में दखल नहीं देगी, क्योंकि इन चुनावों में एक-एक पद पर अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। ऐसे में किसी एक का समर्थन करने पर दूसरे नाराज हो जाते हैं।

पानी के बिलों के सवाल पर जलशक्ति मंत्री के रूप में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विभाग को पानी के बिलों से ज्यादा आमदनी नहीं होती है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिलों को माफ कर दिया है। जबकि शहरी क्षेत्रों में बकाया बिलों को नहीं लिया जाएगा। नए सिरे से बिलों की अदायगी के लिए शहरी विकास विभाग के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

### रेस्ट हाउस निर्माण में 120 करोड़ खर्च करने का आरोप

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में जलशक्ति विभाग ने केंद्र से मिले पैसे में से 120 करोड़ रुपए रेस्ट हाउस बनाने पर खर्च कर दिए। जिसको लेकर केंद्र सरकार ने ऐतराज किया है कि यह पैसा पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिए दिया गया था, रेस्ट हाउस बनाने के लिए नहीं दिया गया था। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि पेयजल स्कीमों का संचालन एवं पानी के बिलों की उगाही का जिम्मा पंचायतों को सौंपा जाए।



### हिमाचल को जीएसटी में नुकसान, बड़े राज्यों को फायदा

जीएसटी के सवाल पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उत्पादक राज्य होने की वजह से हिमाचल को जीएसटी का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में तैयार उत्पाद बाहरी राज्यों में बिकते हैं, जिससे जीएसटी का फायदा भी उन्हीं बड़े राज्यों को मिलता है। उन्होंने आपदा में पेयजल आपूर्ति बहाल करने में अपना योगदान देने वाले जलशक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शाबाशी देते हुए कहा कि हाल ही में जलशक्ति विभाग में 1500 जलरक्षकों को पंप अटेंडेंट के पद पर पदोन्नत किया है। इसके अलावा शीघ्र ही विभागीय स्तर पर पांच हजार पद पैरा स्टाफ के भरे जाएंगे।

### विधायक चंद्रशेखर के सड़क अनशन का मामला केंद्र में उठाएंगे

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी एनएचएआई और निजी कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने जिस सड़क को लेकर अनशन किया था, उस मामले को केंद्र के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने बताया कि बीते तीन सालों में प्रदेश में सड़कों को लेकर 20 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, चेतराम ठाकुर, संजीव गुलेरिया, सदर की प्रत्याशी चंपा ठाकुर और नाचन के प्रत्याशी नरेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# रिस्सा पुल का संपर्क टूटा, आधा दर्जन पंचायतों के लोग परेशान



**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** रिस्सा पुल का एक छोर टूटने से लगभग आधा दर्जन पंचायतों का संपर्क पिछले तीन हफ्तों से टूटा हुआ है। इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि बड़े और राजस्व देने वाले बस रूट तो अधूरे-अधूरे चल रहे हैं, लेकिन पतराई-गलू जैसे रूटों पर बड़े वाहन पिछले दो माह से पूरी तरह बंद पड़े हैं। बरोटी, टिक्कर और मैगल जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मांग कर रहे हैं कि बसों को वाया मसेरन-भद्रवाड़-पिंगला चलाया जाए, ताकि छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को राहत मिल सके। लोक निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता हितेश शर्मा ने बताया कि पुल की दोनों एप्रोच वॉल के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। उनका कहना है कि आगामी तीन सप्ताह के भीतर एप्रोच वॉल का निर्माण कार्य पूरा कर यातायात सुचारू कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पधर व बरोट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल पधर में 33/11 केवी सब स्टेशन ग्वाली में जरूरी रख रखाव व एचटी/एलटी लाइनों के साथ लगते पेड़ों की कांट-छांट के लिए 5 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत उपमंडल पधर व बरोट के अधीन आने वाले सभी गांवों की बिजली बंद रहेगी।

### ग्राम सभाओं में नशा मुक्ति के लिए लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति के आह्वान पर टिहरा, चोलथरा व सजाओ क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में नशे के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसका नेतृत्व टीहरा क्षेत्र में खंड अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स कोच भुपिंदर भूप्पी, पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह, राजीव आर्य, यशपाल पठानिया और सजाओ क्षेत्र में डॉ. विना राठौर, कमला ठाकुर, राजेंद्र पाल, राजपाल, डुरवाड़ क्षेत्र में रणताज राणा, सतीश कुमार, मेहर सिंह, हेमराज इत्यादि ने किया। शपथग्रहण कार्यक्रम ग्राम पंचायत चोलथरा, सरौन, गरयोह, कोट, टिहरा, तनियार, गरौउडु, डुरवाड़, घरवासड़ा, पिपली-भराड़ी, सजाओपिपलु, जोढन, लौंगनी इत्यादि ग्राम पंचायतों में अभियान समिति के माध्यम से आयोजित किए। भूपिंद्र भूप्पी और विना राठौर ने कहा कि 15 अक्तूबर को ग्रामीण महिला दिवस के मौके पर धर्मपुर में नशा मुक्ति बारे महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और 14 नवंबर को चोलथरा में मिनी मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी।

### वॉलीबाल और कबड्डी में सदर मंडी विजेता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभड़ोल में आयोजित तीन दिवसीय 66वीं जिला स्तरीय अंडर-19 बॉयज खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस प्रतियोगिता में मंडी के 18 जोनों से 667 खिलाड़ी और 200 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। सदर मंडी स्कूल ने ऑल राउंड बेस्ट का खिताब जीता। मार्च पास्ट में जोगिंद्रनगर प्रथम, वॉलीबाल में सदर मंडी विजेता, कबड्डी में सदर मंडी विजेता और सुंदरनगर उपविजेता, खो-खो में सुंदरनगर विजेता रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की भावना को मजबूत करते हैं। समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### कनिक और आशीष ने चमकाया नाम



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बिलासपुर के लुहणू ग्राउंड में आयोजित डीएवी राज्य स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धा में डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से कनिक ने अंडर-19 लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक जीता, जबकि आशीष ने अंडर-14 शॉट पुट प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। दोनों ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय परिवार और स्थानीय क्षेत्र में इस उपलब्धि से खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, लगन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सभी पेंशनर्स के हिमकेयर कार्ड को मिले मान्यता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने एसडीएम सरकाघाट, विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर तथा विधायक सरकाघाट दलीप सिंह ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को विस्तृत ज्ञापन भेज कर मांग की है कि सरकार जब तक पेंशनर्स के चिकित्सा संबंधी बिलों का भुगतान करना शुरू नहीं कर देती, तब तक सभी इच्छुक पेंशनर्स के हिमकेयर कार्ड को, प्रदेश के अस्पतालों, एम्स व पीजीआई में मान्यता प्रदान करवाए, जिससे जरूरत पड़ने पर पेंशनर्स अपना इलाज अस्पतालों में करवा सकें। रमेश ने पेंशनर्स के हित में सरकाघाट विधायक दलीप ठाकुर से मुलाकात कर इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने का आग्रह किया। हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन खंड सरकाघाट के प्रधान रमेश ठाकुर, महासचिव जगदीश नरयाल, प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा तरह पेंशनर्स कल्याण संगठन सरकाघाट के प्रधान अमी चंद व सचिव रणजीत सिंह ने इस मांग को समर्थन दिया है।

### चक्कर में शुरू हुआ एम-स्वस्थ ई-क्लीनिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** चक्कर (मिल्कफेड मिल्कप्लांट के पास) में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहयोग से एम-स्वस्थ ई-क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन बैंक के जीएम कर्मवीर सिंह शेखावत ने किया। समारोह में जीएम राजीव रंजन, शाखा प्रबंधक स्वेता वर्मा, हिमानी शर्मा, विकास थालौर और सुखविंदर सिंह सहित अन्य बैंक कर्मचारी व एम-स्वस्थ टीम के सदस्य मौजूद रहे। एम-स्वस्थ योजना के तहत मात्र 365 रुपये वार्षिक शुल्क में एक परिवार के 5 सदस्यों को डॉक्टर ऑन कॉल सुविधा के साथ मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। रीजनल हेड अनूप पराशर ने बताया कि प्रदेश के सभी ब्लॉकों में चरणबद्ध तरीके से ई-क्लीनिक शुरू किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं घर तक पहुंचेंगी। यह पहल ग्रामीणों के लिए बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सेवा साबित होगी।

### डलाह में विशेष जागरूकता शिविर 6 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** जिला मंडी के उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत डलाह के गांव स्नेड में 6 अक्तूबर 2025 को दोपहर 2 बजे अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु सूचना एवं जन संपर्क विभाग और फोक मीडिया ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा-निवारण, सामाजिक कल्याण योजनाओं और अन्य सरकारी पहलों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। प्रवक्ता ने आम जनता, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला और युवक मंडलों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने और सक्रिय सहयोग का आग्रह किया है।

# डीएवी सीपीएस मंडी ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मचाया धमाल




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी क्लस्टर-3 के होनहार खिलाड़ियों ने एक बार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की टीम ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता, जो कि शिमला में 27, 28 और 29 सितंबर को आयोजित की गई थी, में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 46 पदक अपने नाम किए।

खिलाड़ियों ने अपने दमखम, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए 19 स्वर्ण, 16 रजत और 11 कांस्य पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में रिजवाल, अर्नव, रियांश चौहान, भाव्यांश, समीर, अनाइशा सेन, निकुंज ठाकुर, प्रतीक, सिमरन, दर्शिता, आराध्या पंडित, समृति ठाकुर, दन्या अरोड़ा, वासुदेव, शौर्य प्रताप सिंह, मोक्ष, रोहित, इप्शिता शर्मा और मान्या सैनी शामिल रहे। रजत पदक विजेताओं में हिरण्य, देवेन, अंशुल ठाकुर, युगांशिका, दिव्या राणा, आरव ठाकुर, आयुष्मान, साव्या वर्मा, राशिक नाइक, साहिल, वत्सल, एरा बेहल, युविका भारद्वाज, राघव ठाकुर, दक्ष गोयल और नितिन ठाकुर शामिल हैं। कांस्य पदक विजेताओं में आरव सेन, तिक्षण लुसाई, अनाया, आरना ठाकुर, अन्विशा शर्मा, सान्वी, आरिद्य प्रताप सिंह, देवेश भोज, अयान महाजन, सर्विका और आदर्श मदोतरा शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## मंडी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सजेगा देई उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 8 अक्तूबर को मंडी का पड्डल ग्राउंड बेटियों की प्रतिभा और सशक्तिकरण का मंच बनेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग मंडी द्वारा आयोजित देई उत्सव में खेलकूद, निबंध, पोस्टर व नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, शिक्षा और लैंगिक समानता का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय और आसपास के लगभग 30 सरकारी व निजी स्कूलों के नौवीं से जमा दो तक के करीब 900 विद्यार्थी भाग लेंगे। अधिकांश प्रतियोगिताएं विशेष रूप से बालिकाओं के लिए आयोजित होंगी। उत्सव की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने की। उन्होंने बताया कि उत्सव में रस्साकशी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन प्रतियोगिताएं और बच्चों द्वारा बच्चों के लिए फन गेम्स आयोजित होंगे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ कल करेगा रोष-प्रदर्शन

## जिलाध्यक्ष बाबू राम की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में संघ ने लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों में शिक्षा विभाग द्वारा तुगलकी फरमान जारी करने से भारी आक्रोश है। अब प्राथमिक शिक्षक 5 अक्तूबर को उपमंडल स्तर पर रोष प्रदर्शन करेंगे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी की वर्चुअल बैठक जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जिला के सभी 25 खंडों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने शिक्षा विभाग द्वारा रोज नए-नए तुगलकी फरमान जारी करने पर आक्रोश प्रकट किया और निर्णय लिया कि कल रविवार को जिलाभर में उपमंडल स्तर पर प्राथमिक शिक्षक संघ रोष रैली निकालेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर शिमला में अनशन किया और 43वें दिन माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के संघ की मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद अनशन को समाप्त किया था लेकिन बड़े खेद की बात है कि आज दिन तक संघ की मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

### कहां किसकी अगुवाई में किया जाएगा प्रदर्शन

**शिक्षा** खंड औट व सिराज-2 के शिक्षक जिला पदाधिकारी अमरजीत की अगुवाई में बाली चौकी में रोष रैली निकालेंगे। इसके अलावा नेरचौक में बल्ह व रिवालसर खंड के शिक्षक जितेंद्र ठाकुर, मंडी में सदर-1, 2 व साईगलू के शिक्षक वंदना ठाकुर, जोगिंदरनगर में चौंतड़ा-1, 2 व द्रंग-1 के शिक्षक जिला महासचिव अतुल लखनपाल, द्रंग-2 के पर तेज सिंह, गोपालपुर-1, 2 व धर्मपुर के सरकाघाट में रत्न चंद व प्रेम लता, धर्मपुर-2 के धर्मपुर में, सिराज-1 व बगस्याड़ के थुनाग में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हेमराज ठाकुर, सुंदरनगर-1, 2, सलवाहन व निहरी के शिक्षक सुंदरनगर में जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल, चच्योट-1 व 2 के गोहर में भीम सिंह यादव व अंजू बाला जबकि करसोग-1 व 2 के शिक्षक उपमंडल करसोग में कांतिभूषण, दीप वर्मा व नीरज गुप्ता की अगुवाई में प्रदर्शन करेंगे।

### क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ प्राथमिक शिक्षकों में आक्रोश : कौंडल

इसके अलावा विभाग द्वारा क्लस्टर सिस्टम के तुगलकी फरमान जारी कर प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रदेशभर के प्राथमिक शिक्षकों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि अब मंडी जिला के सभी 25 शिक्षा खंडों के शिक्षक रविवार 5 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे रोष प्रदर्शन करेंगे और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा जाएगा। अगर उसके बाद भी संघ को अनसुना किया जाता है तो फिर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के मुख्य संरक्षक राम सिंह राव, जिला महासचिव अतुल लखनपाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब लाएगा सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** परमार्थ कार्यों में निरंतर योगदान दे रहा रोटरी क्लब अब शिक्षा के क्षेत्र में भी डिजिटल बदलाव की ओर कदम बढ़ा रहा है। शहरी और ग्रामीण सरकारी स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब ने एक और प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। अनुमानित एक लाख रुपए की लागत से शुरू होने वाले इस ई-लर्निंग प्रोजेक्ट की संभावनाएं हाल ही में राजकीय बाल पाठशाला जोगिंद्रनगर में तलाशी गईं।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य, स्कूल प्रबंधन और आईटी शिक्षकों की मौजूदगी में पत्राचार की औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गईं।वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने जानकारी दी कि इससे पहले लडभड़ोल क्षेत्र के भराड़पट्ट और जोगिंद्रनगर के ऐहजू की सरकारी पाठशालाओं में दो ई-लर्निंग प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक विकसित किए जा चुके हैं। अब शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में भी इस योजना को धरातल पर उतारा जाएगा ताकि आधुनिक डिजिटल शिक्षा विद्यार्थियों के लिए और अधिक सरल व प्रभावी हो सके।

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि क्लब का लक्ष्य है कि उपमंडल के अधिक से अधिक सरकारी स्कूलों तक डिजिटल शिक्षा की सुविधाएं पहुंचाई जाएं, जिससे विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया में सुधार लाया जा सके।

# बस सेवा की मनमानी पर विभाग की चुप्पी, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत चलने वाली शर्मा बस सर्विस इन दिनों मनमानी पर उतर आई है। निर्धारित रूट और समय तय होने के बावजूद यह बस सेवा नियमों का पालन नहीं कर रही है। हमीरपुर से करसोग तक चलने वाली यह बस सुबह तो पटड़ीघाट होकर आती है, लेकिन वापसी में इस रूट को छोड़कर अन्य मार्ग से निकल जाती है। बुधवार को भी रूप लाल, दमोदर दास, सुनीता, लेख राज, चंद्र सिंह, मूलराज, डिश शर्मा सहित कई लोग कलखर चौक पर आधे घंटे तक बस का इंतजार करते रहे। जब बस वहां पहुंची तो चालक और परिचालक ने यात्रियों की मांग को दरकिनार करते हुए स्पष्ट कह दिया जहां शिकायत करनी है, कर लो। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति पिछले दो सप्ताह से लगातार बनी हुई है। बस सेवा के निर्धारित रूट से न चलने के कारण लोग मजबूरन निजी वाहनों का सहारा ले रहे हैं और महंगा किराया अदा कर रहे हैं।

### लापरवाही पर सवाल

**लोगों** ने सवाल उठाया है कि जब एक पंजीकृत बस सेवा नियमों की खुली अवहेलना कर रही है, तो परिवहन विभाग मौन क्यों है? इस बारे में आरटीओ मंडी नवीन कुमार से बात की गई तो उन्होंने केवल इतना कहा कि चालक-परिचालक को निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बस का पंजीकरण आरटीओ हमीरपुर के पास है। जब आरटीओ हमीरपुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने अवकाश पर होने का हवाला देकर सिर्फ ऑफिस का नंबर थमा दिया, जिस पर कॉल रिसीव नहीं हो रही है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को सिर्फ निर्देश देने तक सीमित न रहकर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। या तो बस सेवा को उसके निर्धारित रूट पर चलने के लिए बाध्य किया जाए या फिर ऐसे परमिट रद्द किए जाएं, जिनमें नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अगर विभाग तुरंत कार्रवाई नहीं करता तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर एवं जूलॉजी विभाग ने किया केंचुआ खाद इकाई का शुभारंभ



अभिलाषी विवि में केंचुआ खाद इकाई के शुभारंभ अवसर पर छात्रों को वर्मी कंपोस्ट की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर और जूलॉजी विभाग ने मिलकर केंचुआ खाद ईकाई का शुभारंभ किया। इस केंचुआ खाद को कृषि संकाय के डॉ. रविंदर कुमार, सहायक प्रोफेसर, मृदा विज्ञान और डॉ. ऐश्वर्या शर्मा सहायक प्रोफेसर, जंतु विभाग द्वारा किया गया। इन विशेषज्ञों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से न सिर्फ मृदा बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। क्योंकि यदि रसायनों के अंश खाद्य उत्पादों में मिल जाएं तो मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा। इसके विपरीत, केंचुआ खाद जिसे वर्मी कंपोस्ट के नाम से जाना जाता है, इसके उपयोग से मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है तथा उत्पाद सुरक्षित एवं पोषक बना रहता है।

इस अवसर एग्रीकल्चर विभाग के डीन प्रो. पीसी शर्मा ने छात्रों को बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां अधिकांश युवा ग्रामीण क्षेत्रों एवं कृषक परिवारों से आते हैं। ऐसे में वर्मी कंपोस्ट उत्पादन न केवल जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाला साधन है, बल्कि यह स्वरोजगार के लिए भी एक उत्कृष्ट विकल्प प्रस्तुत करता है।

विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने छात्रों को इस अवसर पर जैविक कृषि की आवश्यकता, उपयोगिता व इसके दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी विद्यार्थियों को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन को एक व्यावसायिक अवसर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। केंचुआ खाद इकाई के शुभारंभ पर कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जिनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा व सचिव नरेंद्र ने एग्रीकल्चर एवं जूलॉजी विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी व आशा व्यक्त करते हुए केंचुआ खाद बनाने के परीक्षण पर बल दिया।

# दीपक दीपांशु को अध्यक्ष और उमा भारती को मिली सचिव की कमान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छात्रों की रचनात्मकता और पत्रकारिता कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग में मीडिया क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने की। मीडिया क्लब में कुलपति प्रो. अवस्थी को मुख्य संरक्षक और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा को संयोजक नामित किया गया।

सर्वसम्मति से दीपक दीपांशु को अध्यक्ष तथा उमा भारती को सचिव चुना गया। वहीं मनीष, महेश्वर, एकता, लखविंदर और शिव कुमार को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. अवस्थी ने कहा कि इतिहास विभाग द्वारा मीडिया क्लब की स्थापना अत्यंत सार्थक और समयानुकूल पहल है। मुझे विश्वास है कि क्लब के सदस्य रचनात्मकता और जिम्मेदारी दोनों का परिचय देंगे । क्लब के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया क्लब छात्रों में पत्रकारिता और मीडिया क्षेत्र की गहन समझ विकसित करेगा। इस अवसर पर इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. रामपाल, विकेश कुमार और राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मीडिया क्लब से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

**हवन यज्ञ** अवैध कमेटी ने देवी श्रृंगार को बाहर फेंक चौकीदार का बसेरा बना दिया था कक्ष

# अशुद्ध किए शयन कक्ष को मंत्रोच्चारण से किया पवित्र

**अनंत ज्ञान, महादेव**

प्राचीन भद्रकाली मंदिर भराड़ी में अवैध कमेटी द्वारा अशुद्ध किए गए देवी के शयन कक्ष का शुद्धिकरण कर दिया गया है। गौर हो कि पैसों के हिसाब किताब का गोलमाल करने वाली अवैध कमेटी ने माता के शयन कक्ष को अशुद्ध कर कक्ष में चौकीदार का बसेरा बना दिया था, जिस कारण देवी रुष्ट हो गई थी और पुजारी गंभीर बीमार होकर पीजीआई पहुंच गए।

बता दें कि भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त मंदिर कमेटी ने माता के शयन कक्ष से श्रृंगार का सामान और अन्य पवित्र सामान बाहर फैंक दिया था। इसके उपरांत पुजारियों ने एसडीएम सुंदरनगर को शिकायत दी थी, प्रशासन ने पुजारियों के पक्ष में फैसला सुनाया, लेकिन अवैध कमेटी ने फैसला नहीं माना और सरकार से दबाव डलवाने की नीति अपनाई, जिस पर कानून आडे आ गया और कमेटी के कारनामों के वीडियो वायरल होने पर जनता उग्र हो गई और शयन कक्ष को अवैध कमेटी से छुड़ा लिया गया।




### आस्था की ऊर्जा फिर हुई जागृत

मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरुण मोदगिल ने बताया कि डीएसपी स्तर पर प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद शयन कक्ष विधिवत रूप से पुजारियों को सौंपा गया। इसके बाद नवरात्रि के पहले दिन समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं और पुजारियों द्वारा विधिपूर्वक यज्ञ, वेद मंत्रों और शुद्धिकरण के साथ माता की पुनः स्थापना की गई, जिससे मंदिर में आस्था की ऊर्जा फिर से जागृत हो गई।

**मंदिर** में परंपरा को खंडित करने दुर्भाग्यपूर्ण है। कमेटी को जनता के पैसे की पाई पाई का हिसाब देना होगा। तंत्र का सहारा लेकर श्रीविष्णु और शिव भगवान के विधान को कमेटी नहीं बदल सकती। कर्म का हिसाब भोगना पड़ता ही है। समिति इसी सप्ताह मंदिर का निरीक्षण कर विजिलेंस को पत्र लिख भ्रष्टाचार की जांच की मांग करेगी।

**-सोनू भटोउ, प्रदेशाध्यक्ष, मठ मंदिर बचाओ संघर्ष समिति।**

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला का राजतिलक के साथ हुआ समापन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रही श्री रामलीला का समापन इस बार अत्यंत भव्य और भावनात्मक रहा। बीते दस दिनों से चल रहे नाट्य मंचन में जहां एक ओर दर्शकों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और अन्य पात्रों के अद्भुत अभिनय का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण वध के दृश्यों ने जनमानस को भावविभोर कर दिया। मंचन के अंतिम चरण में श्रीराम जी के अयोध्या लौटने और उनके राजतिलक के दृश्य के साथ रामलीला का विधिवत समापन हुआ। समापन समारोह में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने रामायण मंचन की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मर्यादा, धर्म और कर्तव्य के पालन की प्रेरणा देती है। इस समारोह में समाजसेवी और शिवराम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एवं क्लब के मुख्य संरक्षक रूमेल कुमार धीमान भी अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित हुए। मुख्यातिथि दविंदर कुमार भुट्टो और विशेष अतिथि रूमेल कुमार धीमान की उपस्थिति ने इसे और अधिक गरिमामयी बना दिया। हटली की श्रीराम लीला न केवल सफल रही बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गई कि धर्म, सत्य और मर्यादा ही जीवन का वास्तविक मार्ग हैं। इस मौके पर क्लब के सभी सदस्यों एवं कलाकारों ने अपने अभिनय की एक बेहतर छाप छोड़ी है। इस मौके पर जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा सूरम सिंह, संजीव मिंटू आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाला गुज्जर राजकीय महाविद्यालय, बीटन में शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना के सौजन्य से मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं विधिक प्रावधानों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन कुमारी (एंटी-ड्रग अवेयरनेस प्रोग्राम, विधिक प्रकोष्ठ, ऊना) रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, कानून द्वारा उपलब्ध सेवाओं तथा समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. गौरव ने राष्ट्रीय प्रतीक पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ज्योति और महाविद्यालय की टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### संतुलित आहार के बारे में दी जानकारी

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** आयुर्वेदिक विभाग ने शुक्रवार को चौकीमनियार में पोषण माह के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी चौकीमनयार डॉ नश्तर कौर ने बच्चों को पौष्टिक आहार और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई । उन्होंने बताया की संतुलित आहार में हरी सब्जियां ,फल मोटा अनाज ,दालें ,दूध आदि खाने में जरूर शामिल किया जाना जरूरी है जिसके चलते बच्चों में शारीरिक ब मानसिक बिकास अच्छे ढंग से होता है । उन्होंने कहा की इसके साथ ही हमें अपने शरीर को भी साफ रखना जरूरी है जिसके चलते एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का बॉस होता है । इस अवसर पर आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट मनोज राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### आपदाओं से बचाव पर किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव बारे जागरूक करने के लिए 6 से 18 अक्तूबर तक जिला के विभिन्न स्थानों पर 14वीं बटालियन की एनडीआरएफ टीम द्वारा सामुदायिक अभ्यास करवाया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम 6 अक्तूबर को जिला मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ प्रातः 11 बजे बैठक कर पुलों, इंवेंटरी संसाधनों और जिला में आपदा संभावित संवेदनशील क्षेत्रों के साथ-साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके आवश्यक जानकारी एकत्रित करेगी। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 8 अक्तूबर को गगरेट उपमंडल के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भद्रकाली में सुबह 9.30 बजे छात्रों व स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी। 9 अक्तूबर को बंगाणा उपमंडल के तहत घरवासड़ा, परोइयां कलां और रायपुर में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में संवेदनशील प्रोफाइल की जानकारी एकत्रित करेंगे। 10 अक्तूबर को भरमौती मंदिर और हंडोला पुल पर डूबने वाले संभावित क्षेत्रों और संवदेनशील प्रोफाईल की जानकारी एकत्रित करेगी। उपायुक्त ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम 11 अक्तूबर को उपमंडल अम्ब के तहत प्रातः 10 बजे माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में संवेदनशील प्रोफाइल से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। 13 अक्तूबर को महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कॉलेज अम्ब में सुबह 9 बजे छात्रों व स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी। साथ ही, 14 अक्तूबर को सुबह 9 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज खड्ड और 15 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पंडोगा में छात्रों व स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी। 16 अक्तूबर को सुबह 9 बजे उपमंडल ऊना में एसवीएसडी पीजी कॉलेज भटोली और 17 को हिम गौरव आईटीआई में छात्रों व स्टाफ के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी। वहीं, 18 अक्तूबर को सुबह 9.30 बजे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडेन बोटलिंग प्लांट रायपुर सहोड़ां और आईओसीएल पेखूबेला के प्रबंधन अधिकारियों के साथ संवेदनशील प्रोफाईल को लेकर बैठक करेंगे।

### संतोषगढ़ स्कूल में करवाई नारा लेखन प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स ऊना द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी रचनात्मकता और प्रतिबद्धता को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में 110 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया और स्वच्छता से जुड़े प्रभावशाली नारे प्रस्तुत किए। उ.क्षे.पा. ऊना के स्टेशन प्रभारी अमनदीप भारद्वाज ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामुदायिक दायित्व भी है। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, सभी छात्राओं को निरंतर स्वच्छता अभियान से जुड़े रहने और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के राष्ट्रीय संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य कविता सहित शिक्षकगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जीएसटी विषय पर करवाया विशेष कार्यक्रम




**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** भाजपा मंडल चिंतपूर्णी की ओर से आज अंबेडकर भवन, अंब में जीएसटी विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 163 कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, रविंद्र द्विवेदी, कृपाल सिंह और शाम मन्हास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दे सकती और न ही उनकी अध्यक्षता में बने संविधान को सही मायनों में मानती है। आज भारत की जनता कांग्रेस के असली चेहरे को जान चुकी है और अब उनके झांसों में आने वाली नहीं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने 1 जुलाई 2017 से वैट, एक्साइज ड्यूटी और अन्य कर व्यवस्था को समाप्त कर जीएसटी लागू किया। इससे व्यापारियों को राहत मिली है और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति में भी वृद्धि हुई है। समाज कल्याण को ध्यान में रखते हुए 22 सितम्बर से जीएसटी की दरों में कटौती की गई, जिसका सकारात्मक असर तुरंत दिखाई देने लगा।

## अनसेफ घोषित राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां के छह कमरे हुए डिस्मेंटल

# गांव के मंदिर में चल रही कक्षाएं

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

नेशनल अचीवमेंट सर्वे-2025 में गुणवत्ता आधारित शिक्षा के मामले मे हिमाचल प्रदेश इक्कीसवें स्थान से छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहीं नहीं बल्कि प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य भी घोषित किया गया है तो अब गुवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश के 100 स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई करवाने का प्रयोग भी सरकार कर रही है। राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां के छह कमरे अनसेफ घोषित हो जाने के बाद इन्हें डिस्मेंटल भी कर दिया गया है।

**स्कूल के नए भवन के लिए नहीं बजट**


बढेड़ा राजपूता स्कूल के मंदिर भवन में चल रही कक्षाएं।

कक्षाएं गांव के मंदिर में चल रही हैं लेकिन अभी तक नए भवन के निर्माण के लिए बजट जारी नहीं हो पाया है। शिक्षण संस्थानों के बदतर आधारभूत ढांचे की यह तस्वीर महज राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की ही नहीं है बल्कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोह में क्लासरूम को डिस्मेंटल किए अरसा बीत गया है तो यही स्थिति ओयल व कुठेड़ा जसवालां स्कूल है लेकिन सरकार की बदइंतजामी की इंतेहा ये है कि नए कमरों के निर्माण के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं हो पाया है।

राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां के जर्जर भवन में जब बरसात का पानी क्लासरूम के अंदर आने लगा तो तत्कालीन एसडीएम द्वारा गठित कमेटी ने इस भवन को असुरक्षित घोषित कर दिया। वर्ष 2023 में असुरक्षित किए गए इस भवन को अप्रैल 2025 में जाकर डिस्मेंटल किया गया। तब से लेकर राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की कक्षाएं गांव के मंदिर के भवन में चल रही हैं और जैसे-तैसे व्यवस्था को धक्का दिया जा रहा है लेकिन डिस्मेंटल हो चुके स्कूलों के नए भवनों के ही पर्याप्त बजट का कोई प्रबंध नहीं हो पाया है। राजकीय प्राथमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां में साढ़े तीन सौ के करीब विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। शिक्षण संस्थानों में आधारभूत ढांचे की कमी भी एक कारण है कि अभिभावक अपने बच्चो को निजी स्कूलों में भेजने को विवश हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गगरेट के प्रधान कुलदीप कंग के प्रयासों से इस स्कूल को निजी स्कूलों की तर्ज पर खड़ा किया गया था। उनके ही प्रयास ते कि अभिभावक अपने बच्चों को इस स्कूल में भेजने लगे थे। सरकार अगर वास्तव में सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पक्षधर है तो स्कूलों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए भी सरकार को प्रयास करने होंगे। सरकारें कभी मुख्यमंत्री आदर्श स्कूल तो अटल विद्यालय, राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों के फेर में फंसकर वाहवाही लूटने तक ही सीमित हो जाएंगी।

### तीन स्कूलों के साइंस ब्लॉक पड़े हैं अधूरे

**शिक्षा** के क्षेत्र में नई-नई योजनाएं लेकर आने वाली सरकारें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कितनी गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढ़े राजपूतां, घनारी व मरवाड़ी में अरसा पहले साइंस ब्लाक के निर्माण का कार्य तो शुरू हुआ लेकिन इन्हें बजट के अभाव में आधा अधूरा खंडहर बनने के लिए छोड़ दिया गया। आधारभूत ढांचा खड़ा करने के लिए ही अगर सरकारों के पास बजट नहीं है तो सरकारी स्कूलों में कम होती जा रही विद्यार्थियों की संख्या के लिए आखिर सरकारें किसको दोषी ठहरा सकती हैं।

### बजट उपलब्ध होने पर होगा भवन का निर्माण : सोमलाल

**उधर** शिक्षा उपनिदेशक (एलीमेंटरी) सोम लाल धीमान का कहना है कि जैसे ही बजट उपलब्ध होगा बढेड़ा राजपूतां स्कूल के भवन का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। तब तक स्कूल प्रबंधन को व्यवस्था बनाने को कहा गया है।

# पंचायत चुनावों से पहले प्रिंसिपल पदोन्नति सूची जारी करने की मांग

- लेक्चरर संघ का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री व चीफ सेक्रेटरी एवं शिक्षा सचिव से मिला
- प्रधानाचार्य प्रमोशन जल्द करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व मे शिक्षा मंत्री रोहित सिंह ठाकुर नवनियुक्त मुख्यसचिव संजय गुप्ता शिक्षा सचिव राकेश कंवर से शिमला में मिला।

जानकारी देते हुए लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया इस प्रतिनिधि मंडल में महासचिव इंदर सिंह ठाकुर मुख्य मार्गदर्शक राजेश सैनी वित सचिव सुरजीत सिसोदिया मीडिया प्रभारी दलवीर हिमटा डॉ. सत्य प्रकाश कुसुम जीरत दया दत्ता मुद्दिता भारद्वाज मनोज चंदेल शामिल थे। लेक्चरर संघ ने ज्ञापन सौंपकर प्रधानाचार्य प्रमोशन की मांग की और पंचायत चुनावों से पहले प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची जारी करने का आग्रह किया है।

लेक्चरर संघ ने जिन प्रवक्ता का कम रिजल्ट के कारण इंक्रीमेंट रोकी गई है उसको भी बहाल किए जाने का आग्रह किया है, यह जानकारी लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने दी।



# गायकी में दीपक ने राष्ट्रीय स्तर पर पाया दूसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

हिमाचल प्रदेश के प्रतिभावान युवाओं ने अपनी कला के दम पर प्रदेश का नाम एक बार फिर देशभर में रोशन किया है। ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित टीवी रियलिटी शो हुनर का मंच के गायकी फाइनल राउंड में देशभर से करीब 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें हिमाचल प्रदेश के 9 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के दो युवा कलाकार पंचायत पंजोआ लड़ोली के दीपक सोनी और पंचायत बेहड़ जसवां के उज्ज्वल शर्मा ने विशेष पहचान बनाई।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दीपक सोनी ने अपनी मधुर आवाज और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों व दर्शकों का दिल जीतते हुए देशभर में द्वितीय स्थान (सेकेंड रनर-अप) हासिल किया।

# चिंतपूर्णी में नवरात्र में 2 लाख भक्तों ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी मंदिर में शारदीय नवरात्रि मेले का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में शीश नवाया और 1,05,77,216 रुपए का नगद चढ़ावा अर्पित किया। यह जानकारी मंदिर प्रशासन द्वारा दी गई है।

### मंदिर न्यास को 15 लाख रुपए से अधिक आय

मंदिर न्यास द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार के शारदीय नवरात्रि मेले में पिछली बार के मुकाबले 15 लाख रुपए की अधिक नगदी प्राप्त हुई है। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल को इस सफलता के लिए बधाई दी जा रही है। मंदिर अधिकारी की कार्य कुशलता के कारण ही चिंतपूर्णी में लाइन व्यवस्था में सुधार हुआ जिसका असर चढ़ावे रूप में देखा जा सकता है

### सुगम दर्शन प्रणाली से अतिरिक्त आय

**मंदिर** न्यास द्वारा शारदीय नवरात्रि मेले के दौरान सुगम दर्शन प्रणाली के तहत 10,94,600 रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। इसमें लेवल 3 के 1827 पास से 9,13,500 रुपए और लेवल 2 के 1811 पास से 1,81,100 रुपए शामिल हैं।

### श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

**मंदिर** प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन प्रणाली की व्यवस्था की थी, जिससे श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने में आसानी हुई। इस व्यवस्था से मंदिर प्रशासन को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हुई। शारदीय नवरात्रि मेले के दौरान चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखी गई।

# पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शुक्रवार को भरवाईं बाजार में आपदा मित्र संदीप कुमार,मयंक शर्मा ने पॉलिथीन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया और इसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बीडीसी मेंबर केशव रतन ने आपदा मित्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पॉलिथीन के खिलाफ जागरूकता फैलाने से पर्यावरण को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा मित्रों द्वारा किए जा रहे प्रयास काफी सराहनीय हैं और इससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। आपदा मित्र न केवल आपदाओं के समय राहत और बचाव कार्यों में मदद करते हैं, बल्कि वे लोगों को विभिन्न खतरों के बारे में जागरूक भी करते हैं।

# पंडोगा में युवक पर चाकू से हमला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना हरोली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि उसी के भतीजे ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने एक छोटे चाकू से उसके सिर पर वार किए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों शिव कुमार व इंद्रजीत निवासी हरोली के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लाडी (35) निवासी हरोली ने शिकायत में बताया कि वह अकसर अपने गांव के निवासी जसविंद्र राणा के खेतों में काम करता है। रात करीब नौ बजे वह घर के बरामदे में बैठकर खाना खा रहा था।

उसी समय उसका भतीजा शिव कुमार अपने दोस्त इंद्रजीत के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने उसे जमीन पर लिटाकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपी इंद्रजीत ने एक छोटे से चाकू से उसके सिर पर वार किए। इस दौरान जसविंद्र राणा ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# गणित और विज्ञान का दैनिक जीवन से गहरा नाता : जसविंद्र

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

क्या गणित और विज्ञान शिक्षा के साथ-साथ आपके दैनिक जीवन में भी महत्व रखता है? गणित एवं विज्ञान के अंतरराष्ट्रीय रिसोर्स पर्सन डा. जसविंद्र सिंह का कहना है कि गणित और विज्ञान का दैनिक जीवन से उतना ही गहरा नाता है जितना ताले और चाबी का। गणित और विज्ञान ही दैनिक जीवन के कई प्रश्नों के ताले की वह चाबी है जिससे आप दैनिक जीवन को सुलभ बना सकते हैं।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्याण (पटियाला) पंजाब के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता अंतराष्ट्रीय रिसोर्स पर्सन डॉ. जसविंद्र सिंह ने शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक में दैनिक जीवन में गणित व विज्ञान के महत्व पर कार्यशाला आयोजित कर न सिर्फ दैनिक जीवन में इनके उपयोग के बारे में बताया बल्कि विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया।

डा. जसविंदर सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि गणित व विज्ञान का दैनिक जीवन में अत्यंत महत्व है। गणित तार्किक सोच, समस्या-समाधान और निर्णय लेने में मदद करता है तो विज्ञान आस-पास की दुनिया को समझने और नवाचारों को प्रेरित करने में भूमिका निभाता है। दोनों ही स्वास्थ्य, प्रोद्योगिकी, अर्थशास्त्र और व्यक्तिगत वित्त सहित जीवन के हर पहलू के लिए आवश्यक हैं। जो सटीक मापन, भविष्यवाणी और जटिल प्रणालियों को समझने में मदद करते हैं।

उन्होंने कहा कि गणित व विज्ञान हमें सूचित, विश्लेषण आधारित और आविष्कारशील समाज में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान व क्षमताएं देते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जिसने गणित व विज्ञान के महत्व को समझ लिया वह जीवन में कभी भी कोई चूक नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थी इन विषयों में रूचि दें तो ये दोनों विषय ही बेहद दिलचस्प व विद्यार्थी को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर, समन्वयक प्रवक्ता गणित जसवीर सिंह, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान विवेक मौदगिल, व टीजीटी मेडिकल मोनिका भी उपस्थित रहे।

# खेलें राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : अनिल

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह शानदार, प्रेरणादायक और गरिमामय रहा। समारोह के मुख्यातिथि जिला शिक्षा उपनिदेशक अनिल तखी ने प्रतिभागी छात्रों के अनुशासन, समर्पण और खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल खेलों का आयोजन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं सभी शिक्षकों ने मुख्यातिथि का भव्य स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंच पर अतिथि को सम्मान चिह्न भेंट कर विद्यालय परिवार ने अपनी श्रद्धाअर्पित की। कार्यक्रम की भव्यता के बीच, उसी दिन घटित एक दर्दनाक घटना ने समूचे वातावरण को भावुक कर दिया । तीन छात्राओं की पानी में डूबने से मृत्यु की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। दुखद अवसर पर मंच पर उपस्थित खिलाड़ियों, शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।




### मैदान पर उतरे 620 खिलाड़ी

**प्रतियोगिता** में 620 छात्रों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। खो-खो से लेकर कुश्ती तक, हर खेल में खिलाड़ियों की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और टीम भावना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे।

### हर खेल में दिखा कांटे का मुकाबला

**वॉलीबॉल**
विजेता : हरोली जोन
उपविजेता: अंब जोन

**खो-खो**
विजेता: हरोली जोन
उपविजेता: बंगाणा जोन

**टेबल टेनिस**
विजेता : रैनसरी
उपविजेता: जे एस विसडम

**शतरंज**
विजेता : लठियानी
उपविजेता : तनोह

**कबड्डी**
विजेता: ऊना जोन
उपविजेता: हरोली जोन

### विद्यार्थी राज्य स्तर पर अपना परचम लहराएं

**मुख्यातिथि** अनिल तखी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं ने विद्यर्थियों को केवल एक मंच ही नहीं, बल्कि उनकी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानने और तराशने का अवसर प्रदान किया है। खेलों से आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे राज्य स्तर पर भी अपना परचम लहराएं। और जिला ऊना का मान सम्मान बढ़ाएं। अनिल तखी ने उदाहरण दिया कि कैसे हटली के सुरजीत सिंह, जिन्हें एशियन टाइगर कहा जाता है, और कब्बड्डी में हिमाचल के अजय ठाकुर जैसे खिलाड़ी भी स्कूल स्तर से शुरुआत करके अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचे। मुख्यातिथि अनिल तखी ने सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**राजनीति**

## वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के प्रभारी बनते ही विधायक विवेक ने बनाई रणनीति

# लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए प्रदेशव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक शर्मा को जिला ऊना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी को संभालते ही विधायक विवेक शर्मा ने ऊना में बैठक आयोजित की, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई और जिला स्तर पर अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का खाका खींचा गया। बैठक में विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह आंदोलन जनता की आवाज़ है, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को बचाना



और जनता को वर्तमान सरकार की वास्तविकता से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि एक जनांदोलन है, जो अब ऊना जिले की हर गली-मोहल्ले, गांव और वार्ड तक पहुंचेगा।

विवेक ने भरोसा दिलाया कि संगठन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसका वह ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या कर सत्ता हथियाई गई है, वह जनता से धोखा है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस धोखेबाज़ी के खिलाफ आवाज़ उठाएंगे और जनता को बताएंगे कि उनके वोट का अपमान किस तरह से किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की भावनाओं और अधिकारों के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। कांग्रेस पार्टी संगठन विवेक शर्मा के नेतृत्व में और मज़बूत होगा तथा जिला ऊना में कांग्रेस का यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर घर-घर दस्तक दें और लोगों को इस आंदोलन से जोड़ें। एक रणनीति के तहत तय किया गया कि आने वाले दिनों में जिला ऊना के सभी विधानसभा क्षेत्रों—गगरेट, हरोली, ऊना, कुटलैहड़ और संतोषगढ़—में कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाएंगे। घर-घर जाकर पर्चे बांटे जाएंगे, नुक्कड़ सभाएं होंगी और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस अभियान को गति दी जाएगी।

विवेक ने कहा कि आंदोलन किसी एक नेता या संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता की आवाज है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता इस अभियान का सिपाही है और आने वाले समय में जनता इस आवाज़ को और बुलंद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगी।

# प्रबंधन समिति के सदस्य पर सतीश गोगी का निर्विरोध चुना जाना तय

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

जिला ऊना की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सोसायटी द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन-पत्र दाखिल करने के दिन सोसायटी के निवर्तमान प्रधान सतीश गोगी का निर्विरोध प्रबंधन समिति का सदस्य चुना जाना लगभग तय हो गया है।

प्रबंधन समिति के वार्ड नम्बर चार से सिर्फ सतीश गोगी ने ही नामांकन-पत्र दाखिल किया। उनके निर्विरोध चुने जाने की औपचारिक घोषणा होना ही अब शेष बाकी है। सोसायटी की प्रबंधन समिति के सदस्य चुने जाने के लिए अन्य छह वार्डों में आमने-सामने मुकाबला होगा। प्रत्येक वार्ड से दो-दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। बेशक नौ अक्तूबर को नामांकन-पत्र वापिस लेने के दिन तस्वीर पूरी तरह से साफ होगी लेकिन मौजूदा परिदृष्य से तय है कि अन्य छह वार्डों में मुकाबला होगा।

द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए सत्रह अक्तूबर को मतदान होगा और उसी दिन चुनाव नतीजे भी घोषित हो जाएंगे। शुक्रवार को नामांकन-पत्र दाखिल करने के दिन वार्ड नम्बर एक से पवन कुमार व राजेश कुमार ने नामांकन-पत्र दाखिल कर अपनी-अपनी दावेजारी जताई है जबकि वार्ड दो से राज कुमार व विनय ने नामांकन-पत्र दाखिल किए हैं। वार्ड तीन से राम कुमार व विक्रम ठाकुर नामांकन-पत्र दाखिल करने के लिए आगे आए हैं। वार्ड चार से एकमात्र नामांकन-पत्र निवर्तमान प्रधान सतीश गोगी ने दाखिल किया है। वार्ड पांच से संजय कुमार व सुखदेव ने नामांकन-पत्र दाखिल किया है। वार्ड छह से बलकार सिंह और शशी पाल ने नामांकन-पत्र दाखिल कर दावेदारी जताई है ।

# भगवान नृसिंह की भव्य जलेब का आगाज

## देवमहाकुंभ में पहले दिन महाराजा कोठी के सात देवता हुए शामिल, पालकी में सवार होकर निकले राजा महेश्वर सिंह

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**





**कुल्लू।** देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दूसरे दिन देवी-देवताओं की पुरातन संस्कृति का निर्वहन करते हुए शुक्रवार को भगवान नरसिंह की जलेब का आगाज हुआ। जलेब में जहां हर साल पांच दिनों तक अलग-अलग घाटियों के देवी-देवता भाग लेते हैं। इसी कड़ी में पहले दिन महाराजा कोठी के सात देवी-देवताओ ने जलेब में भाग लिया। ढालपुर स्थित राजा की चणनी से जलेब की शुरूआत हुई और देवी-देवताओं के साथ भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी में सवार होकर निकले। जलेब में शामिल खासकर युवा देवलू वाद्ययंत्रों की ध्वनि के साथ नाचते गाते हुए साथ-साथ चले। गौर रहे कि इस जलेब को राजा की जलेब भी कहा जाता है क्योंकि इस जलेब में कुल्लू के राजा परंपरा के अनुसार पालकी में सज-धज कर यात्रा करते हैं। इसी कड़ी में इस बार पांच दिनों तक निकलने वाली जलेब में पहले दिन सात देवताओं ने भाग लिया। लिहाजा, उत्सव के दूसरे दिन भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह इस विशेष प्रकार की पालकी में बैठकर परिक्रमा पर निकल पड़े हैं और यह जलेब पांच दिनों तक निकलेगी। जलेब में जहां सबसे आगे नरसिंह भगवान की घोड़ी सज-धज कर चली वहीं, राजा की पालकी के साथ दोनों तरफ देवता के रथ चले।

### राजा की चनणी से रथ मैदान तक निकली जलेब

यह जलेब भगवान नरसिंह की मानी जाती है और राजा नरसिंह का प्रतिनिधि होने के नाते नरसिंह के रूप में इस पालकी में भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह हर साल विराजमान होते हैं। राजा की चनणी से लेकर रथ मैदान होते हुए यह जलेब ढोल-नगाड़ों की थाप पर परिक्रमा पर निकले लोग नाचते गाते हुए वापस राजा की चनणी पहुंचते हैं।



### जलेब से बनता है सुरक्षा घेरा

प्राचीन मान्यता के अनुसार शाही जलेब से एक तरह का सुरक्षा घेरा भगवान के आसपास बनाया जाता है ताकि बुरी शक्तियां इस उत्सव स्थल से दूर रहें। यह जलेब भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार के अस्थायी शिविर से शुरू होकर रथ मैदान होते हुए वापस वहीं पहुंचती है।

# सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर देवलुओं के खिलाफ एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- देवता शिविर में तहसीलदार से धक्का-मुक्की व जूतों सहित प्रवेश को लेकर हुआ विवाद
- वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस जुटा रही साक्ष्य

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पहले दिन तहसीलदार कुल्लू के साथ देवलुओं द्वारा धक्का-मुक्की व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में शुक्रवार को तहसीलदार एवं कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील कार्यालय कुल्लू हरि सिंह की शिकायत पर पुलिस ने बड़ोगी के देवता भृगु ऋषि के देवलुओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने देवलुओं पर रास्ता रोकने, घसीटने, पीटने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार गत दिन तहसीलदार द्वारा देवता के शिविर को अशुद्ध करने पर देवलुओं को गुस्सा आ गया था।

तहसीलदार जूतों के साथ देवताओं के शिविरों में जा रहे थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भृगु ऋषि के देवलु और हारियान रघुनाथ शिविर के समीप मेला कमेटी ऑफिस से तहसीलदार को पकड़कर और धक्का मुक्की करते हुए लाए और देवता से माफी मांगने के बाद तहसीलदार को जाने दिया। उसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा और तहसीलदार हरि सिंह यादव के बयान पर देवलुओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया। तहसीलदार दशहरा उत्सव में मेला देवता प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देवलू करीब 200 मीटर तक उन्हें धक्के देकर जबरदस्ती ले गए। धमकी दी और मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए मानसिक ठेस भी पहुंचाई। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि तहसीलदार की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार ने अपनी लिखित रूप से छह लोगों के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी वायरल वीडियो को एकत्रित करके साक्ष्य जुटा रही है।

# रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में देवी-देवता लगा रहे हाजिरी

## पूजा-अर्चना से भक्तिमय हो उठी देवभूमि कुल्लू , भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में भजन-कीर्तन का दौर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का मुख्य आकर्षण रहने वाले अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ का शिविर भक्तिमय हो उठा है। देवता के अस्थायी शिविर में सुबह से शाम तक घाटी के आराध्य देव अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

उत्सव के दूसरे दिन सुबह के समय ही भगवान रघुनाथ जी की षोडशोपचार के बाद भव्य श्रृंगार किया गया तथा राम सीता, हनुमान व नरसिंह भगवान ही विधिवत तरीके से पूजा की गई। यह ऐतिहासिक व पुराण संगत पूजा भगवान राम जी के कारदार अठाहर करडू के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह तथा रघुनाथ जी के मंदिर के पुजारियों द्वारा वेद मंत्रों के माध्यम से की गई, उस समय हजारों की संख्या में ऐतिहासिक मैदान के अस्थायी शिविर में श्रद्धालुओं ने भगवान रघुनाथ के भव्य दर्शन किए। यह ऐतिहासिक व पुराणसंगत पूजा भगवान राम जी के कारदार अठाहर करडू के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह तथा रघुनाथ जी के मंदिर के पुजारियों द्वारा वेद मंत्रों के माध्यम से की गई, उस समय हजारों की संख्या में ऐतिहासिक मैदान के अस्थायी शिविर में श्रद्धालुओं ने भगवान रघुनाथ के भव्य दर्शन किए। प्रातः कालीन पूजा के साथ मंदिर में दर्शनों के लिए आए हुए हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान के भजनों व जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। अस्थाई शिविर में रघुनाथ जी के समक्ष यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। पूरे दिन भगवान की सात आरतियां उतारी गईं, जो कि दशहरे के सात दिन तक रोजाना उतारी जाएंगी। दिन में नरसिंह भगवान द्वारा राजा के अस्थाई शिविर में भोजन किया जाता है तथा रात को भगवान के शिविर में चंद्राउली नृत्य कुछ विशेष लोगों द्वारा किया जाता है। यह सभी कार्यक्रम या रस्में दशहरे के अंतिम दिन तक इसी प्रकार चलती रहेंगी। दूसरे दिन भगवान रघुनाथ के शिविर में दिनभर दशहरा देखने आए देश-विदेश के पर्यटकों का आना जारी रहा। पुरातन भारतीय संस्कृति दर्शन करने के लिए खासकर विदेशी पर्यटकों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

दशहरे में पहुंचे सैंकड़ों देवी देवता भगवान रघुनाथ के शिविर में पहुंच कर शीश नवा रहे हैं। भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह तथा पुजारियों द्वारा वेद मंत्रों के साथ की जा रही पूजा में ढालपुर के ऐतिहासिक मैदान में हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। पूरा ढालपुर मैदान देव वाद्य यंत्रों से थाप से गूंज उठा है। बहरहाल, जिलाभर के सैंकड़ों देवी-देवताओं की उपस्थिति में भगवान रघुनाथ का शिविर भक्तिमय हो उठा है। वहीं, भगवान रघुनाथ जी के अस्थाई शिविर में शाम के समय भजन- कीर्तन का दौर जारी है जोकि सात दिनों तक जारी रहेगा।

# पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली गायक कुलदीप शर्मा ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली स्टार कलाकार कुलदीप शर्मा के नाम रही। कला केंद्र के मंच पर स्टार कलाकार ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को खूब झुमाया। पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ पांच बजे कुललवी नाटी से हुआ। पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिरकत की। सांस्कृतिक संध्या में कलाकेंद्र के मंच पर प्रदेशभर के कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

कलाकारों ने कुल्लवी, हिंदी , चंबयाली, पंजाबी व फिल्मी गीतों व नृत्यों की प्रस्तुतियों से संध्या को आकर्षक बनाया। इस मौके पर सबसे पहले पुलिस बैंड ने प्रस्तूति दी। उसके बाद सूत्रधार कला संगम के कलाकारों परंपरागत कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति दी। इसके बाद सोहन सिंह, अंकुश नेगी, कांता ठाकुर, दिनेश कुमार, चेत राम, सोनिया ठाकुर, पंकज, किशन शर्मा, मुनीश कुमार, काजल, धनबंती, बाल कृष्ण, मोहित, श्वेता, नरेंद्र मेहता, सागर मनाली, कनिका, हरीश, रिंकू, गौरी, योगराज, नंदलाल प्रेमी, लीला, पूजा, दीपिका पूर्ण चंद, रोजी शर्मा, कुसुम ने भी प्रस्तूति दी। जबकि इस मौके पर लोक गायक गीता भारद्वाज, राजीव थापा ने पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर विवश किया। दशहरा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि राज्य पाल शिव प्रताप शुक्ल, विधायक एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक सुरेंद्र शौरी, उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डा.कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन, एडीएम अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब मनाली को मिला अपना कार्यालय

## नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया दफ्तर का विधिवत शुभारंभ




**अनंत ज्ञान, मनाली**

रोटरी क्लब मनाली को शहर में अपना कार्यालय मिल गया है। रोटरी क्लब के सदस्य अब अपनी समस्याएं व कार्य की योजना अपने कार्यालय में बना सकेंगे। रोटरी क्लब लंबे समय से शहर में नगर परिषद से अपने कार्यालय की मांग कर रहा था। लंबे समय के बाद उनकी यह मांग पूरी हुई है। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज कुमार ने विधिवत शुभारंभ कर कार्यालय रोटरी क्लब के हवाले किया। रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष अमिता शमशेर ठाकुर व सचिव मीनाक्षी ने बताया कि रोटरी के पास अपना कार्यालय न होने के कारण काम करने में दिक्कत हो रही थी। नगर परिषद के सहयोग से उनकी यह मांग पूरी हुई है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रधान रहे भरत खुराना ने अपने कार्यकाल में नगर परिषद के अध्यक्ष रहे चमन कपूर के सहयोग से रोटरी क्लब के कार्यालय की व्यवस्था की थी। उन्होंने चमन कपूर सहित अध्यक्ष मनोज लारजे का आभार व्यक्त किया। मनोज लारजे ने उन्हें कार्यालय की शुभकामनाएं दी और रोटरी द्वारा समाज के प्रति किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। नगर परिषद की पार्षद चंद्रा पदान व कल्पना ठाकुर का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अलका चौहान, रोटरी क्लब के सदस्य विनित मेहंदीरता, अजय अबरोल, प्रवीण फेंके, गजेंद्र ठाकुर, विम्पी बक्शी, बुद्धि प्रकाश, पलोमी व यशोदा नेगी मौजूद रहे।

# अब तक व्यर्थ ही साबित हुआ करोड़ों का खर्च : शिव प्रताप

## कुल्लू-मनाली मार्ग पर भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का राज्यपाल ने लिया जायजा

**एम बोकटापा/मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**हिमाचल** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुल्लू दशहरा का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर हाल ही में आई भारी बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने रायसन के समीप सहित कई प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रायसन ने मनाली तक आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया और आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर उनका दुख दर्द जाना। उन्होंने प्रशासन और एनएचएआई के अधिकारियों से जिले में हुए नुकसान की जानकारी ली।

राज्यपाल दोपहर को मनाली पहुंचे। उन्होंने रायसन, 14 मील, बिंदु ढांक, चौरी बिहाल, आलूग्राउंड, नेहरूकुंड और सोलंग गांव सहित कई प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। इस दौरान हाईवे तीन के हुए नुकसान को लेकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से जानकारी ली। शनिवार सुबह उनका मनाली से शिमला जाने का कार्यक्रम है। इस अवसर पर उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रविश, एसपी कुल्लू आमेट जिले के कई अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। राज्यपाल ने निरीक्षण के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बाढ़ और आपदा के बाद करोड़ों रुपए का जो खर्च मरम्मत और राहत कार्यों पर किया गया, वह अब तक लगभग व्यर्थ ही साबित हुआ है। उन्होंने राहत की सांस लेते हुए यह भी जोड़ा कि राज्य सरकार ने अब जाकर इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लिया है।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आपदाग्रस्त क्षेत्र का जायजा लेते हुए।

### 3 प्रमुख स्थानों का किया मुआयना

राज्यपाल ने विशेष रूप से आलू ग्राउंड के चौरीबिहाल, रायसन, और क्लॉथ के पास बिंदु ढोग सहित तीन प्रमुख स्थानों पर हुए व्यापक नुकसान का मौके पर मुआयना किया। इस दौरान उपायुक्त तौरूल एस रवीश और राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने उन्हें वर्तमान स्थिति और क्षति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### दीवार लगाना एकमात्र गारंटी नहीं

**राज्यपाल** ने कहा कि इन क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए दीवार लगाना एकमात्र गारंटी नहीं है। एक चौंकाने वाले अवलोकन में, उन्होंने कहा कि आज नदी में भरे रेत पत्थर ऊपर नज़र आ रहे हैं और सड़क नीचे, इसका मतलब है कि नदी ऊंची हो गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ड्रेजिंग सिस्टम के माध्यम से ब्यास नदी में जमा हुए मलबे का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### जनआंदोलन बनाने की अपील

**राज्यपाल** ने कहा कि हिमाचल के लोग इतने सालों से विपदा झेलते आ रहे हैं, मगर परिस्थितियां अभी भी वैसी ही हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोगों को अब जागरूक होना होगा और इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए इसे जन आंदोलन बनाना होगा, 'अगर अपना प्रदेश बचाना है तो।

# आज से 11 अक्तूबर तक स्पीति दौरे पर रहेंगी विधायक अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

- आपदा प्रभावित किसानों को देंगी राहत सामग्री, करेंगी विकास कार्यों का उद्घाटन

लाहौल-स्पीति स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 4 से 11 अक्तूबर तक स्पीति घाटी के प्रवास पर होंगी। इस दौरान वह आपदा प्रभावित किसानों को मटर के बीज व चारा वितरित करेंगे और विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण करेंगे व लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधायक अनुराधा राणा 04 अक्तूबर को सांय 05 बजे लोसर पहुंचेंगे व लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह लोसर में लोसर पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 5 अक्तूबर को विधायक 10:30 बजे रंगरिक और 12 बजे खुरिक में आपदा प्रभावित किसानों को मटर के बीज व चारा वितरित करेंगे और रंगरिक व खुरिक में लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। इसके उपरांत दोपहर 1:30 बजे पांगमो में आपदा प्रभावित किसानों को मटर के बीज व चारा वितरित करेंगे। 6 को अनुराधा राणा 11 बजे लांगज़ा पहुंचेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे व 1 बजे कौमिक में आपदा प्रभावित किसानों को मटर के बीज व चारा वितरित करेंगे। 7 को विधायक 11 बजे डेमूल में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन करेंगे और इसके उपरांत 01 बजे लालुंग ग्रामवासियों की समस्याएं सुनेंगे 8 को अनुराधा राणा 11 बजे डंखर और 01 बजे कुंगरी में लोगों की समस्याएं सुनेंगे और इसके उपरांत 2:30 बजे बर में सामुदायिक भवन लोगों को समर्पित करेंगी और 04 बजे सगनम ग्राम पंचायत वासियों की समस्याएं सुनेंगे। 9 को विधायक अनुराधा राणा 10:30 बजे आइटीबीपी केंपस के समीप बने शॉपिंग कंपलेक्स का उद्घाटन करेंगे व 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा में पीएसी, एफआरए और साडा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इसके उपरांत न्यू सकिट हाऊस काजा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 10 को विधायक कीह में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करेंगे और उसके पश्चात 12 बजे किब्बर और 03 बजे कीह मॉनेस्ट्री में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसी प्रकार 11 को विधायक अनुराधा राणा 12 बजे हुर्लिंग और 03 बजे गियू में आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन करेंगे।

**कार्यक्रम** डीसी तोरुल ने किया शास्त्रीय संगीत सभा व कवि गोष्ठी का शुभारंभ

# राग यमन, वागेश्री ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- 90 वर्षीय राज भारती सहित 35 कवियों ने सुनाई प्रेरणादायक रचनाएं

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कुल्लू दशहरा 2025 के अवसर पर दशहरा उत्सव समिति द्वारा भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से देवसदन में आयोजित भारतीय शास्त्रीय संगीत सभा एवं कवि गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

उपायुक्त ने सभी कलाकारों को कला संस्कृति के लिए समर्पण तथा अध्यवसाय के साथ कार्यरत रहने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी संस्कृति, कला तथा भाषा को समृद्ध करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार दशहरा उत्सव समिति भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से कुल्लू दशहरा नाट्योत्सव का भी 5 व 6 अक्तूबर, अटल सदन, शाम 4 बजे प्रतिदिन आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में जिला के 60 से अधिक वरिष्ठ व नवोदित कवि एवं कलाकारो ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। डॉ महेश शर्मा ने शुद्ध सारंग, निशांत गौतम बांसुरी वादन में वागेश्री, डॉ ठाकुर सेन सितार वादन में राग यमन सुनाया अमिताभ महंत ने तबला पर संगत की। सहायक लोग सम्पर्क अधिकारी कुल्लू जय प्रकाश शर्मा ने राग भैरवी में छोटा ख्याल भवानी – दयानी पर प्रस्तुत किया। तेजेंद्र भारद्वाज गायन राग़ यमन, डॉ भुवनेश्वर शर्मा गायन राग जोग, डॉ हरि सिंह वागेश्री, क्षतिज ने भीमप्लासी प्रस्तुत किया। लेकिशा, ने तबला वादन से समा बांधा। अर्पिता ठाकुर , डॉ बलदेव ठाकुर, संजय कुमार धनवंती,अर्पिता ठाकुर, विजय, दीप, करिश्मा, चमनू ठाकुर, भास्कर शर्मा दीनदयाल संजय ने मधुर बंदिशें प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी में इंदु नवनीत भारद्वान,डॉ देवकन्या ठाकुर, अनुरंजनी गौतम, सहित करीव 35 कवियों ने अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की 90 वर्षीय राज भारती, सरला चम्बयाल, मनदीप शर्मा सहित अन्य कवियों ने अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने भी सुंदर भजन की प्रस्तुति दी पंडित विद्या सागर सम्नेपूर्ण कार्यक्रम के दौरान तबला वादन एवं हारमोनियम पर स्संगत करते हुए मालकोस में बंदिश प्रस्तुत कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन सुंदर श्याम ने किया। अवसर पर विभिन्न उप मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार विकास पराशर सहित कई लोग उपस्थित रहे।




शास्त्रीय संगीत सभा एवं कवि गोष्ठी का शुभारंभ करती उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश।

# आनी में कल राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का विरोध-प्रदर्शन



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

- शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की अधिसूचना के खिलाफ जताया विरोध

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की खंड आनी इकाई ने 5 अक्टूबर को रोष प्रदर्शन का निर्णय लिया है। यह प्रदर्शन हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के विरोध में किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उपमंडल अधिकारी (ना.) आनी को अनुमति हेतु पत्र सौंपा है। संघ के मुख्य संरक्षक संजीव सूद ने बताया कि आनी खंड के समस्त प्राथमिक शिक्षक सुबह 11 बजे खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित होंगे। इसके बाद शिक्षक जुलूस की शक्ल में उपमंडल कार्यालय तक पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे तक वहां शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक संघ ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि धरना स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ किया कि यह प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और अनुशासित होगा। संघ ने यह भी उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक कदम उठाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सुखविंद्र सिंह सुक्खू 4 को दाड़लाघाट के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 4 अक्तूबर, 2025 को सोलन ज़िला के अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू 4 अक्तूबर, 2025 को दोपहर 12.05 बजे नया बस अड्डा दाड़लाघाट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री नया बस अड्डा दाड़लाघाट से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंज्याट के परीक्षा हाल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालंग के भवन के द्वितीय चरण का लोकार्पण करेंगे। सुक्खू अर्की स्थित कृषि प्रसार कार्यालय के आवासीय भवन का लोकार्पण करेंगे। वह दाड़लाघाट स्थित उप कोषागार भवन को जनता को समर्पित भी करेंगे। मुख्यमंत्री नाबार्ड के अंतर्गत मंज्याट-पट्टी देवरा-पपलोटा मार्ग का लोकार्पण करेंगे। सुक्खू जल शक्ति अनुभाग अर्की के अंतर्गत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के सुधार एवं पुनः संयोजन कार्य तथा गम्भर खड्ड से अर्की विधानसभा क्षेत्र की आंशिक रूप से कवर बस्तियों के लिए उठाऊ जलापूर्ति योजना का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री पुलिस थाना दाड़लाघाट के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। सुक्खू डुमैहर में पशु चिकित्सालय भवन का शिलान्यास करेंगे। वह अर्की शहर के लिए जलापूर्ति योजना सुधार कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्यमंत्री अर्की तहसील की ग्राम पंचायत सरयांज तथा ग्राम पंचायत मटेरनी के लिए वितरण प्रणाली के संवर्द्धन एवं सुधार कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू दाड़लाघाट में उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी कार्यालय एवं आवास भवन की आधारशिला भी रखेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू नया बस अड्डा दाड़लाघाट में कामधेनू हितकारी मंच नम्होल के वार्षिक समारोह 2025 तथा राज्य पशुपालन विभाग की दुग्ध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निजी दुग्ध समितियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों के लिए 03 रुपए प्रति लीटर दुग्ध उपदान वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### वोटर लिस्ट का 6 को होगा प्रकाशन : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राज्य निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों के आम चुनावों के लिए वोटर लिस्ट हेतु तैयारी करके प्रकाशन का कार्यक्रम अधिसूचित किया है। यह जानकारी एसडीएम कंडाघाट गोपाल शर्मा ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। उन्होंने बताया इसके मुताबिक पात्रता निर्धारित करने की योग्यता तिथि एक अक्तूबर, 2025 होगी। प्रारूप वोटर लिस्ट का छह अक्तूबर को प्न होगा। इसमें दावे और आपत्तियां संशोधन प्राधिकारी के समक्ष 8 से 17 अक्तूबर तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। इस स्तर पर 10 दिनों के भीतर इसका निपटारा किया जाएगा। इसकी अपील प्राधिकारी के समक्ष अपील सात दिनों के भीतर 3 नवम्बर तक की जा सकेगी।अपील प्राधिकारी के पास अपील दायर करने की तिथि से सात दिन के भीतर 10 नवंबर तक करेगा। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर तक किया जाएगा।

### बच्चे की मौत का मामला चिंताजनक : गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला में गत दिनों 12 साल के बच्चे द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में बड़ा



खुलासा हुआ है। बच्चे की मां न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास अपने बयान दर्ज करवाए हैं। बच्चे की मां का कहना है कि गांव की तीन महिलाओं ने उसके बेटे को बेहरमी से पीटकर गौशाला में बंद कर दिया था। इस घटना से आहत होकर उसने जहर निगल लिया और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मां का आरोप है कि पिटाई की वजह बच्चे द्वारा उनके घर को छूना थी। अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले बच्चे को घर को छूने पर बुरी तरह से यातनाएं दीं व उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के जमाने में इस प्रकार की घटना अति निंदनीय है। इस मामले की गंभीर जांच होनी चाहिए और दोनों पक्षों को सुनते हुए असलियत को जनता के समक्ष लाना चाहिए, पुलिस को अपनी कार्यवाही निष्पक्ष एवं गंभीरता से करनी चाहिए।

### दावे प्राप्त करने के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** उपायुक्त सिरमौर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रियंका वर्मा ने जिला सिरमौर के पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचक नामावली के प्रकाशन हेतु दावे व आक्षेप प्राप्त करने के लिए विकासखंड अधिकारी नाहन, शिलाई, पांवटा साहिब, पच्छाद, राजगढ़ व कमरऊ तथा नायब तहसीलदार ददाहू को विकास खंड ददाहू के लिए पुनरीक्षण प्राधिकारी नियुक्त किया है।

### करवाचौथ त्योहार के दृष्टिगत आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 10 अक्तूबर, 2025 को करवा चौथ त्यौहार के दृष्टिगत जन सुरक्षा को देखते हुए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117, सड़क नियमन नियम, 1999 के नियम 15 एवं 17 तथा हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार करवाचौथ त्योहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक माल रोड सोलन 09 अक्तूबर, 2025 को दिन में 01.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक तथा 10 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों एवं हाथ गाड़ियों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, सेना, आपातकालीन स्थिति तथा कानून एवं व्यवस्था एवं प्रोटोकॉल के लिए प्रयुक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

### भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला स्तरीय भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष शोभा यात्रा का शुभारंभ 4 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसका आयोजन भगवान वाल्मीकि मंदिर में होगा। इस शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि तरसेम भारती, चेयरमैन विजय फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश, रहेंगे। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि हर वर्ष की भांति इस बार भी कार्यक्रम पूरे उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा। आयोजन का समापन 7 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार होंगे। इस मौके पर आयोजकों ने सोलन सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव को सफल बनाएं।

### गलानग में गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन शाखा के तत्वावधान में आज उच्च पाठशाला गलानग में गुरुवंधन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद सोलन शाखा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने की, जबकि सह-अध्यक्षता शिवानी गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम के संस्कार संयोजक डॉ महेंद्र शर्मा रहे। मंच संचालक सचिव कमल किशोर शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने परिषद पदाधिकारियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ग्लानग ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे - परिषद प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन, प्रांत पर्यावरण संयोजक डॉ. मुकेश प्रभाकर, डॉ महेंद्र शर्मा, अजय सूद, बृज मोहन, नरेश गुप्ता, अमर सिंह बोहरा, उमा टंडन, सावित्री शर्मा , राजन जैन, कमल किशोर शर्मा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा और संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समय प्रांत अध्यक्ष तथा प्रांत पर्यावरण संयोजक ने भी भारत विकास परिषद के इतिहास को बता कर सभी को जागरूक किया।

### अंशकालिक संवाददाता पद के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आकाशवाणी शिमला द्वारा जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में अंशकालिक संवाददाता (पीटीसी) का पद भरा जाएगा यह जानकारी आकाशवाणी शिमला के अतिरिक्त निदेशक (न्यूज) रितेश कपूर ने देते हुए बताया कि अंशकालिक संवाददाताओं (पीटीसी) की नियुक्ति संविदात्मक रिटेनरशिप के आधार पर होगी। इस पद के लिए 24-50 वर्ष की आयु, पत्रकारिता/मास मीडिया में पीजी डिप्लोमा/डिग्री या न्यूनतम 2 वर्ष का पत्रकारिता अनुभव के साथ स्नातक होना, कंप्यूटर और वर्ड प्रोसेसिंग का ज्ञान, समाचार एकत्र करने वाले उपकरणों का प्रयोग करने, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए कवरेज का अनुभव होने के अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर या संबंधित जिले में जिला मुख्यालय/नगर पालिका सीमा से 10 किलोमीटर की परिधि में निवास होना चाहिए। पीटीसी के रूप में चयन होने पर, चयनित व्यक्ति को इस आशय का एक शपथ पत्र देना होगा कि वह किसी नियमित और/या पूर्णकालिक सरकारी नौकरी में नहीं है और किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं है। उम्मीदवारों का चयन उनकी योग्यता, व्यावसायिक अनुभव, जिले और राज्य के बारे में ज्ञान, समसामयिक मामलों, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, रेडियो समाचारों से परिचय, पत्रकारिता योग्यता, लेखन कौशल, संचार प्रौद्योगिकियों से परिचय आदि के अतिरिक्त चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों और एक नवीनतम फोटोग्राफ के साथ कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), चौडा मैदान, शिमला-171004 को 27 अक्टूबर, 2025 तक आवेदन कर सकता है।

## अंतिम सफर बना चुनौती, मानवीय संवेदना पर खड़े हो रहे हैं सवाल, प्रशासन नहीं गंभीर

# सोलन अस्पताल में नहीं शव वाहन

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला के सब से बड़े अस्पताल क्षेत्रत्रीय अस्पताल सोलन में शव वाहन नहीं होने से मानवीय संवेदना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल में यदि किसी रोगी की मृत्यु हो जाए तो शव को जिला से बाहर दूर दराज क्षेत्र में ले जाना पड़े तो शव वाहन की सुविधा नहीं मिल पाती है। शहर में शव वाहन की भारी कमी और सुविधाओं के अभाव के चलते परिजनों को अपने प्रियजन के पार्थिव शरीर को पैतृक गांव तक पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालात इतने गंभीर हैं कि न तो प्रशासन और न ही निजी संस्थाएं इस दिशा में कारगर भूमिका निभा पा रही हैं। ऐसे में अंतिम सफर भी चुनौती बना हुआ है।

बीते दिनों कई मामले ऐसे सामने आ चुके हैं। हाल ही में रखौण क्षेत्र में एक युवक की अचानक मौत के बाद उसे पावंटा साहिब ले जाने में परिजनों को पूरी रात संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से लेकर निजी संस्थाओं के दरवाजे खटखटाए लेकिन कहीं से भी शव वाहन की सुविधा नहीं मिल सकी। अंततः एक टैक्सी चालक को बहुत





**सामाजिक संस्थाओं के पास तो वाहन पर चालक नहीं**

मिन्नतों के बाद राज़ी किया गया। शहर में कई सामाजिक संस्थाएं दावा तो करती हैं कि उनके पास शव वाहन हैं, लेकिन या तो ड्राइवर नहीं है या वाहन पासिंग के लिए भेजा गया है।

वहीं शूलिनी सेवा दल द्वारा संचालित 'स्वर्ग धाम' शव वाहन केवल स्थानीय क्षेत्रों तक ही सीमित है और यह अधिकतम 20 किलोमीटर की दूरी तक सेवा देती है। ऐसे में यदि शव को सोलन से बाहर के जिलों तक ले जाना हो तो संस्था असमर्थ हो जाती है। जबकि रेडक्रॉस सोसायटी के पास कुछ वर्ष पूर्व एक शव वाहन हुआ करता था, जो कई स्थानों तक सेवा देता था, लेकिन उसे भी नीलाम कर दिया गया। वर्तमान में संस्था के पास सिर्फ चार सामान्य एंबुलेंस हैं, जो शव करती हैं। रूप में कार्य नहीं वाहन के शहर के बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि शव वाहन जैसी सुविधा एक बुनियादी जरूरत है और इसमें लापरवाही बेहद चिंताजनक है।

सरकार और प्रशासन को इस दिशा में स्थायी समाधान निकालना चाहिए ताकि मृत्यु के बाद परिवारों को कम से कम इस प्रकार की दुश्वारियों का सामना न करना पड़े। प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दावे कर रहे हों, लेकिन शव वाहन जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी जमीनी हकीकत को उजागर कर रही है।

**शव वाहन है, ड्राइवर नहीं : प्रवीण कुमार**

**रोटरी** क्लब सोलन के प्रधान प्रवीण गुप्ता ने बताया कि उनके पास एक शव वाहन मौजूद है, लेकिन चालक नहीं होने के कारण गाड़ी खड़ी है और इसका उपयोग नहीं हो पा रहा। वहीं, रोटरी रॉयल क्लब के सदस्य अनिल ने जानकारी दी कि उन्होंने हाल ही में एक नया शव वाहन खरीदा है, जिसके लिए ड्राइवर भी रखा गया है, लेकिन वाहन अभी पासिंग के लिए गया हुआ है और इसलिए अस्थायी रूप से सुविधा नहीं मिल पा रही।

**स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं शव वाहन : राकेश**

**सोलन** हॉस्पिटल के एमएस डॉ. राकेश पंवर ने बताया कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास कोई शव वाहन उपलब्ध नहीं है। पहले एक एंबुलेंस होती थी, लेकिन अब वह भी उपलब्ध नहीं है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल गुजरात बना विजेता



विजेता टीम को ट्रॉफी देखकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 5वें और अंतिम दिन सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले हुए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किप्स), सनवार में चल रही सी.बी.एस.ई. की छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के 5वें दिन दमदार मुकाबले देखने को मिले। इन मुकाबलों में प्रतिभागी टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में हुई प्रतिस्पर्धा के परिणाम इस प्रकार रहे। अंडर-19 में दिल्ली पब्लिक स्कूल गुजरात प्रथम स्थान पर रहा, वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई, तथा पुलिस पब्लिक स्कूल, बेंगलुरु और आचार्य कुलम पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में बेस्ट रेडर गुजरात की माही चुनी गई तथा बेस्ट डिफेंडर जयपुर की अंजली रहीं। अंडर-17 वर्ग में गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल, हिसार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ब्रह्म ज्योति स्कूल, शामली ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई वेल्स विद्यालय, तमिलनाडु और बीएमएन स्कूल, बैंगलोर चौथे स्थान पर रहा।

इस श्रेणी में बेस्ट रेडर हिसार की जैस्मिन तथा बेस्ट डिफेंडर तमन्ना रही। अंडर-14 वर्ग में एलबीएस स्कूल, काहनूर, रोहतक प्रथम स्थान पर रहा, आर्यंस वर्ल्ड स्कूल पुणे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, बनारस और केवीएम ग्लोबल स्कूल कैथल ने तीसरा स्थान अर्जित किया। इस श्रेणी में बेस्ट रेडर रोहतक की विभा तथा बेस्ट डिफेंडर वंशिका रही। मुख्यातिथि राजेंद्र ने विजेता टीमों को परितोषिक वितरित किए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव एवं उप-प्रधानाचार्या पूनम ने बधाई दी।

## ऑटो स्टैंड की मांग को लेकर डीसी से मिले यूनियन के पदाधिकारी

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी ऑटो यूनियन सोलन ने शुक्रवार को अपनी समस्याओं को लेकर बड़ा कदम उठाया। यूनियन अध्यक्ष धर्म पाल ठाकुर की अगुवाई में ऑटो चालकों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त सोलन मनमोहन से मिला और ऑटो स्टैंड न मिलने व आर्थिक तंगी से जूझ रहे चालकों ने चेतावनी स्वरूप ऑटो बंद करके चाबियां डीसी को सौंपने की बात कही।

यूनियन अध्यक्ष का कहना था कि फोर-लेन निर्माण के चलते पुराने स्टैंड खत्म हो गए हैं और प्रशासन ने अब तक नए पॉइंट निर्धारित नहीं किए। इस कारण चालकों की आमदनी बुरी तरह प्रभावित हुई है और बैंक की किश्तें चुकाना भी मुश्किल हो गया है। चालकों का कहना था कि अगर काम नहीं मिलेगा तो उनके परिवारों की जिम्मेदारी प्रशासन को ही उठानी होगी।

अध्यक्ष धर्मपाल ने बताया कि डीसी ने आश्वासन दिया कि अगले 8-10 दिनों में एक संयुक्त समिति बनाई जाएगी और नए स्टैंड तय कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने वर्दी व उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार का भरोसा दिलाया।

## एचआईवी-एड्स से बचाव के लिए दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गैर-संचारी रोग (एनसीडी) शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें जागरूक किया गया। शिविर में लोगों का वजन, रक्तचाप (बीपी), शुगर और एचबी (हीमोग्लोबिन) की जांच की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को एचआईवी-एड्स से बचाव व जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई गई। शिविर में पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया, उपप्रधान हेमराज गौतम, सचिव धनी राम, मस्त राम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरण, आशा वर्कर अनिता गौतम और प्रेमा शर्मा मौजूद रहे।

## पाइनग्रोव स्कूल ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल में वार्षिक पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में स्कूल के उन सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षण कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों को मान्यता प्रमाण पत्र और प्रशंसा एवं कृतज्ञता के प्रतीक चिन्हों से सम्मानित किया गया जिन्होनें अपनी अमूल्य सेवाओं का योगदान दिया।

पाइनग्रोव स्कूल के निर्देशक कैप्टेन एजे सिंह ने जिन कर्मठ कर्मचारियों ने 20 वर्ष से अधिक अतुलनीय कार्यकाल का योगदान दिया उन्हें,विद्यालय के निर्देशक ने इक्कीस हज्जार रूपए की राशी दी वहीं जिन्होनें 30 वर्षों से अधिक



कार्यकाल का योगदान दिया उन्हें इक्कतीस हजार रूपए की राशी से सम्मानित किया।

इसके उपलक्ष्य में पाइनग्रोव स्कूल के सहायक कर्मचारियों मोहन सिंह, जगदीश कुमार, हेत राम, विरेंद्रे शर्मा, सुखदेव, कुमार चंद, किरण कुमार, नरेश कुमारी, रमेश बहादुर, देवराज और राजेन्द्र सिंह ने अपनी विद्यालय का हृदय से धन्यवाद किया, जिस मालिक ने हमें पिछले बीस वर्षों से कार्य करने और सीखने का अवसर प्रदान किया। इन बीस वर्षों की यात्रा केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक परिवार का हिस्सा बनने जैसी रही है। एक बार फिर इस सम्मान और स्नेह के लिए विद्यालय का और यहाँ उपस्थित सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## शहीद आशीष की बहन की शादी में सैनिकों ने निभाया भाई का फर्ज

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर के आंजभोज क्षेत्र के भरली गांव में वीर शहीद आशीष कुमार की बहन आराधना (पूजा) का विवाह समारोह रविवार को सैन्य सौहार्द और भावनाओं का अद्वितीय उदाहरण बन गया।

इस अवसर पर शहीद की रेजिमेंट के सैनिकों और पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक संगठन ने बहन के भाई की जिम्मेदारी का निर्वहन किया और पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल होकर एक भावुक संदेश दिया कि 'सैनिक परिवार अपने नायकों के परिजनों को कभी अकेला नहीं छोड़ता।' शादी समारोह में शहीद आशीष कुमार की रेजिमेंट 19 ग्रेनेडियर बटालियन से आए सैनिकों ने पूरे गर्व के साथ दुल्हन को बैंक एफडी और प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

वहीं भूतपूर्व सैनिक संगठन ने शगुन और स्मृति चिन्ह देकर परिवार को यह भरोसा दिलाया कि सेना का भाईचारा केवल ड्यूटी तक सीमित नहीं बल्कि जीवनभर कायम रहता है। इस सम्मान ने हर किसी की आंखों को नम कर दिया। इस संवेदनशील पहल ने समारोह में उपस्थित हर व्यक्ति को भावुक कर दिया और यह संदेश दिया कि भारतीय सेना न केवल मोर्चे पर देश की रक्षा करती है, बल्कि अपने शहीद साथियों के परिवारों की देखभाल भी करती है।



## युवाओं को नशे से दूर रखना जरूरी : संजय



खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

अनंत ज्ञान, सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध हैं। संजय आज विधानसभा क्षेत्र अर्की की ग्राम पंचायत मांगू के गांव सोरिया में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

विधायक ने इस अवसर पर सभी को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों से युवा खेलकूद के प्रति आकर्षित होते है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे ताकि युवाओं की असीमित ऊर्जा का सही प्रयोग हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे को समाप्त करने के लिए वृहद स्तर पर कार्यवाही कर रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र और प्रदेश में नशे का समूल नाश करने में प्रदेश सरकार की सहायता करें।

संजय अवस्थी ने कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम मशोबरा को 10 हज़ार रुपए, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम डी.वाई.सी. दाड़लाघाट को 08 हज़ार रुपए, एकल गीत प्रतियोगिता में विजेता वर्तिका शर्मा को 500 रुपए, म्युजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में विजेता ऐशवर्या, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में विजेता मनीष को सम्मानित किया। विधायक ने सामुदायिक भवन सोरिया के निर्माण कार्य के लिए कॉटन मनी के रूप में 05 लाख रुपए देने की घोषणा की।

**सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध**

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न वर्गों को राहत पहुंचाने वाली नवीन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। संजय अवस्थी गत सांय अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवगांव में युवा जागृति क्लब व ग्राम पंचायत बातल में दशहरा मेला समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय दशहरा उत्सव समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर रामलीला क्लब नवगांव द्वारा आयोजित इनामी कूपन प्रतियोगिता के विजेताओं को समानित भी किया। विधायक ने युवा जागृति क्लब नवगांव को सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए तथा रामलीला क्लब नवगांव को 21 हज़ार रुपए देने की घोषणा की देने की घोषणा की। विधायक तथा बाघल रियासत की पुत्रवधू मयूराक्षी सिंह ने इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार अमर देव अंगिरस को राजा राजेन्द्र सिंह उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया।

## आदिबद्री के लिए सिरमौर के भेड़ों से सड़क का भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने ग्राम पंचायत मातर भेड़ों के ग्राम भेड़ों से आदीबद्री तक 5 किलोमीटर सड़क का भूमिपूजन किया। यह सड़क 16 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जाएगी।सड़क हरियाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आदि बद्री को हिमाचल से जोड़ेगी।

हरियाणा के साथ लगते नाहन के मातर भेड़ों से यह धार्मिक स्थल लगता है और इस सड़क के बनने से श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रीय लोगों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा अन्य बुनियादी समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों को तत्काल दिशा-निर्देश दिए।

विधायक ने इस सड़क की स्वीकृति, फॉरेस्ट क्लियरेंस तथा आवश्यक फंड की व्यवस्था करने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी।

**कार्रवाई** वाकनाघाट में सड़क किनारे मिला था व्यक्ति का शव

## हत्या के मामले में यूपी से दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

बीते दिनों वाकनाघाट में मिले शव के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना कंडाघाट में एक शिकायतकर्ता शिवा पुत्र प्रेम नारायण निवासी जिला कानपुर देहात ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी की इनके पिता प्रेम नारायण निवासी कानपुर देहात व उम्र 58 वर्ष गुम हो गए है।

पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गई तथा तलाश के दौरान 30 सितंबर को पुलिस की टीम को एक व्यक्ति का शव वाकनाघाट के समीप फर्नीचर शोरूम के पास झाड़ियों में हल्की सड़ी हालत में बरामद किया गया जिसे शिकायत कर्ता शिव ने अपने पिता के रूप में शिनाख्त किया जो इस मामले में हत्या का मुकद्दमा दर्ज किया गया। उक्त मामले की जांच के दौरान मालूम हुआ कि मृतक मुनीम का



काम करते थे। 22 सितंबर को मृतक प्रेम नारायण को कंपनी के मालिक ने एक ट्रक में कांच के सामान आदि लोड करके करनाल, पानीपत, अंबाला, सोलन व शिमला को भेजा था, जिस ट्रक का चालक नीरज नाम का व्यक्ति था। 25 सितम्बर की रात को मृतक ने अपने बेटे को फोन करके बताया कि उन्होंने सोलन में माल उतार दिया है और सुबह यह शिमला में मॉल की डिलीवरी देने चले जाएंगे। उसके अगले दिन उस ट्रक के चालक नीरज ने मृतक के बेटे शिवा को फोन किया कि उसके पिता मिल नहीं रहे है और कहीं चले गए है। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर शुक्रवार को मामले में संलिप्त 2 आरोपियों नीरज कुमार पुत्र रामाधार निवासी गांव दलेल नगर डाकखाना मुरादगंज तहसील अजीतमॉल जिला ओहरिया उत्तर प्रदेश उम्र 38 वर्ष जो ट्रक चालक है तथा आरोपी लाखन सिंह पुत्र राम नरेश निवासी लालाई डाकखाना खेरगढ़ तहसील शुकाबाद जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश उम्र 19 वर्ष जो पिकअप चालक है को पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। इस अभियोग की जांच के दौरान पाया गया की 23 सितंबर को मृतक प्रेम नारायण ट्रक चालक नीरज के साथ फिरोजाबाद से कम्पनी का सामान लेकर, चंडीगढ़, सोलन आदि के लिए चले थे तथा इनके साथ पिकअप चालक लाखन सिंह ने भी फिरोजाबाद से सामान लोड करके अपनी पिकअप लेकर चंडीगढ़ आया। 24 सितम्बर को पिकअप चालक ने सामान डिलीवर किया तथा वह ट्रक चालक के पीछे सोलन पहुंचे। सोलन पहुंचकर ट्रक चालक ने मृतक प्रेम नायारण के साथ सामान की डिलीवरी की तथा सामान की डिलीवरी करने के उपरांत वे सभी शिमला की तरफ चल पड़े। सोलन से चलने के उपरान्त इन्होंने रास्ता में शराब के ठेके से शराब खरीद की तथा कंडाघाट से आगे एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुके जहां पर ट्रक ड्राइवर नीरज व मृतक प्रेम नारायण का किसी बात को लेकर झगड़ा व मारपीट हो गई तथा ट्रक चालक नीरज ने तिरपाल से बांधने वाली रस्सी से मृतक का गला घोंट कर उनकी हत्या कर दी। आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

## मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम अधिसूचित

अनंत ज्ञान, सोलन

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कंडाघाट ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों के आयोजित होने वाले आम निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूची की तैयारी एवं प्रकाशन का कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया है।

**10 दिन के भीतर दावों एवं आपत्तियों का होगा निपटारा**

यह जानकारी आज यहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा ने दी। गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतदाताओं की पात्रता निर्धारित करने की योग्यता तिथि प्रथम अक्तूबर, 2025 तय की गई है। उन्होंने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग से प्राप्त डेटाबेस जिसकी योग्यता तिथि प्रथम अप्रैल, 2025 है, के आधार पर तैयार मतदाता सूचियों को निर्वाचन नामावली प्रबंधन प्रणाली (ई.आर.एम.एस.) सॉफ्टवेयर पर अद्यतन किया गया है। प्रारूप निर्वाचक नामावली (प्रारूप मतदाता सूची) 6 अक्तूबर, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। संशोधन प्राधिकारी के समक्ष दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 8 अक्तूबर, 2025 से 17 अक्तूबर, 2025 तक है।

उन्होंने कहा कि संशोधन प्राधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 10 दिन की अवधि के भीतर दावों एवं आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। यह तिथि 27 अक्तूबर निर्धारित की गई है। संशोधित प्राधिकारी के आदेश की तिथि से 7 दिन के भीतर अर्थात् 3 नवंबर तक अपील प्रस्तुत की जा सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़ पीड़ित बच्चों की मदद को पहुंचे आसिफ चौधरी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष आसिफ चौधरी ने शुक्रवार को अपने साथियों के साथ स्वयं गुरदासपुर बॉर्डर के पास बुरी तरह बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे और वहां के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान लगभग 30 स्कूलों के बाढ़ पीड़ित बच्चों को बैग, स्टेशनरी, पेन, पेंसिल, टी-शर्ट आदि प्रदान की गई। यह राहत कार्य ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माननीय श्री इमरान प्रतापगढ़ी जी के मार्गदर्शन में तथा चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की जी और चंडीगढ़ के सांसद श्री मनीष तिवारी जी के आदेशानुसार संपन्न हुआ।

### राजबीर देसवाल की 'ओल्ड हैट्स' पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के सभागार में आयोजित एक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री राजबीर देसवाल की 24वीं कृति 'ओल्ड हैट्स' का विमोचन किया। मुख्य अतिथि श्री खुल्लर ने देसवाल के बहुआयामी व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनकी लेखनी की तुलना गौतम बुद्ध के मध्य मार्ग से की। उन्होंने कहा कि लेखक जब अपने निजी अनुभवों को सार्वजनिक बनाता है, तो वही कला की सच्ची सुंदरता होती है। देसवाल लेखक, कलाकार, प्रशासक और एक संवेदनशील मानव के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्होंने अब तक 24 पुस्तकें और 5,000 से अधिक लेख लिखे हैं। समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, लेखक और साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा, अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा, डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, डॉ. सीडीएस कौशल, श्री हरपाल सिंह और प्रसिद्ध ग़ज़ल गायिका श्रीमती गुरदीप गुल शामिल रहीं।

### महिला को नौकरी का झांसा देने वाला ठग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** लंदन में टीचर की नौकरी और वीजा दिलाने का झांसा देकर एक महिला से 6.5 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सौरभ कुमार बनर्जी निवासी मालवीय नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता को व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से लंदन में नौकरी का प्रलोभन दिया गया था। भरोसे में लेकर आरोपी ने 10.22 लाख रुपए उसके खाते से ट्रांसफर करवा लिए, जिनमें से उसे 10% कमीशन मिला। शिकायत मिलने पर साइबर थाना पूर्व गुरुग्राम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी के खिलाफ एलओसी जारी थी, जिसके चलते 28 सितंबर को उसे मुंबई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन विभाग ने रोका और सूचना गुरुग्राम पुलिस को दी। पुलिस टीम ने उसे 30 सितंबर को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सौरभ 2024 में लंदन में वेब डिजाइनिंग का कार्य करता था, वहीं उसकी मुलाकात साइबर ठगों से हुई और वह फर्जी वेबसाइट के जरिए ठगी में शामिल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खाते से 6.5 लाख रुपए बरामद कर लिए हैं। उसे शुक्रवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# रोहतक में अमित शाह ने 301 करोड़ की सौगात के साथ कारीगरों को दिया संबल

## खादी महोत्सव पर बोले- अब खादी फैशन भी और नेशन भी

**अनंत ज्ञान, रोहतक**



गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित खादी कारीगर महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कारीगरों को 301 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी, आधुनिक टूल किट्स और मशीनें वितरित कर 'स्वदेशी से स्वावलंबन' की दिशा में मजबूत कदम उठाने का आह्वान किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब 2047 में आजादी का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा, तब खादी का योगदान विशेष महत्व रखेगा।

शाह ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खादी को उपेक्षित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए ही नरेंद्र मोदी ने खादी के पुनर्जीवन का बीड़ा उठाया था। अब खादी का कारोबार 33,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। इसका लाभ सीधे देश के बुनकरों को मिला है।

उन्होंने कहा कि आज खादी सिर्फ आजादी का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने जनता से अपील की कि खादी अपनाएं, स्वदेशी बढ़ाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने यह भी बताया कि दीपावली से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 395 वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर जनता को बड़ी राहत दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खादी हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जो अब 'लोकल से ग्लोबल' की ओर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह अंतरराष्ट्रीय मंचों में पहचान बना चुकी है। उन्होंने खादी पगड़ी को हरियाणा की शान बताया और कहा कि इसका गृह मंत्री के हाथों लोकार्पण गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भारत के विकसित राष्ट्र बनने तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के जरिए गांवों में पारदर्शिता और तकनीक आधारित विकास हो रहा है। उन्होंने नारा दिया कि बॉय इंडियन, बिल्ड इंडिया और कहा कि हरियाणा सरकार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी को प्राथमिकता दे रही है।

# सूरजकुंड में दिवाली मेले में लोगों को आकर्षित कर रहे लोक कलाकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत लोक परंपराओं को देश-विदेश में पहचान दिलाने का श्रेय उन लोक कलाकारों को जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिभा के बल पर हरियाणवी लोक कला को जन-जन तक पहुंचाया है। आज जब आधुनिकता की दौड़ में पारंपरिक कलाएं लुप्त होने की कगार पर हैं, ऐसे समय में ये कलाकार हरियाणा की आत्मा को जीवित रखने का कार्य कर रहे हैं। हरियाणा की संस्कृति समृद्ध संस्कृति है, जिसका पूरे भारत देश के साथ-साथ विदेशों में भी डंका बजता है। ढोल-नगाड़ा, बीन, सांग, रागनी आदि हरियाणवी संस्कृति के विशेष अंग है। इस संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हरियाणा का युवा अपनी संस्कृति से भली-भांति परिचित हो।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के जिला फरीदाबाद के सूरजकुंड में आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला थीम पर आयोजित किए जा रहे द्वितीय दिवाली मेला में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग के प्राचीन लोक कलाओं व विधाओं के लोक कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से न केवल राज्य के गौरवशाली अतीत को सहेजने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सूरजकुंड दीवाली मेले में जिला पलवल के गांव बंचारी से आई सुरेंद्र सिंह व नगाड़ा पार्टी, जिला सोनीपत के गांव वजीरपुर टिटाना गांव से आई जय सिंह नाथ की म्यूजिक सपेरा डांस पार्टी व जिला जींद से आई मास्टर चंद्रभान बीन पार्टी मेला घूमने आने वाले लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ लोक कला व संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने व जीवंत रखने का काम कर रही हैं।

हरियाणा सरकार की ओर से युवाओं को हरियाणवी संस्कृति से परिचित करवाने के लिए सरकार की ओर से सराहनीय पहल की जा रही है। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से हरियाणा की कलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जाता है, जिनमें हरियाणवी संस्कृति की झलक स्पष्ट देखने को मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी में अपने देश व प्रदेश की लोक संस्कृति के प्रति जागृति आ रही है।

# एसबीआई की हरित सौगात : अटारी-वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ को मिली इलेक्ट्रिक गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, अमृतसर**



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को अटारी-वाघा बॉर्डर पर पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक गाड़ियां भेंट कीं। यह पहल हर दिन होने वाली बीटिंग रिट्रीट परेड में शामिल वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए सुलभ और आरामदायक परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

परेड स्थल पर आयोजित समारोह में एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा (चंडीगढ़ सर्कल), उप महाप्रबंधक बम शंकर मिश्रा (लुधियाना), क्षेत्रीय प्रबंधक सतविंदर सिंह (अमृतसर) और बीएसएफ के डीआईजी एसएस चंदेल सहित दोनों संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बीएसएफ अधिकारियों ने एसबीआई के इस योगदान की सराहना करते हुए इसे राष्ट्र सेवा की भावना का प्रतीक बताया।

यह पहल एसबीआई के 'बैंकिंग से आगे बढ़कर सेवा' दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाती है।

# गुरुग्राम जलभराव से राहत को यमुना तक नई ड्रेन योजना : मनोहर लाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री नोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नजफगढ़ ड्रेन के अतिरिक्त एक नई वैकल्पिक ड्रेन योजना तैयार की जाएगी। यह ड्रेन गुरुग्राम से सोहना, नूंह होते हुए पलवल तक जाएगी, जहां से वर्षा जल यमुना नदी में प्रवाहित होगा। उन्होंने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। बैठक में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम न केवल हरियाणा, बल्कि देश का प्रमुख शहर है। वर्तमान में वर्षा जल केवल नजफगढ़ ड्रेन के माध्यम से यमुना तक पहुंचता है, जिसकी क्षमता सीमित है। ऐसे में एक नई ड्रेन योजना की आवश्यकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीएमडीए व सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से इस परियोजना की विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट एक माह के भीतर तैयार करें, ताकि अगली एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक में इसे प्रस्तुत किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई ड्रेन के मार्ग में भौगोलिक परिस्थितियों, पानी के प्राकृतिक प्रवाह और पहाड़ी क्षेत्रों में लिफ्टिंग विकल्प को भी ध्यान में रखा जाए। उन्होंने 15 दिनों में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने की बात भी कही।

# 24×7 पानी सप्लाई योजना पर हंगामा : पार्षदों ने बताया जनता पर महंगाई का नया बोझ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ नगर निगम की 24×7 जल आपूर्ति परियोजना का पार्षदों ने कड़ा विरोध किया है। सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, डिप्टी मेयर तरुणा मेहता और पार्षद प्रेमलता ने इसे महंगाई से जूझ रही जनता पर नया बोझ करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इस प्रोजेक्ट की विजिलेंस जांच जारी है, तो इसे जबरन लागू क्यों किया जा रहा है।



तीनों पार्षदों ने बताया कि मनीमाजरा में इस प्रोजेक्ट को पायलट के रूप में शुरू किया गया था, लेकिन न तो 24 घंटे पानी मिला और न ही साफ पानी। उल्टा, गंदा पानी, टूटी सड़कों और गड्ढों की मार झेलनी पड़ी। प्रेमलता ने कहा कि लोगों को आरो वॉटर का वादा किया गया था, मिला कीड़े वाला गंदा पानी।

बंटी ने जानकारी दी कि यह 540 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट है, जिसमें नगर निगम ने 48 मिलियन यूरो का कर्ज लिया है, जो 15 साल में चुकाना है। यूरो का बढ़ता रेट भी चिंताजनक है। इसके अलावा, हर साल पानी के बिलों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी पहले से की जा रही है।

तरुणा मेहता ने कहा कि मनीमाजरा में यह योजना फेल हो चुकी है और जनता की इच्छा के विरुद्ध इसे पूरे शहर में लागू करना सरासर गलत है।

## देश-विदेश

# जुबिन गर्ग मौत केस में दो और गिरफ्तार सिंगापुर ने भारत को सौंपी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

**एजेंसी, सिंगापुर**



मशहूर गायक जुबिन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में मौत मामले की जांच जारी है। सिंगापुर पुलिस फोर्स ने गर्ग की ऑटोप्सी रिपोर्ट की कॉपी और उनकी मृत्यु के संबंध में शुरुआती जांच के नतीजे भारतीय उच्चायोग को सौंप दिए हैं।

सूत्रों ने बताया कि सिंगापुर पुलिस ने जुबिन की पत्नी गरिना गर्ग से भी बात की। उनकी ऑटोप्सी रिपोर्ट से पता चला कि उनकी मृत्यु सिंगापुर के एक द्वीप के पास तैराकी के दौरान डूबने से हुई, न कि स्कूबा डाइविंग के दौरान। हालांकि, एसपीएफ ने कहा कि जुबिन की मृत्यु के मानले की पुलिस जांच अभी भी जारी है। इसने जनता से अपील की कि गायक के प्रति सम्मान के लिए इस दुखद घटना से संबंधित कोई भी वीडियो या तस्वीरें साझा न करें।

सिंगापुर पुलिस फोर्स ने पहले बॉलीवुड गायक की मृत्यु में किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया था। इस बीच, असम पुलिस ने जुबिन गर्ग की मौत के मामले में संगीतकार शखरज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय मौके पर मौजूद गर्ग के संगीतकार गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और फिर अरेस्ट कर लिया गया। एक अधिकारी ने कहा कि हमें उनके खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं, इसलिए पूछताछ के लिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी थी।% इसके साथ ही मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमें गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और नहोत्सव के आयोजक श्यामकानु नहंत भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमरावती में लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर पुलिस का शिकंजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के ठिकानों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग भी हुई। कार्रवाई के बाद 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्र में तनाव का माहौल है, लेकिन पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। अमरावती में पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस ने दबिश दी, जिसके दौरान गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने न सिर्फ हालात पर काबू पाया, बल्कि 13 अपराधियों को मौके से गिरफ्तार भी कर लिया। (अनंत ज्ञान)

# उद्धव ठाकरे बोले-पाकिस्तान जाने पर वांगचुक देशद्रोही, फिर मोदी क्या?

**एजेंसी, मुंबई**



शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार की आलोचना की। दादर वेस्ट में दशहरा मेला में ठाकरे ने कहा कि देश में अधिकारों और न्याय के लिए लड़ना अब देशद्रोह हो गया है।

ठाकरे ने कहा कि वांगचुक देशद्रोही नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनपर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। अगर वांगचुक को इसके लिए गिरफ्तार किया जा सकता है, तो नवाज शरीफ से मिलने मोदी जी के जाने के बारे में आप क्या कहेंगे? पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि वांगचुक का देश के लिए बड़ा योगदान है। उन्होंने लद्दाख में सेना के जवानों के लिए सोलर हीटेड टेंट बनाए। पानी के लिए आइस स्तूप टेक्नोलॉजी विकसित की। अब उन्होंने लद्दाख के लिए आंदोलन शुरू किया, तो सरकार मानने को तैयार नहीं थी।

दरअसल, सोनम वांगचुक को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 26 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत आरोप लगाए गए और उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। 24 सितंबर को हुए प्रदर्शन में 4 लोगों की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# सीएम स्टालिन को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, भाजपा कार्यालय, राजभवन और फिल्म अभिनेत्री त्रीशा कृष्णन के घर को उड़ाने की धमकी मिली है। इसके पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि चेन्नई के तेयनाम्पेट इलाके में त्रिशा के आवास पर बम की धमकी की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही फौरन पुलिस खोजी कुत्तों के साथ फिल्म अभिनेत्री के घर की तलाशी ली। हालांकि, जांच में किसी प्रकार के विस्फोटक के मिलने की खबर नहीं है। इस प्रकार तमिलनाडु के राज्यपाल के आवास राभवन को इसी तरह की धमकियां मिलीं। वहीं, गणेश नाम के कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है। जुलाई में भी स्टालिन के चेन्नई स्थित आवास पर भी इसी तरह की बम की धमकी मिली थी। (अनंत ज्ञान)



# 700 रुपए सस्ता हुआ सोना, चांदी भी पड़ी फीकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लगातार तीन दिनों तक रिकॉर्ड हाई पर पहुंचने के बाद शुक्रवार, 3 अक्तूबर को सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर की एक्सपायरी वाला फ्यूचर गोल्ड सुबह के कारोबार में 722 रुपए या 0.61 प्रतिशत कमजोर होकर 116866 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान दिसंबर की एक्सपायरी वाली चांदी 2220 रुपये या 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 142500 रुपए प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी। वहीं 0247 जीएमटी तक स्पॉट गोल्ड 3,851.99 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। इससे पहले गुरुवार को यह 3,896.49 डॉलर के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया था। इस सप्ताह सोने की कीमत में 2.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बीते कारोबारी सत्र में सोना-चांदी ने बढ़त के साथ कारोबार की समाप्ति की थी, जबकि इंटरनेशनल मार्केट में गिरावट के साथ बंद हुए थे। (अनंत ज्ञान)

# बाराटांग में फिर फटा मिट्टी का ज्वालामुखी

**एजेंसी, पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बाराटांग में स्थित भारत का एकमात्र मिट्टी का ज्वालामुखी दो दशकों के बाद फिर से सक्रिय हो गया है। यह ज्वालामुखी दो अक्तूबर को तेज धमाके के साथ फटा, जिसकी आवाज कर्णभेदी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, बाराटांग के जारवा क्रीक क्षेत्र में दोपहर करीब 1:30 बजे विस्फोट की सूचना मिली। इतना बड़ा धमाका इससे पहले 2005 में हुआ था। ज्वालामुखी की सक्रियता का कारण धरती के भीतर सड़ रहे जैविक पदार्थों से बनने वाली गैसें हैं, जो मिट्टी को सतह तक धकेलती हैं। बाराटांग, पोर्ट ब्लेयर से 150 किमी दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, और यह अनोखा भूवैज्ञानिक आकर्षण वहां की पहचान है।

# 8 अक्तूबर को एयर फोर्स डे पर हिंडन एयरबेस पर परेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना के 92वां स्थापना दिवस को इस साल 8 अक्तूबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस खास दिन पर हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भव्य परेड, फ्लाईपास्ट, प्रदर्शन और कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीन साल बाद हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा। एयर चीफ़ मार्शल एपी सिंह परेड की सलामी लेंगे।

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), थलसेना प्रमुख (सीओएएस), नौसेना प्रमुख (सीएनएस) और वायुसेना के पूर्व प्रमुख भी मौजूद रहेंगे। एमआई-171 (वी) हेलिकॉप्टर ध्वज फ्लाईपास्ट करेगा, जिसमें भारतीय तिरंगा, वायुसेना का ध्वज और ऑपरेशन सिंदूर का झंडा लहराया जाएगा। परेड में एयरक्राफ्ट का स्थैतिक प्रदर्शन भी शामिल होगा। कार्यक्रम में एयर वॉरियर ड्रिल टीम का खास प्रदर्शन होगा। सब्रतो टीम के 18 एयर वॉरियर्स राइफल ड्रिल दिखाकर दर्शकों को रोमांचित करेंगे। हेरिटेज फ्लाइट के तहत हार्वर्ड और हिंदुस्तान ट्रेनर विमान आसमान में करतब दिखाएंगे। साथ ही, इनोवेशन सेल में 18 नए इनोवेशन प्रदर्शित किए जाएंगे, जो वायुसेना की आत्मनिर्भरता और भविष्य की सोच को दर्शाएंगे। 'वॉक थ्रू' के जरिए पिछले एक साल की उपलब्धियों और घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। वायुसेना दिवस का यह आयोजन परंपरा, ताकत और आधुनिक सोच का बेहतरीन संगम होगा। 2022 से यह आयोजन चंडीगढ़, 2023 में प्रयागराज और 2024 में चेन्नई सहित कई जगहों पर आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सेना और नौसेना भी देश भर में अपने-अपने कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस ने पाकिस्तान को निशाना बनाने वाले सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' को लॉन्च करने में अहम भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने ऊर्जा ठिकानों पर देर रात 381 ड्रोन और दागीं 35 मिसाइलें : यूक्रेन एयरफोर्स

**एजेंसी, यूक्रेन**

रूस और यूक्रेन एक-दूसरे पर जमकर ड्रोन और मिसाइल हमले कर रहे हैं। दोनों तरफ से बराबर मिसाइल हमलों की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। हाल ही में रूस ने यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला किया।

अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी के मुताबिक, रूस ने पूर्वी यूक्रेन के खार्कीव और पोल्टावा क्षेत्रों में ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर 381 ड्रोन और 35 मिसाइलें दागी हैं, जहां यूक्रेनी गैस उत्पादन की मुख्य सुविधाएं मौजूद हैं। हालांकि, समय रहते यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया, लेकिन कितना नुकसान अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले, यूक्रेन के परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक ड्रोन हमले के बाद उत्तरी यूक्रेन में 1986 के चेर्नोबिल परमाणु आपदा स्थल की बिजली आपूर्ति तीन घंटे से अधिक समय तक बाधित रही थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार देर रात कहा था कि रूस जान-बूझकर विकिरण का खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था और उसके प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी की आलोचना करते हुए कहा था कि उन्होंने इस खतरे के प्रति कमजोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

# आर्मी चीफ की पाक को चेतावनी इस बार नक्शे से मिटा देंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है कि वो आतंकवाद का समर्थन बंद कर दे नहीं तो अपनी भौगोलिक उपस्थिति गंवा देगा। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि अगर पाकिस्तान को नक्शे पर अपनी जगह बनाए रखनी है, तो उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद बंद करना होगा।

राजस्थान के अनूपगढ़ में बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि एक देश के रूप में भारत पूरी तरह से तैयार है। इस बार हम ऑपरेशन सिंदूर 1.0 जैसा संयम नहीं रखेंगे। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि वो भूगोल में रहना चाहता है या नहीं। अगर पाकिस्तान भूगोल में रहना चाहता है, तो उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद रोकना होगा। उन्होंने जवानों से तैयार रहने को भी कहा। सेना प्रमुख ने कहा कि अगर ईश्वर ने चाहा तो आपको जल्द ही मौका मिलेगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों की मौजूदगी के सबूत दिए थे। उन्होंने कहा कि अगर भारत ये सबूत उजागर न करता, तो पाकिस्तान ये सब छिपा लेता। (अनंत ज्ञान)

## रुख

# पीओके में ज्यादती पर भारत का जोरदार हमला

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघन के लिए ठहराया जाए जिम्मेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और पाकिस्तानी बलों की बर्बरता पर कड़ा रुख अपनाया है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का दमनकारी रवैया और अवैध कब्जा ही इन हालात की जड़ है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीओके के कई इलाकों से विरोध प्रदर्शनों और आम नागरिकों पर पाकिस्तानी फौज की ज्यादती की खबरें आई हैं। यह सब पाकिस्तान की नीतियों का नतीजा है, जहां वह स्थानीय संसाधनों का शोषण करता है और जनता पर अत्याचार करता है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को इन गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि पीओके पर पाकिस्तान का कब्जा पूरी तरह जबरन और गैरकानूनी है और वहां लोगों की आवाज को दबाने की उसकी कोशिश दुनिया के सामने उजागर हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश सरकार के आरोपों पर भारत का पलटवार

**विदेश** मंत्रालय ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जाहंगीर आलम चौधरी के बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया है। मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है और अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए बार-बार दूसरों पर ठीकरा फोड़ती है। जैसवाल ने साफ कहा कि ढाका सरकार को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे और गंभीरता से जांच कराए कि किस तरह स्थानीय उग्रवादी चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले, आगजनी और जमीन कब्जाने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। भारत ने दोहराया कि वह इन झूठे आरोपों को पूरी तरह खारिज करता है और चाहता है कि बांग्लादेश पहले अपने भीतर झांके।

# सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा, निफ्टी 24850 के ऊपर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**



कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन बाजार बढ़त पर बंद हुआ। मिडकैप-स्मॉलकैप शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिला। निफ्टी बैंक इंडेक्स लगातार चौथे दिन बढ़त पर बंद हुआ। डिफेंस, मेटल शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। रियल्टी, फार्मा, ऑटो इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 223.86 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 81.207.17 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 57.95 अंक यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 24,894.25 के स्तर पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सेंथिलकुमार, चोटरानी चार्लोट्सविले ओपन के क्वार्टर फाइनल से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'चार्लोट्सविले ओपन' स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को वीरवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। सेंथिलकुमार और चोटरानी अब अभय सिंह और रमित टंडन के साथ रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'ओपन स्क्वैश क्लासिक' में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### सीडब्ल्यूआई की विशेष समिति ने वेस्टइंडीज क्रिकेट में सुधार की बनाई योजना

**एजेंसी, सेंट जोंस (एंटीगा)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की विशेष समिति ने लगातार निराशाजनक परिणामों के बाद कैरेबियाई द्वीपों में खेल की व्यवस्था में सुधार के लिए 'तत्काल और दीर्घकालिक' सुधार उपायों की एक सीरीज की घोषणा की है। सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट रणनीति और अंपायरिंग समिति में ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे पूर्व दिग्गज शामिल हैं। इस समिति ने खेल के समग्र विकास के लिए प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है। समिति ने वेस्टइंडीज क्रिकेट की स्थिति को प्रभावित करने वाली 10 गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनमें क्षेत्रीय टूर्नामेंटों की घटती गुणवत्ता, तकनीकी, रणनीतिक और मानसिक कौशल की कमियां, खराब प्रदर्शन करने वाली फ्रेंचाइजी प्रणाली, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में कमी, विशेषज्ञ कोचिंग सहायता का अभाव, आईसीसी राजस्व में सीमित हिस्सेदारी और अन्य वित्तीय बाधा, खिलाड़ियों के विकास के कम मौके और फिटनेस से जुड़ी समस्याएं शामिल है। इस समिति का गठन इस साल की शुरुआत में किंग्स्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के 27 रनों पर ऑल आउट होने के बाद किया गया था। सीडब्ल्यूआई ने कहा, '' बैठक के दौरान और उसके बाद के सप्ताहों में कई दौर की चर्चा के बाद समिति ने इन कमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अल्पकालिक और मध्यम से दीर्घकालिक कार्रवाई की योजना और उद्देश्यों की एक सूची तैयार की। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉल वर्ल्ड कप-2026 का आधिकारिक मैच बॉल 'ट्रियोन्डा' लॉन्च

**एजेंसी, ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल 'ट्रियोन्डा' का अनावरण कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में आयोजित होगा और किक-ऑफ में अब केवल नौ महीने का समय बाकी है। फीफा और एडिडास ने मिलकर इस ऐतिहासिक बॉल को तैयार किया है, जो पहली बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हो रहे विश्व कप की एकता और जुनून को दर्शाती है। ट्रियोन्डा नाम का अर्थ स्पेनिश भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है 'तीन लहरें'। यह नाम उन तीन मेजबान देशों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका को मिलाकर इस वर्ल्ड कप की मेजबानी के जश्न को दर्शाता है। फीफा ने कहा कि यह बॉल सिर्फ एक खेल उपकरण नहीं, बल्कि तीनों राष्ट्रों की साझी ताकत और फुटबॉल प्रेम का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### डारिया कसाटकिना का बेहतरीन अंदाज

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



**टेस्ट मैच: दूसरा दिन** भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

# जुरेल, जडेजा व राहुल ने लगाए शतक

**एजेंसी, अहमदाबाद**

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे। चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं, शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। (अनंत ज्ञान)





शतक लगाने के बाद खुशी व्यक्त करते रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल।

## संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मेरा ध्यान मानसिक मजबूती पर : दीपिका कुमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चार बार की ओलंपियन तीरंदाज दीपिका कुमारी ने संन्यास की योजनाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व के लक्ष्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के समय दीपिका की उम्र 34 साल हो जाएगी।

उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि यह ओलंपिक में उनके लिए आखिरी मौका होगा ऐसे में उनकी मानसिकता 'करो या मरो' की होगी। दीपिका ने यहां तीरंदाजी प्रीमियर लीग के शुरुआती दिन से कहा, ''यह मेरे करियर का अंतिम चरण नहीं है। मैंने अभी इस बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है।''

दीपिका ने बताया कि उनकी मौजूदा ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस अनुभवी तीरंदाज ने कहा, ''मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे पहले भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अक्सर मानसिक रूप से परेशानी होती रही है, जिसकी वजह से परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आते थे।''

उन्होंने कहा, ''मैं विभिन्न तरह की परिस्थितियों को मन में सोच कर अभ्यास कर रही हूं, मानसिक प्रशिक्षण ले रहा हूं। मैं हर समय इस खेल के बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।'' दीपिका ने ओलंपिक खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी को शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत की पदक की संभावनाएं काफी बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं क्योंकि कंपाउंड तीरंदाजी अब ओलंपिक का हिस्सा है। हर कोई सोच रहा था कि यह कब होगा और आखिरकार हो ही गया। कई टूर्नामेंटों में हमारे पदकों की संख्या पहले ही बढ़ चुकी है और हमारी कंपाउंड टीम बहुत मजबूत है।'' (अनंत ज्ञान)

## नाडा ने वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल का अस्थायी निलंबन हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल कुमार को अस्थायी, लेकिन बड़ी राहत देते हुए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने डोप जांच में विफल होने के कारण उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है।

पैनल ने कहा कि यह उल्लंघन संभवतः डोपिंग पदार्थ से दूषित किसी उत्पाद के सेवन के कारण हुआ है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एडीडीपी द्वारा एक अक्तूबर को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार अब साहिल कुमार वीरवार से शुरू हुई 'प्राइम वॉलीबॉल लीग' के चौथे सत्र में कालीकट हीरोज के खिलाफ हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए खेल सकते हैं। साहिल के नमूने इस साल 14 मई को बेंगलुरु में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए थे जिसमें जीडब्ल्यू 1516 (कार्डारिन), सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड ओक्सांड्रोलोन के अलावा अन्य पदार्थ पाए गए जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों में शामिल हैं। साहिल पर 12 जून को अस्थायी निलंबन लगाया गया था। उन्होंने इस मामले में अस्थायी सुनवाई का अनुरोध किया था। सुनवाई के दौरान साहिल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में हिस्सा लेने के लिए तत्काल राहत की मांग की। वह अपने वकील पार्थ गोस्वामी के साथ उपस्थित थे।

**साहिल पर 12 जून को लगाया अस्थायी निलंबन**

इस खिलाड़ी ने वाडा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला (एनडीटीएल में अपने सप्लीमेंट की जांच कराई जिसके बाद एडीडीपी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, ''उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनने के बाद पैनल इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि यह उल्लंघन संभवतः दूषित उत्पाद के सेवन से हुआ है जो वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से स्पष्ट है।'' (अनंत ज्ञान)

## विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई चानू ने जीता रजत पदक

**एजेंसी, फोर्डे (नॉर्वे)**



स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में उनका शानदार रिकॉर्ड और मजबूत हो गया, जहां वह पहले भी दो बार पदक जीत चुकी हैं। चानू 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता हैं, उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया पिछली बार उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में 115 किग्रा भार उठाया था, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 213 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक और थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोन ने 198 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता है। (अनंत ज्ञान)

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

### एरेल मिडलटन ने अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अमेरिका की 17 वर्षीय एरेल मिडलटन ने शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में चीन की अनुभवी याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 12.95 मीटर की शानदार थ्रो के साथ मिडलटन ने मुकाबले में बढ़त बनाई, जबकि याओ का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 12.52 मीटर रहा। छह बार की पैरालंपिक चैंपियन 44 वर्षीय याओ ने अंतिम प्रयास में पूरी ताकत लगाई, लेकिन मिडलटन का पिछला प्रयास निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से अमेरिका पदक तालिका में भारत से आगे निकल सातवें स्थान पर पहुंच गया। भारत की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने 100 मीटर 12 सेमीफाइनल में 12.08 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। ब्राजील 12 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि चीन और पोलैंड के बीच कड़ा मुकाबला जारी है। पोलैंड की फॉस्टिना कोटलोवस्का ने 10.88 मीटर की थ्रो के साथ नया रिकॉर्ड बनाया।

## भुल्लर जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, जकार्ता**



भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल शुक्रवार को दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है।

37 साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने शुक्रवार को सुबह अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं। अब वह इस देश में अपनी छठी जीत की तलाश में हैं। अन्य भारतीयों में एस. चिक्कारंगप्पा ने पहले राउंड में 69 और दूसरे में 67 का स्कोर किया। वह संयुक्त 26वें स्थान पर है। राहिल गंगजी, खालिन जोशी, विराज मडप्पा , करणदीप कोचर और अजीतेश संधू , एसएसपी चौरसिया और युवराज संधू का दूसरे दौर का खेल खत्म नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### रोमा ने 3 बार गंवाई पेनल्टी लिली ने 1-0 से हराया

**एजेंसी, रोम।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए, जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिए गए, लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है। अन्य मैचों में ब्रागा ने सेल्टिक और रीयाल बेटिस ने लुडोगोरेट्स को एक समान 2-0 से हराया।केरेम अकतुर्कोग्लू के दो गोल की मदद से फेनरबाचे ने नीस पर 2-1 से जीत दर्ज की। गो अहेड ईगल्स ने इसी अंतर से पैनाथिनाइकोस को हराया। टीम के लिए दोनों गोल मिलान स्मिट ने किये। चेक रिपब्लिक क्लब विक्टोरिया प्लजेन ने स्वीडिश क्लब माल्मो पर 3-0 से अपनी पहली जीत दर्ज की।

## भारत 'ए' महिला हॉकी टीम पांच मैचों के लिए चीन का करेगी दौरा



**भारत 'ए' टीम**

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो।
**डिफेंडर:** मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग।
**मिडफील्डर:** सुजाता कुजूर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजूर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दीपी मोनिका टोप्पो।
**फॉरवर्ड:** अलबेला रानी टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नू, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपडकर, सेलेस्टिना होरो।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन के दौरे पर 13 से 21 अक्तूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी।

ये सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा भारतीय महिला हॉकी के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर टीम 13, 15, 17, 19 और 21 अक्तूबर को लियाओनिंग टीम को चुनौती देगी। इस दौरे का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में खुद को परखने और नयी चुनौतियों के लिए तैयार करने का मौका देना है। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान टीम की कमान संभालेंगी, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनार्स इस दौरे के लिए मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। स्मोलेनार्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''हमने एक मजबूत और युवा टीम तैयार की है जिसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं। चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने नए माहौल में सीखने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का शानदार मौका देगी।'' (अनंत ज्ञान)

## 'आजाद कश्मीर' बयान पर सना मीर ने दी सफाई, सोशल मीडिया पर मचा है बवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईसीसी महिला विश्व कप 2025 गुरुवार को विवादों में घिर गया, जब कमेंट्री के दौरान पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर सना मीर ने 'आजाद कश्मीर' का जिक्र किया. सना मीर के इस बयान के बाद हंगामा मचा है. सोशल मीडिया पर सना मीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। विवाद बढ़ने के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने माफी नहीं मांगी, उलटे उन्होंने लोगों को नसीहत दे डाली।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच पहले मैच के दौरान सना मीर ने बल्लेबाज नतालिया के क्रिकेटिंग बैकग्राउंड का जिक्र करते हुए कहा, वह एक बेहद युवा टीम की कप्तानी कर रही हैं, हां, उन्होंने क्वालीफायर जीते हैं, लेकिन इनमें से कई खिलाड़ी नई हैं, नतालिया, जो कश्मीर, आजाद कश्मीर से आती हैं, लाहौर में काफी क्रिकेट खेलती हैं, उन्हें अपना ज्यादातर क्रिकेट लाहौर में ही खेलना पड़ता है। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और कमेंटेटर सना मीर को 'आजाद कश्मीर' वाले एक ऑन-एयर बयान के लिए कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आने लगीं। भारतीय प्रशंसकों ने आईसीसी और बीसीसीआई को टैग करते हुए प्रसारण का कथित रूप से राजनीतिकरण करने के लिए उन्हें हटाने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

**सना मीर ने नहीं मांगी माफी**

**सना** मीर ने एक्स पर तीन पैराग्राफ का स्पष्टीकरण पोस्ट किया, जिसमें जोर देकर कहा गया कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर लिया गया था। उन्होंने लिखा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कैसे चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है और खेलों से जुड़े लोगों पर अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है, यह दुखद है कि इसके लिए सार्वजनिक स्तर पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

**आईसीसी महिला विश्व कप** श्रीलंका के सामने घरेलू सरजमीं पर चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगी श्रीलंका की 'शेरनियां'

**एजेंसी, कोलंबो**





श्रीलंका की टीम आईसीसी महिला विश्व कप के अपने दूसरे मैच में शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाकर बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण की समस्याएं दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत के खिलाफ पहले मुकाबले में श्रीलंका ने प्रभावी गेंदबाजी की, लेकिन लचर क्षेत्ररक्षण और लापरवाही से विकेट गंवाने का खामियाजा भुगता। नौ बल्लेबाजों के दहाई तक पहुंचने के बावजूद टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। अब कप्तान चमारी अटापट्टू की अगुवाई में टीम को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की चुनौती से जूझना होगा, जिसने न्यूजीलैंड को हराकर जोरदार आगाज किया है।

ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती झटकों के बाद एश्ले गार्डनर की शतकीय पारी और किम गार्थ की उपयोगी भूमिका से 326 रन बनाए। उनके पास एलिसा हीली, बेथ मूनी और फोबे लिचफील्ड जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में एनेबेल सदरलैंड ने एक ओवर में तीन विकेट लेकर सनसनी फैलाई, जबकि अलाना किंग और सोफी मोलिनक्स ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया। एलिस पेरी, मेगन शट और ताहलिया मैक्ग्रा जैसे अनुभवी गेंदबाज भी टीम को मजबूती देते हैं। श्रीलंका के लिए यह मुकाबला बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। उसे जीत के लिए तीनों विभागों में अनुशासित और निरंतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले संस्करण (2022) में क्वालिफाई न कर पाने के बाद श्रीलंका इस बार घरेलू मैदानों पर अपनी छाप छोड़ने को बेताब है।

अटापट्टू टीम की बल्लेबाज़ी की रीढ़ हैं। 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 178 रन की ऐतिहासिक पारी खेलने वाली अटापट्टू से फिर वैसी ही उम्मीदें हैं। युवा खिलाड़ी हर्षिता समरविक्रमा, विष्मी गुणारत्ना और कविशा दिलहारी ने हालिया मैचों में बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के खिलाफ मध्यक्रम का ढहना चिंता का विषय रहा। गेंदबाजी में इनोका राणवीरा और उदेशिका प्रबोधनी प्रभावी रहीं, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान, विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणवीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।